वर्ष : 17 अंक : 245 लखनऊ रविवार, 14 सितंबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

www.vishwavarta.com

# विश्ववार्ता

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

मौसम

सूर्योदय : 5:46
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम : 31:00°
न्यूनतम : 26:00°

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड

मूल्य ₹4

नगर संस्करण **



'गेरुआ' गाने पर खर्च हुए थे 7 करोड़ 10

आंदोलन के 290 दिन पूरा होने पर प्रदेश भर में जोरदार विरोध प्रदर्शन 2 | पंख लगाकर उड़ी हिन्दी 6 | नारी सशक्तिकरण की नजीर सुशीला कार्की 12

## मणिपुर के सभी संगठन शांति की राह पर लौटें

### पीएम मोदी ने कुतुबमीनार से ऊंचे रेलवे ब्रिज का किया उद्घाटन

एजेंसी

**इम्फाल/आईजोल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मिजोरम की पहली रेल लाइन बैराबी-सायरंग का उद्घाटन किया। 51 किमी लंबी बैराबी-सायरंग रेलवे लाइन के जरिए मिजोरम की दिल्ली, गुवाहाटी और कोलकाता से सीधी रेल कनेक्टिविटी हो गई है। इस रेलवे रूट में 45 सुरंग, 88 छोटे और 55 बड़े ब्रिज हैं। इसके अलावा 114 मीटर ऊंचा देश का दूसरा पियर ब्रिज भी है, जो कुतुब मिनार (72 मीटर) से भी ऊंचा है। पीएम ने कहा, 'लंबे समय से हमारे देश की कुछ राजनीतिक पार्टियां वोट बैंक पॉलिटिक्स कर रही हैं। जिन्होंने मिजोरम को अनदेखा किया, लेकिन आज मिजोरम फ्रंटलाइन में हैं।' दरअसल, पीएम मोदी दो दिन के नॉर्थ ईस्ट दौरे पर हैं। वे सुबह मिजोरम के आईजोल पहुंचे, यहां लेंगपुई एयरपोर्ट से 9000 करोड़ के प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया।

इसके बाद पीएम मणिपुर गए। वहां चुराचांदपुर और इंफाल में 8,500 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। चुराचांदपुर में पीएम ने कहा- मैं सभी संगठनों से शांति के रास्ते पर आगे बढ़ने की अपील करता हूं। मैं वादा करता हूं, मैं आपके साथ हूं। शाम करीब 6 बजे पीएम असम के गुवाहाटी पहुंचे। वहां भूपेन हजारिका जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने गुवाहाटी में रोड शो किया और कार से लोगों का अ भि वा द न किया। पीएम मोदी रात में स्टेट गेस्ट हाउस में आराम करेंगे। रविवार को, दरांग जिले से 19,000 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन करेंगे।



मिजोरम रेलवे से नयी दिल्ली से जुड़ा

पीएम ने कहा कि आज से आइजोल भी देश के रेलवे मैप पर होगा। मुझे यह अवसर मिला कि मैं रेलवे लाइन का उद्घाटन कर सकूं। कई चुनौतियों से उबरते हुए यह रेल लाइन का सपना सच हो सका है। हमारे इंजीनियर की योग्यता ने इसे साकार किया। मिजोरम प्रतिभाशाली युवाओं से भरपूर है और हमारा काम उन्हें सशक्त बनाना है। हमारी सरकार यहां पहले ही 11 ए क ल व्य आवासीय स्कूल बना चुकी है। 6 और विद्यालयों पर काम शुरू होने वाला है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि इस क्षेत्र में लगभग 4500 स्टार्टअप और 25 इनक्यूबेटर काम कर रहे हैं। मिजोरम को हवाई यात्रा के लिए उड़ान योजना का भी लाभ मिलेगा। जल्द ही यहां हेलिकॉप्टर सेवाएं शुरू होंगी, जिससे मिजोरम के दूरदराज के इलाकों तक पहुंच आसान हो जाएगी। हमारे दिल हमेशा से एक-दूसरे से जुड़े रहे हैं। अब पहली बार मिजोरम का सायरंग, राजधानी एक्सप्रेस के जरिए दिल्ली से सीधे जुड़ जाएगा। यह सिर्फ एक रेल कनेक्टिविटी नहीं है, यह बदलाव की जीवनरेखा है।

पीएम मोदी शनिवार को मणिपुर के चुराचांदपुर और इंफाल भी पहुंचे। उन्होंने चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ औ इंफाल में 1,200 करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। मणिपुर में मई, 2023 में हिंसा भड़कने के बाद पीएम मोदी का यह पहला दौरा है।

प्रधानमंत्री ने इंफाल में कहा- मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। हमें राज्य को शांति और विकास के रास्ते पर लेकर जाना है। पीएम चुराचांदपुर में हिंसा पीड़ितों से मिलने रिलीफ कैंप गए। इंफाल में कार्यक्रम स्थल पर हिंसा पीड़ितों से बात की। चुराचांदपुर कुकी बहुल पहाड़ी इलाका है। इंफाल घाटी इलाका है और मैतेई समुदाय का गढ़ है। पिछले दो साल से, दोनों समुदायों की एक-दूसरे के इलाकों में आवाजाही बंद है।

पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर, मां भारती के मुकुट पर सजा मुकुट रत्न है। हमें मणिपुर की विकासवादी छवि को लगातार मजबूत करना है। मणिपुर में किसी भी तरह की हिंसा दुर्भाग्यपूर्ण है। ये हिंसा हमारे पूर्वजों और हमारी भावी पीढ़ी के साथ भी बहुत बड़ा अन्याय है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में सामर्थ्य की कोई कमी नहीं है।

## काम की गति से दो कदम आगे चलें

### सीएम योगी डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में हुए शामिल

विश्ववार्ता ब्यूरो

**लखनऊ।** हमारे जीवन की तीन स्थितियां होती हैं, जिसमें पहली प्रवृत्ति, दूसरी विकृति और तीसरी संस्कृति होती है। इसमें स्थिति का यथारूप रहना प्रवृत्ति है। इंसान परिवर्तन तो चाहता है, लेकिन परिवर्तन करने के लिए अपने आपको तैयार करने में हिचकता है। वहीं अगर कोई संस्थान या इंसान लगातार गिरावट की ओर जाता है तो यह विकृति होती है। इसी कड़ी में अगर एक व्यक्ति निर्णय लेता है। उसका निर्णय व्यापक जनहित और राष्ट्रहित में है, तो उसका निर्णय संस्कृति है। इसी संस्कृति का एक बेहतरीन उदाहरण डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान है। संस्थान ने महज 19 वर्षों में 20 बेड से बढ़कर 1,375 बेड का विस्तार किया है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में कही। इस दौरान सीएम योगी ने 298 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश और व्यक्ति की गति काल की गति है। हमें काल की गति से दो कदम आगे चलने के लिए तैयार रहना चाहिये।



डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान के स्थापना दिवस पर प्रशस्ति पत्र देते सीएम योगी। साथ मौजूद है डिप्टी सीएम बृजेश पाठक।

**सीएम ने समारोह में 298 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास**

उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति, समाज या देश काल की गति को पहचान नहीं पाता है, वह काल की चपेट में स्वयं आ जाता है क्योंकि काल की गति तो वही है, जिसके बारे में डॉ. श्याम नारायण पांडेय ने कहा था कि ये महाकाल का आसन है, इस पर किसी का शासन नहीं होता है। यदि कोई यह मन में बैठा ले कि मैं समय की गति को अवरुद्ध कर दूंगा, तो यह उसकी गलतफहमी होगी। ऐसे में हमें काल की गति से दो कदम आगे चलना होगा। अगर हम इस गति से चलेंगे तो प्रगति करेंगे, अगर नहीं चल पा रहे हैं, हम अपने को केवल समय के अनुरूप लेकर के जा रहे हैं, तो फिर हमें यथास्थितिवादी के रूप में लोग मानेंगे। हम कब आए, कब गए किसी को पता नहीं होगा। वहीं अगर हमारे कारण संस्थान को नुकसान हो रहा है तो मानकर चलिए कि आने वाली पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। काल की गति के मामले में संस्थान ने अच्छी प्रगति हासिल की है। यही वजह है कि संस्थान ने पांच वर्षों में प्रदेश के टॉप तीन चिकित्सा संस्थान में अपना नाम दर्ज कराया है। इसमें पहला केजीएमयू 110 वर्ष की अपनी आयु पूरी कर चुका है, दूसरा एसजीपीजीआई जो लगभग चार दशक पुराना है। वहीं लोहिया संस्थान ने काफी कम समय में एक लंबी छलांग लगाकर, प्रदेश के तीसरे टॉप चिकित्सा संस्थान में अपना नाम दर्ज कराया है। संस्थान की यह उपलब्धि दर्शाती है कि हमारी दिशा और लीडरशिप सही है। हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस दौरान कई भौतिक चुनौतियां आती हैं, लेकिन टीमवर्क होता है, कार्य करने का जज़्बा होता है, तो वह लोगों के मन में एक नए उत्साह का संचार करता है। सीएम योगी ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान टेक्नालॉजी का प्रयोग कर जिस तरह भीड़ को नियंत्रित किया गया, आज भी उसे अपनाकर अस्पतालों और संस्थानों में भीड़ को कम किया जा सकता है।

टेली कंसल्टेशन की सुविधा दूर-दराज के क्षेत्रों में पीएचसी, सीएचसी और डिजिटल अस्पतालों में उपलब्ध कराकर मरीजों की स्क्रीनिंग को सही तरीके से पूरा किया जा सकता है।

## बारिश बनी बाधा तब पीएम मोदी सड़क मार्ग से पहुंचे

एजेंसी

**इम्फाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर पहुंचे। इस दौरान पीएम मोदी के दृढ़निश्चय की झलक भी देखने को मिली। असल में जब पीएम मोदी का विमान इंफाल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ तो वहां भारी बारिश हो रही थी। मौसम इतना ज्यादा खराब था कि चूड़ाचांदपुर के लिए हेलीकॉप्टर की उड़ान रद्द करनी पड़ी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने तय किया कि वह सड़क के रास्ते चूड़ाचांदपुर जाएंगे। पीएम मोदी का कहना था कि उन्हें लोगों से मिलना है और बात करनी है। इसमें मौसम बाधा नहीं बन सकता। बता दें कि इंफाल से चूड़ाचांदपुर की दूरी सड़क के रास्ते करीब डेढ़ घंटे की है।

बता दें कि प्रधानमंत्री के मणिपुर दौरे से पहले राज्य में भारी बारिश हुई। इंफाल के कांगला किले के कुछ हिस्सों में घुटनों तक पानी भर गया, जहां मोदी को एक जनसभा को संबोधित करना निर्धारित है। चूड़ाचांदपुर कस्बे में भी भारी बारिश हुई। हालांकि प्रधानमंत्री तय कार्यक्रम के मुताबिक लोगों से मिलने पहुंचे। प्रधानमंत्री ने चूड़ाचांदपुर के पीस ग्राउंड में आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों से मुलाकात की।



» मणिपुर में विस्थापित व्यक्तियों से की मुलाकात

## वोटर लिस्ट बनाना, बदलना सिर्फ हमारा काम

### चुनाव आयोग ने कहा- सुप्रीम कोर्ट का निर्देश देना हमारे काम में दखल

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा- पूरे देश में समय-समय पर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कराना उसका विशेषाधिकार है। कोर्ट इसका निर्देश देगी तो ये अधिकार में दखल होगा। आयोग ने कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार वोटर लिस्ट बनाना और उसमें समय-समय पर बदलाव करना सिर्फ चुनाव आयोग का अधिकार है। यह काम न किसी और संस्था और न ही अदालत को दिया जा सकता। चुनाव आयोग ने कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और वोटर लिस्ट को पारदर्शी रखने के लिए लगातार काम करते हैं। यह हलफनामा





एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर दायर किया गया था। याचिका में मांग की गई थी कि चुनाव आयोग को भारत में विशेष रूप से चुनावों से पहले एसआईआर कराने का निर्देश दिया जाए, ताकि देश की राजनीति और नीति केवल भारतीय नागरिक ही तय करें। ईसी ने 5 जुलाई 2025 को बिहार को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को पत्र भेजकर 1 जनवरी 2026 की पात्रता तिथि के आधार पर एसआईआर की तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया था।

चुनाव आयोग ने कहा कि धारा 21 के मुताबिक, वोटर लिस्ट में बदलाव करने की कोई तय समय सीमा नहीं है। बल्कि ये सामान्य जिम्मेदारी है, जिसे हर आम चुनाव, विधानसभा चुनाव या किसी सीट के खाली होने पर होने वाले उपचुनाव से पहले पूरा करना जरूरी है। नियम 25 से साफ है कि मतदाता सूची में थोड़ा-बहुत या बड़े स्तर पर बदलाव करना है या नहीं, यह पूरी तरह चुनाव आयोग के फैसले पर निर्भर करता है।

मतदाता सूची को सही और भरोसेमंद रखना चुनाव आयोग की कानूनी जिम्मेदारी है। इसलिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत 24 जून 2025 के एसआईआर आदेश के मुताबिक अलग-अलग राज्यों में एसआईआर कराने का फैसला किया है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के अनुसार आयोग को छूट है कि वह तय करे कि कब समरी रिवीजन किया जाए और कब इंटेंसिव रिवीजन।

## सीएम यादव सवार थे, हॉट एयर बैलून में आग लगी

एजेंसी

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश के गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के पास हिंगलाज रिसोर्ट में नाइट हाल्ट के बाद शनिवार सुबह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हॉट बैलून में सवार हुए, लेकिन हवा की रफ्तार 20 किलोमीटर प्रतिघंटा होने से बैलून नहीं उड़ सका।

इस दौरान उसके निचले हिस्से में आग लग गई, जिसे वहां मौजूद कर्मचारियों ने बुझाया। दूसरी ओर सीएम डॉ. यादव जिस ट्रॉली में सवार थे, उसे सिक्योरिटी गार्ड्स ने संभाले रखा, जिससे डॉ. यादव सुरक्षित हैं।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार शाम को गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट में गांधीसागर फेस्टिवल के चौथे संस्करण की शुरुआत की थी। रात में वे रिट्रीट के पास हिंगलाज रिसोर्ट में ही रुके थे। उन्होंने क्रूज पर सवार होकर चंबल डैम के बैक वाटर एरिया घूमा। शनिवार सुबह वे रिट्रीट पहुंचे। यहां बोटिंग का लुत्फ उठाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता के साथ हॉट एयर बैलून के रोमांचकारी सफर पर निकल रहे थे, लेकिन उस समय हवा की रफ्तार ज्यादा थी।



» मंदसौर में तेज हवा से ट्रॉली झुकी, कपड़ा फायर प्रूफ था

## नेपाल में अगले साल 5 मार्च को होंगे आम चुनाव

### राष्ट्रपति ने बतायी तारीख, सभी पक्षों से की सहयोग करने की अपील

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के लिए अगला चुनाव कराने में सभी पक्षों से सहयोग करने की शनिवार को अपील की। ये चुनाव पांच मार्च को होने हैं। देश में एक सप्ताह तक हिंसक विरोध प्रदर्शन होने और इसके चलते केपी शर्मा ओली के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने तथा सुशीला कार्की के देश की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त होने के बाद यह निर्णय लिया गया। राष्ट्रपति ने एक बयान में सभी से आग्रह किया कि वे लोगों के हितों की रक्षा और आत्म-अनुशासन बनाए रखते हुए समय पर चुनाव कराने के लिए कड़ी मेहनत से अर्जित अवसर का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि एक बहुत ही नाजुक, कठिन और खतरनाक स्थिति से गुजरने के बाद देश के लिए शांतिपूर्ण रास्ता संभव हो पाया।

पौडेल ने कहा कि संविधान और संसदीय प्रणाली सुरक्षित है और संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य अक्षुण्ण है। राष्ट्रपति पौडेल ने बयान में कहा कि लोगों को छह महीने के भीतर प्रतिनिधि सभा के चुनाव कराकर प्रगतिशील लोकतंत्र की राह पर आगे बढ़ने का अवसर मिला है। पौडेल ने शुक्रवार को नवनियुक्त प्रधानमंत्री की सिफारिश पर प्रतिनिधि सभा को भंग करते हुए कहा कि अगला संसदीय चुनाव पांच मार्च को होगा।



पूर्व प्रधान न्यायाधीश कार्की (73) ने शुक्रवार रात देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही, देश में रा ज नी ति क अनिश्चितता का दौर समाप्त हो गया। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच, इस सप्ताह ओली के अचानक इस्तीफे के बाद यह स्थिति पैदा हुई थी। कार्की रविवार को एक छोटा मंत्रिमंडल गठित करेंगी। उनके पास गृह, विदेश और रक्षा सहित 20 से अधिक मंत्रालय होंगे। राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्की पदभार ग्रहण करने के बाद कुछ मंत्रियों को शामिल करते हुए रविवार को मंत्रिपरिषद का गठन करेंगी। सरकारी सूत्रों के अनुसार, विरोध प्रदर्शनों के दौरान सिंह दरबार सचिवालय स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में आग लगा दी गई थी, इसलिए सिंह दरबार परिसर में गृह मंत्रालय के लिए नवनिर्मित भवन को प्रधानमंत्री कार्यालय के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय को वहां स्थानांतरित करने के लिए इमारत के आसपास के इलाकों से राख हटाने और साफ-सफाई का काम चल रहा है। इस बीच, प्रधानमंत्री कार्की ने शनिवार को काठमांडू के बनेश्वर इलाके में सिविल अस्पताल का दौरा किया, जहां प्रदर्शनों के दौरान घायल हुए दर्जनों लोगों का इलाज चल रहा है। नेपाल के प्रमुख राजनीतिक दलों और शीर्ष अधिवक्ता संघ ने राष्ट्रपति के संसद भंग करने के फैसले की कड़ी आलोचना की है।

## पीएम पद छोड़ने वाले ओली पर एफआईआर

**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ शनिवार को राजधानी काठमांडू में एफआईआर दर्ज की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओली पर आरोप है कि 8 सितंबर को जब आंदोलन शुरू हुआ था, तब उन्होंने पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर हमले और ज्यादती का आदेश दिया था।ओली ने भारी दबाव के बीच 9 सितंबर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद से ही वो आर्मी की सुरक्षा में हैं।

वहीं नेपाल की अंतरिम पीएम सुशीला कार्की आज घायल आंदोलनकारियों से मिलने काठमांडू के हॉस्पिटल पहुंची। सुशीला कार्की ने शुक्रवार को ही नेपाल के अंतरिम पीएम पद की शपथ ली है। उन्हें 5 मार्च, 2026 तक संसदीय चुनाव कराने की जिम्मेदारी दी गई है। 6 दिनों की हिंसा के बाद काठमांडू के कई इलाकों से कर्फ्यू हटा दिया गया है।

## बाढ़ वाले पैसे से फिर बनाया जा रहा मरकज

### पाकिस्तान में चल रहा गजब का खेल, भारत ने किया था तबाह

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में गजब का खेल चल रहा है। एक तरफ देश बाढ़ से जूझ रहा है। बाढ़ से देश को उबारने के लिए वह हाथ फैलाकर मदद मांग रहा है। फिर मदद के लिए मिले पैसों को यहां की सरकार आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा को दे रही है। अब लश्कर इन पैसों का इस्तेमाल करके उस मस्जिद को बनवा रहा है जो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तबाह हुई थी। यह मस्जिद लश्कर का मुख्यालय है। इस मस्जिद को पूरी तरह से गिराकर इसकी जगह नई मस्जिद बनाने की तैयारी है।

करीब पांच महीने पहले भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में लश्कर के मुख्यालय को तबाह कर दिया था। इस हमले में इस मस्जिद के तीन अहम हिस्से तबाह हो गए थे। इन हिस्सों में कैडर के रहने, हथियार जुटाने और ट्रेनिंग की सुविधा का इंतजाम था। हमले के बाद केवल इसके अवशेष ही बाकी रह गए थे। जिसे आतंकी संगठन किसी तरह से इस्तेमाल नहीं कर पा रहा था।



जानकारी के मुताबिक 18 अगस्त को मरकज को गिराए जाने की विधिवत प्रक्रिया शुरू हुई। इसके लिए लश्कर ए तैयबा ने पांच जेसीबी मशीनें लगाई गई थीं। इन मशीनों ने तोड़-फोड़ से निकला मलबा हटाया। 4 सितंबर को मरकज की तोड़फोड़ शुरू हो चुकी थी। अब इसे फिर से बनाने की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। गौरतलब है कि मई की शुरुआत में चार दिन के संघर्ष के बाद पाकिस्तानी सरकार ने खुलेआम ऐलान किया था कि वह सभी आतंकी संगठनों की तबाह हुए ठिकानों को सही कराएगा। इस तरह से लश्कर ए तैयबा को मदद की पहली किश्त के रूप में चार करोड़ पाकिस्तानी रुपए 14 अगस्त को मिले थे।

## पीके का भाजपा सांसद जायसवाल को चैलेंजे

**आरा।** बिहार चुनाव की तैयारियों की बीच जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर और बीजेपी नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। पहले बिहार बीजेपी के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के बाद अब उनके निशाने के पर बिहार बीजेपी के पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय जायसवाल आ गए हैं। भोजपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान पीके ने जायसवाल को चैलेंज दे दिया। उन्होने कहा कि 'गीदड़ की जब मौत आती है, तो शहर की चरफ भागता है। इनके बड़े भाई दिलीप जायसवाल भी उछल रहे थे, अब वो भी हाथ जोड़ रहे हैं। ऐसे ही ये भी 4 दिन में ठंडा हो जाएंगे। हाथ तो मार लेने दीजिए, जितना उछलना है, उछल लें। संजय जायसवाल को चैलेंज देते हुए पीके ने कहा कि सात जन्म लगेंगे, अगर वो हमको जेल भिजवाएंगे।

## भारत-पाक मैच देखने दुबई नहीं जाएंगे बीसीसीआई अफसर

### पहलगाम में मारे गए शुभम की पत्नी बोलीं- बॉयकाट करें, केजरीवाल की धमकी- मैच ना दिखायें

विश्ववार्ता ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** एशिया कप में रविवार को दुबई में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद ये पहला मौका है, जब दोनों देशों की टीमें आमने-सामने होंगी। बीसीसीआई टूर्नामेंट का ऑफिशियल होस्ट है, लेकिन बोर्ड के ज्यादातर अधिकारी मैच देखने नहीं जाएंगे। हालांकि बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष राजीव शुक्ला जा सकते हैं, क्योंकि वे एशियन क्रिकेट काउंसिल के मेंबर भी हैं। इधर पहलगाम हमले में मारे गए कानपुर के शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशन्या ने मैच का बायकॉट करने की अपील की है। उन्होंने कहा- मेरी आंखों के सामने पति को गोली मारी गई। 26 लोग मारे गए। ऑपरेशन सिंदूर में कई जवानों की जान गई। इसके बावजूद मैच कराया जा रहा है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने क्लब, पब और रेस्टोरेंट्स को मैच न दिखाने की चेतावनी दी है। शिवसेना यूबीटी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा है कि जब खून और पानी साथ नहीं बह सकते तो मैच क्यों हो रहा है।

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा- पहलगाम में जो हुआ इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वहीं, फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर भारत-पाकिस्तान एशिया कप मुकाबले के प्रसारण को रोकने की अपील की है। शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा, 'भारतीय सैनिक सीमा पर अपनी जान कुर्बान कर रहे हैं, जबकि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देता है, ऐसे में




क्रिकेट मैच खेलना देशभक्ति का मजाक है। मोदी सरकार ने देशभक्ति को व्यापार बना दिया है।'

आप ने भी दिल्ली में भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि क्लब, पब और रेस्टोरेंट्स मैच ना दिखाएं। अगर ऐसा हुआ तो हम प्रदर्शन करेंगे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी इस मैच के होने की जरूरत को लेकर प्रधानमंत्री मोदी से तीखा सवाल पूछा है। उन्होंने पूछा है कि क्या सरकार ने इसे कराने का फैसला भी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में लिया है। इस बारे में पीए मोदी से प्रश्न करते हुए पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'प्रधानमंत्री जी को पाकिस्तान के साथ मैच करवाने की आख़िर क्या ज़रूरत है? सारा देश कह रहा है कि यह मैच नहीं होना चाहिए। फिर ये मैच क्यों करवाया जा रहा है? क्या ये भी ट्रम्प के दबाव में किया जा रहा है? आख़िर ट्रम्प के आगे कितना झुकोगे?' आम आदमी पार्टी के नेताओं ने इस मैच को पहलगाम की विधवाओं के साथ धोखा करार दिया।

हम कहते थे कि व्यापार और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते, पानी और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते, बातचीत और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते। तो क्रिकेट और आतंकवाद साथ-साथ कैसे चल सकते हैं? हमारी अंतरात्मा इस तरह कैसे मर सकती है कि हम पाकिस्तानियों के साथ क्रिकेट खेलने को तैयार हैं ताकि बीसीसीआई और आईसीसी को राजस्व मिले, ताकि प्रसारणकर्ता करोड़ों कमा सकें? यह बहुत शर्मनाक है।' पहलगाम हमले के बाद पीएम मोदी ने सिंधु जल समझौता स्थगित करते हुए कहा था, खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता। उसी तरह कई आप नेताओं ने भी इस मैच का विरोध करते हुए पीएम की तर्ज पर कहा, 'खून और क्रिकेट एक साथ नहीं चलेगा'। यह देश के साथ धोखा है। सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तानी क्रिकेटरों द्वारा शेयर की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट का जिक्र किया।

## मोदी का मणिपुर जाना अच्छा है : राहुल-प्रियंका

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मणिपुर की यात्रा को अच्छा तो बताया लेकिन कहा कि उन्हें दो साल से ज्यादा समय से हिंसा में जल रहे राज्य में शांति के लिए वहां की यात्रा पहले करनी चाहिए थी।

राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री की मणिपुर यात्रा को लेकर पत्रकारों के सवाल पर कहा, ₹प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मणिपुर जाना अच्छा है, लेकिन मणिपुर दौरे से ज्यादा बड़ा मुद्दा देश में वोट चोरी का है।₹ राहुल गांधी मणिपुर हिंसा को लेकर प्रधानमंत्री पर लगातार निशाना साधते हुए उनसे जवाब मांगते रहे हैं कि वह मणिपुर कब जा रहे हैं और वहां की स्थिति को सामान्य करने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं। श्रीमती वाड्रा ने कहा ₹मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री ने दो साल बाद मणिपुर जाने का फैसला किया है।

## एक नजर

### डॉ. अतुल कृष्ण को महाकवि गोपाल दास नीरज सम्मान



**मेरठ।** सुप्रसिद्ध शिक्षाविद, संस्थान निर्माता, समाजसेवी, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय समूह के संस्थापक डॉ अतुल कृष्ण को ₹महाकवि गोपाल दास नीरज सम्मान से विभूषित किया गया है। महाकवि गोपालदास नीरज फाउंडेशन के महासचिव व गोपाल दास नीरज के सुपुत्र मृगांक प्रभाकर व फाउंडेशन के जनसम्पर्क सचिव तथा उत्तराखंड सरकार के भाषा संस्थान के पूर्व उपाध्यक्ष शायर प्रो. अफ़ज़ल मंगलोरी ने डॉ अतुल कृष्ण को सम्मान चिन्ह, शाल, पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। फाउंडेशन की ओर से कहा गया कि अतुल जी ने जहाँ शिक्षा, समाज, संस्कृति और चिकिसा विज्ञान के क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है, वहीं साहित्य सेवा के लिए भी जीवन का अमूल्य समय प्रदान किया है। सुभारती परिसर में हुए सम्मान समारोह में बोलते हुए प्रो. अफ़ज़ल मंगलोरी ने कहा कि अतुल कृष्ण जी की महाकवि नीरज से घनिष्ठता और आत्मीयता एक परिवार के सदस्य के रूप में रही। महाकवि नीरज जी ने अतुल कृष्ण की मेधा और अवदानों को हमेशा सराहा और स्नेह-सम्मान प्रदान किया।सम्मान के बाद फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए डॉ अतुल कृष्ण ने कहा कि यह सम्मान उनके जीवन की अनोखी और अकल्पनीय अनुभूति है। यह सम्मान श्रद्धेय नीरज के नाम पर है यह हमारे लिए गौरवपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महाकवि नीरज जी ने साहित्य को आलोकित किया और हमें प्रेरणा दिया।

### 2425 नवचयनित मुख्य सेविकाओं को जनपदवार तैनाती आदेश जारी

**लखनऊ।** विभाग द्वारा अपने मानव संसाधन की वृद्धि करने तथा विभागीय योजनाओं को त्वरित गति प्रदान करने के उद्देश्य से 17 नवम्बर 2021 को उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को मुख्य सेविका के 2693 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अधियाचन भेजा गया। दिनांक 24 सितम्बर 2023 को आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा करायी गयी जिसका परिणाम 2 जुलाई 2025 को घोषित किया गया। इस क्रम में नव चयनित 2425 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र दिनांक 27.08.2025 को लोकभवन में मुख्यमंत्री के करकमलों से तथा अन्य समस्त जनपदों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। इसी कड़ी में विभाग द्वारा ऑनलाइन प्रीफ्रेंस कम मेरिट बेस्ड एलोकेशन की पद्धति अपनाते हुए एक स्वच्छ पारदर्शी व्यवस्था के अंतर्गत समस्त चयनित मुख्य सेविकाओं को जनपदों में तैनात कर दिया गया है।निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, श्रीमती सरनीत कौर ब्रोका ने यह जानकारी आज यहां दी। उन्होंने बताया कि नवचयनित मुख्य सेविकाओं की जनपदों में तैनाती हेतु उनके द्वारा जनपद की वरीयताएं प्रस्तुत करने हेतु ऑनलाइन पोर्टल विभाग द्वारा विकसित किया गया। शासन से अनुमोदित नीति के अनुसार 69 जनपदों को विकल्प हेतु पोर्टल पर खोला गया। यह ऐसे जनपद थे जहां पर 60 प्रतिशत या इससे अधिक मुख्य सेविका के पद रिक्त थे। जिन मुख्य सेविकाओं की बाल विकास परियोजना अधिकारी के पद पर पदोन्नति हो चुकी है, उन रिक्त पदों को भी सम्मिलित करते हुए विकल्प भरे जाने की व्यवस्था अभ्यर्थियों के साथ दिये गये पोर्टल लिंक https://icdspreference.upsdc.gov.in/ द्वारा की गयी थी। जिसे उनके द्वारा मोबाईल नम्बर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से लॉगिन किया गया।सफल लॉगिन पर मुख्य सेविकाओं को पोर्टल पर विभाग द्वारा उपलब्ध रिक्तियाँ हेतु निर्धारित जनपदों के लिए वरीयता चुनकर उसे भरा गया। पोर्टल पर उपलब्ध सभी जनपदों की वरीयताएं भरना अनिवार्य था।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**लखनऊ।** आज उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद उन्नाव में पहुंच कर विकास भवन सभागार में जनपद के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने किसानों को उर्वरक की उपलब्धता, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दिए जाने वाले आवास, धान खरीद, बृद्धा दिव्यांग महिला पेंशन ,निर्वाध विद्युत आपूर्ति, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, जल जीवन मिशन, राशन वितरण, शिकायतों के निस्तारण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने जनपद की समितियों में उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा की समितियां में सभी किसानों को सामान्य तरीके से उर्वरक दिया जाए, किसी के साथ भेदभाव ना हो यदि कोई भी दिक्कत आ रही है तो उसका निराकरण कर लिया जाय। उर्वरक की उपलब्धता होनी चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि तहसील स्तर उप जिला अधिकारी और क्षेत्राधिकारी खंड विकास अधिकारी प्रतिमाह बैठक करें जो जनप्रतिनिधियों की शिकायतें हैं उनका निराकरण करें जो तहसील स्तर पर शिकायत का निस्तारण नहीं हो सकता है उसका जिला स्तर पर करें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आइजीआरएस और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाए जिला स्तरीय अधिकारियों से सत्यापन कराया जाए।

### लोक अदालत में सुने गये वाद



**लखनऊ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय, लखनऊ में जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में रवीन्द्र कुमार द्विवेदी, विशेष न्यायाधीश सीबीआई सेन्ट्रल/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत तथा श्रीमती मीनाक्षी सोनकर अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में जनपद न्यायालय लखनऊ सहित मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण, पारिवारिक न्यायालय परिसर, वाणिज्यिक न्यायालय, उपभोक्ता फोरम, कलेक्ट्रेट एवं समस्त तहसीलों आदि में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया जिसमें जनपद न्यायालय में विशेष न्यायाधीश ई0सी0एक्ट द्वारा 105 मामलें, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 7165 मामलें, विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (कस्टम) द्वारा 1147 मामलें, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (अयोध्या प्रकरण) द्वारा 924 मामलें तथा अन्य मजिस्ट्रेट न्यायालयों द्वारा 11910 मामलें, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के कुल 197 मामलें, वाणिज्यिक न्यायालय के 10 मामलें तथा पारिवारिक न्यायालय के 273 मामलों सहित न्यायालय में लम्बित कुल 22817 वादों का निस्तारण कर कुल रू0 558534886/- की धनराशि वसूल की गयी। प्री-लिटिगेशन स्तर पर राजस्व के कुल 100755 वाद तथा अन्य 238909 प्रकरणों सहित कुल 339664 मामलों का निस्तारण कर कुल रू0 136356286/- की धनराशि वसूल हुयी।

# आंदोलन के 290 दिन पूरा होने पर प्रदेश भर में जोरदार विरोध प्रदर्शन

## निजीकरण और उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के विरोध में आन्दोलन जारी

विश्ववार्ता ब्यूरो




**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने कहा कि निजीकरण किये जाने हेतु बिजली कर्मचारियों पर बड़े पैमाने पर की गई उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों के वापस न लिये जाने से बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त है। निजीकरण के विरोध में चल रहे आंदोलन के 290 दिन पूरे होने पर आज बिजली कर्मियों ने समस्त जनपदों में व्यापक विरोध प्रदर्शनकिया। संघर्ष समिति ने कहा कि कई हजार बिजली कर्मियों को साढ़े तीन माह से वेतन नहीं दिया गया है जो पूरी तरह अमानवीय है। यह बिजली कर्मी तीन माह से वेतन न मिलने पर भी अपनी ड्यूटी कर रहे हैं फिर भी उन्हें वेतन न देना उत्पीड़न की पराकाष्ठा है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने बताया कि फेसियल अटेंडेंस के नाम पर कई हजार बिजली कर्मचारियों को जून, जुलाई और अगस्त माह का वेतन अभी तक नहीं दिया गया है। काम करने के बावजूद बिजली कर्मचारियों को लगातार तीन माह तक वेतन नहीं दिया जाना यह बहुत ही गंभीर उत्पीड़नात्मक कार्यवाही है और पूरी तरह अमानवीय है। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण के नाम पर मई के महीने में अत्यंत अल्प वेतन भोगी संविदा कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर छटनी की गई थी। कई हजार संविदा कर्मी 55 वर्ष की आयु के नाम पर निकाले गए और कई हजार संविदा कर्मियों को डाउन साइजिंग करके हटा दिया गया। ध्यान रहे की संविदा कर्मियों को बड़े पैमाने पर हटाए जाने से विभिन्न जनपदों में प्रदेश की बिजली व्यवस्था पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण के बाद निजी घरानों की सहूलियत के लिए बिजली कर्मचारियों को मिल रही रियायती बिजली सुविधा समाप्त करने हेतु बिजली कर्मियों के और पेंशनरों के निवास पर जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि विगत 9 माह से निजीकरण के विरोध में चल रहे बिजली कर्मियों के आंदोलन से खीझा हुआ प्रबंधन बड़े पैमाने पर उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां कर दमन पर उतर आया है। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मियों का आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक निजीकरण का निर्णय निरस्त नहीं किया जाता और समस्त उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियां वापस नहीं होती। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज लगातार 290 वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रदेश भर में समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर व्यापक विरोध प्रदर्शन जारी रखा। आज वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिर्जापुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, नोएडा, गाजियाबाद, मुरादाबाद, हरदुआगंज, जवाहरपुर, परीक्षा, पनकी, ओबरा, पिपरी और अनपरा में विरोध प्रदर्शन किया गया।

### रूफ टॉप गार्डेनिंग से संवरेगी शहरी क्षेत्र में बागवानी : दिनेश प्रताप सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को उद्यान निदेशालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक कर शहरी क्षेत्रों में घरों की छत पर सब्जियों, फलों, औषधीय पौधों और मसालों की खेती को प्रोत्साहित करने हेतु रूफ टॉप गार्डेनिंग योजना बनाए जाने के निर्देश दिए। उद्यान मंत्री ने कहा कि रूफ टॉप गार्डेनिंग शहरी क्षेत्र में बागवानी का एक उत्तम तरीका है, जिससे वातावरण में हरियाली, प्राकृतिक सुंदरता और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि सीमित स्थानों में हरियाली बढ़ाने का यह एक आधुनिक उपाय है, जो तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इससे नागरिकों को जैविक रूप से उगाई गई उच्च गुणवत्ता की सब्जियां और फल भी प्राप्त होंगे। उद्यान मंत्री ने निर्देश दिया कि इस योजना का विस्तृत प्रस्ताव आईआईवीआर वाराणसी के तकनीकी सहयोग से तैयार कर भारत सरकार से अनुमोदित कराया जाए।

## ग्रीन फायर वर्क्स शो से जगमगाएगा दीपोत्सव-25 26 लाख से अधिक दीपों से रौशन होगी अयोध्या

### सीएम योगी के निर्देश पर पर्यटन विभाग ने दिव्य और भव्य दीपोत्सव-25 की तैयारियां शुरू कीं

विश्ववार्ता ब्यूरो



**लखनऊ।** योगी सरकार दीपोत्सव-25 को भव्य और दिव्य बनाने की तैयारियों में जुट गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पर्यटन विभाग द्वारा 19 अक्टूबर को दीपोत्सव में ग्रीन फायर वर्क्स शो का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन पूरी तरह से अंतरराष्ट्रीय ग्रीन फायर वर्क्स के मानक पर आधारित होगा। यह आतिशबाज़ी पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त होगी। इसके साथ ही दीपोत्सव में पर्यटकों को संगीत और तकनीक के साथ कोरियोग्राफ का अनूठा अनुभव दिखने के साथ सुनने को मिलेगा।

सीएम योगी के निर्देश पर पर्यटन विभाग द्वारा दीपोत्सव-25 पर सरयू नदी के घाटों और राम की पैड़ी पर 26 लाख से अधिक दीपक जलाए जाएंगे, जो भगवान राम के अयोध्या आगमन का प्रतीक बनकर ये दीप असंख्य श्रद्धालुओं की आस्था का प्रकाश फैलाएंगे। भक्ति-भाव से ओतप्रोत प्रस्तुतियों के बीच इस बार ग्रीन फायरवर्क्स शो खास आकर्षण का केंद्र होगा, जो आस्था और नवाचार को साथ लाकर एक प्रदूषण-मुक्त रंग-बिरंगी रौशनी से जगमगाएगा। करीब 10 मिनट तक चलने वाला यह शो संगीत, लेज़र इफेक्ट्स और आधुनिक कोरियोग्राफी से सजा होगा। कई मीटर से ऊंचाई तक उठने वाली आतिशबाज़ी सरयू के जल पर अद्भुत प्रतिबिंब बिखेरेंगी और वहां मौजूद हर दर्शक को रोमांचित कर देगी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप दीपोत्सव-25 को दिव्य और भव्य बनाने की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। इस पर बार 26 लाख से अधिक दीपक और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रदूषण-मुक्त आतिशबाज़ी के साथ हम अयोध्या की सांस्कृतिक भव्यता को प्रदर्शित करेंगे, जो हर श्रद्धालु को अविस्मरणीय अनुभव देगा। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि इस बार के दीपोत्सव-25 में परंपरा और नवाचार दोनों का उत्सव देखने को मिलेगा। इस बार पर्यावरण हितैषी और कोरियोग्राफ्ड आतिशबाज़ी हमारे स्थायित्व के संकल्प को हर श्रद्धालुओं तक पहुंचाएगी। साथ ही अयोध्या की धरोहर को विश्व मंच पर प्रस्तुत करेगी। यह सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे भारत का गौरव है।

# सपा मुखिया अखिलेश मिले प्रयागराज के नाविकों का एक प्रतिनिधिमण्डल

विश्ववार्ता ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को आज प्रयागराज से आए नाविक मजदूर कल्याण समिति (रजि0) के एक प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन देकर मछली पकड़ने के लिए नदियों की नीलामी को तत्काल प्रभाव से निरस्त किये जाने में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करने का आग्रह किया है।

नाविक प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि नाविक बंधुओं की चिंता में मुख्य बिंदु पर्यावरण की सुरक्षा है। इसकी उपेक्षाा का परिणाम उत्तराखण्ड और हिमाचल प्रदेश में आई आपदाओं से दिखाई दिया है। नाविक अपने अधिकारों के सम्मान की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनके साथ अन्याय हो रहा है। उनके पारम्परिक व्यवसाय को दबंगों को सौंपा जा रहा है। श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण असंतुलन के कारण कई समस्याएं पैदा हुई है। जंगलों पर अवैध कब्जों के कारण जानवर बस्ती में आ रहे है।

बाघ-तेंदुआ गांवों में आकर हमलावर हो रहे है। तालाबों पर कब्जे हो रहे है। पानी अपना रास्ता बनाता है। नदी जीवन है। समाजवादी सरकार में गोमती की सफाई कर सुन्दर रिवरफ्रंट विकसित किया गया था। भाजपा सरकार में नदियां प्रदूषित और गंदी है। मछलियों और अन्य जल जीवों का जीवन संकट में है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर हम जातीय जनगणना करायेंगे। तभी सभी को समानुपातिक आधार पर हक और सम्मान मिलेगा।

सामाजिक न्याय के राज की स्थापना होगी। पीडीए में नाविक वर्ग भी है। पीडीए 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी सरकार बनायेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के 2027 के घोषणा-पत्र में नाविकों को नई नावें देने का वादा शामिल रहेगा। निषाद राज गुह्य की प्रतिमा गोमती रिवरफ्रंट पर स्थापित की जाएगी जिसमें नाव की पतवार सोने की होगी। ज्ञापन में कहा गया है कि नदियों में मत्स्य आखेट करना मछुआरों का जन्मसिद्ध अधिकार है। उनके इस अधिकार को छीनने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 2019 में जारी शासनादेश से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में बहने वाली गंगा, यमुना, टोंस, बेलन इत्यादि नदियों में मछली पकड़ने के लिए कई खंड बनाकर उसकी नीलामी का प्रावधान किया गया है। यह सरासर गलत है। अखिलेश यादव से मिलकर नाविक संगठन के प्रतिनिधियों ने शासनादेश 2019 के निरस्तीकरण में अपने प्रभाव का प्रयोग करने का आग्रह किया है। संदीप यादव पूर्व विधायक प्रत्याशी इलाहाबाद शहर उत्तरी के साथ ज्ञापन देने वालों में सर्वश्री तिजेन्द्र निषाद बजरंगी महासचिव नाविक मजदूर कल्याण समिति प्रयागराज, महेन्दर निषाद, लालजी बिन्द एडवोकेट, हरिशंकर निषाद, नितिन निषाद, जितेन्द्र निषाद बजरंगी, शिव दयाल निषाद, महेश निषाद, अरुण निषाद, सागर सूर्या निषाद, नरेन्द्र निषाद, धीरज निषाद शामिल रहे।

### गैरबराबरी, महंगाई, भ्रष्टाचार से सभी त्रस्त : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि देश में साा परिवर्तन लोकतांत्रिक व्यवस्था में वोट के जरिए ही संभव है। गैरबराबरी, महंगाई, भ्रष्टाचार से सभी त्रस्त है। आरक्षण को समाप्त करने की साजिशें हो रही है। समाजवादी पार्टी बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, डॉ. राममनोहर लोहिया और नेताजी मुलायम सिंह यादव के संघर्ष के रास्ते पर चलती है। वह धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद और संविधान की मूल स्थापनाओं के साथ प्रतिबद्ध है। यादव ने कहा कि जनता बदलाव के लिए व्याकुल है। वह और इंतजार के मूड में नहीं है। 2027 के विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी की सरकार बनना सुनिश्चित है। भाजपा को वोट के लोकतांत्रिक अधिकार के जरिए ही शांतिपूर्ण अहिंसक तरीके से अब सत्ता से उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। भाजपा हटेगी तभी संविधान बचेगा। आरक्षण बचेगा। सामाजिक आर्थिक गैरबराबरी मिटेगी और लोगों में खुशहाली आएगी। भाजपा की हार के बाद सामाजिक न्याय का राज कायम होगा। पीडीए जीतेगा और जातीय जनगणना से समानुपातिक आधार पर सबको हक और सम्मान मिलेगा। समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में विभिन्न जिलों से आये नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र और संविधान को बहुत नुकसान पहुंचाया है। इस सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है।

### एसबीआई देगी दुर्घटना मृत्यु पर 40 लाख क्लेम



**गुरसहायगंज कन्नौज।** भारतीय स्टेट बैंक में दुर्घटना बीमा की प्रतिवर्ष 2000 रुपए की प्रीमियम देकर खाता धारक की यदि दुर्घटना में अचानक मृत्यु हो जाने के बाद उसके परिजनों को बैंक 40 लाख रुपया का क्लेम प्रदान करेगी इसके साथ ही खाता धारकों को एफडी में सबसे अधिक ब्याज भारतीय स्टेट बैंक ही दे रही हैयह जानकारी भारतीय स्टेट बैंक शाखा गुरसहायगंज के मुख्य शाखा प्रबंधक आशुतोष गुप्ता ने दी। शिक्षकों और खाता धारकों से बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक में होम लोन लेने के लिए उपभोक्ताओं का सिविल यदि 775 है तो बैंक द्वारा सबसे कम 7.50 ब्याज की दर पर लोन प्रदान किया जा रहा है इसके अलावा एसआई पी मुद्रा लोन बिजनेस लोन एजुकेशन लोन सहित सभी प्रकार की सुविधा से जुड़ने के लिए उपभोक्ता भारतीय स्टेट बैंक की योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं उन्होंने बताया कि फिक्स्ड डिपाजिट योजना पर 444 दिन में 6.60 ब्याज दिया जा रहा है इसके अलावा सीनियर सिटीजन को सभी बैंकों से अधिक 7.10% का ब्याज बैंक उपभोक्ताओं को दे रही है इसके साथ ही स्टेट बैंक 2000 रुपए प्रीमियम प्रतिवर्ष जमा करने वाले खाता धारकों को दुर्घटना बीमा के तहत यदि किसी खाताधारक की अचानक दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो उसके परिजनों को 40 लाख रुपया का क्लेम दिया जाएगा इसके साथ ही यदि कोई खाता धारक घायल हुआ है तो उसको 20 लाख रुपए की राशि उसके परिजनों को दी जाएगी उन्होंने बताया कि शिक्षकों का यदि स्टेट बैंक में सैलरी अकाउंट खोला जाता है तो खाताधारक को विशेष कई सुविधाओं का लाभ दिया जाएगा इस मौके पर अकाउंटेंट जितेंद्र यादव फील्ड अफसर गौरव कटिहार शुभम कुशवाहा प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता बृजेश गंगवार अमीर हम्ज़ा शिव सिंह यादव आनंद राजन आनंद पांडे सहित बैंक अधिकारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जनता की हर समस्या का करेगा निदान



**कन्नौज।** राष्ट्रीय स्वयं संघ के पदाधिकारी ने बाढ़ क्षेत्र ग्राम का दौरा कर किसाने की नष्ट हुई फसलों का आकलन किया और हर संभव सहायता देने का शासन दिया इसके साथ स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर डॉक्टर से वार्ता कर ग्रामीणों की मदद की गुहार लगाईसदर कन्नौज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जुकइया के भीषण बारिश और गंगा के कटान के चलते लगभग 30 घर बाढ़ की चपेट में आ गए हैं जिसमें ग्रामीण चंद्रभान छोटे लाल मुकेश गंगा नारायण उमाशंकर सूरज सती राम दिनेश विजयपाल मुन्नीलाल रमेश चंद्र प्रदीप बलराम सोनेलाल सहित ग्रामीणों की फैसले नष्ट हो गई है और घरों में पानी जाने के चलते आवा गमन पूरी तरीका से प्रभावित हो रहा है लोग भयंकर समस्या से जूझ रहे हैं शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सेवा प्रमुख राजेश कटियार की अगुवाई में जिला प्रचारक अंकित कुमार जिला कारवां आलोक सिंह की टीम ने ग्राम पहुंचकर ग्राम वासियों से वार्ता की और उनकी समस्याओं के निस्तारण की बात कही इस मौके पर जिला सेवा प्रमुख ने बताया कि ग्रामीणों की फसल में हुई क्षति का आकलन किया गया है पीड़ितों की सूची बनाई गई है अति शीघ्र राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी गांव में राहत सामग्री लेकर पहुंचेंगे उन्होंने कहा कि संघ के पदाधिकारी हर कदम पर जनता के साथ हैं हर समस्या का निदान करने के लिए कधा से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी ने गांव में जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर मैं पहुंचे जहां उन्होंने डॉक्टर की टीम से वार्ता की और ग्रामीणों को दवाई के साथ-साथ परीक्षण करने की बात कही डॉक्टरों की टीम ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### जिलाधिकारी द्वारा अंत्येष्टि स्थल का किया गया निरीक्षण



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा ग्राम पंचायत सोता बहादुरपुर में स्थित परंपरागत अंत्येष्टि स्थल का भ्रमण किया गया। क्षेत्रीय ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया था कि जनपद में एकमात्र स्थल ग्राम पंचायत सोता बहादुरपुर के पांचाल घाट के पूर्व और स्थित अंत्येष्टि स्थल पर सर्वाधिक अंत्येष्टि की क्रियाएं होती हैं। इसमें जनपद ही नहीं पास के कई जनपदों से भी व्यक्ति शव को लेकर अंत्येष्टि के लिए यहां उपस्थित होते हैं। जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों में अंत्येष्टि स्थल के विकास हेतु लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। जिसके सापेक्ष ग्राम पंचायत सोता बहादुरपुर में स्थित परंपरागत अंत्येष्टि स्थल को विकसित किए जाने के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा स्वयं स्थल का निरीक्षण किया गया। मौके पर पाया गया कि कुछ समाजसेवियों के द्वारा वहां पर अंत्येष्टि क्रिया से संबंधित स्थलों/ भवनों का निर्माण कराया गया है, जिसमें शवदाह स्थल, सामुदायिक शौचालय एवं कुछ सराय स्थल बने हुए हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी फर्रुखाबाद, उप जिलाधिकारी सदर, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग( प्रांतीय खंड), सहायक अभियंता सिंचाई ,सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग,जिला पंचायत राज अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं सचिव भी स्थल पर उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा स्थल का परीक्षण कर अंत्येष्टि स्थल के विकास हेतु आवश्यक मदों का मापन कर प्राक्कलन तैयार करने हेतु अभियंताओं को निर्देशित किया गया।

### आयुष्मान कार्ड गरीबों के साथ सरकार का छलावा : सुनील सिंह

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों के स्वास्थ्य के नाम पर सबसे बड़ा धोखा किया है। आयुष्मान कार्ड जैसी योजना को गरीबों तक पहुँचाने का दावा करने वाली सरकार ने इसमें ऐसी शर्तें रख दी हैं, जिससे असली गरीब परिवार योजना से बाहर कर दिए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि सरकार ने कार्ड बनाने के लिए राशन कार्ड में 6 सदस्य होना अनिवार्य कर दिया है। सवाल यह है कि जिन परिवारों में 6 सदस्य ही नहीं हैं, उनके इलाज का क्या होगा? क्या उनका स्वास्थ्य अब सरकार की जिम्मेदारी नहीं है?गरीबों का खून चूसने वाली यह सरकार गरीब परिवारों के स्वास्थ्य का मज़ाक उड़ा रही है। यह योजना नहीं, बल्कि गरीबों को मृत्यु की ओर धकेलने वाली साज़िश है।सुनील सिंह ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों के लिए नहीं, केवल अपने पूंजीपति मित्रों के लिए काम करती है। स्वास्थ्य जैसी संवेदनशील ज़रूरत को भी उन्होंने जुमला और प्रपंच बना दिया है।

### उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय में 15 सितम्बर को प्रदान किये जाएंगे

**प्रयागराज/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज का 20वां दीक्षान्त समारोह आगामी 15 सितम्बर 2025 को अपराह्न 3.00 बजे सरस्वती परिसर स्थित अटल प्रेक्षागृह में आयोजित किया जायेगा। समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी तथा मुख्य अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की कुलपति प्रो. उमा कांजीलाल दीक्षान्त भाषण देंगी। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। कुलपति प्रो. सत्यकाम ने शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि समारोह में दिसम्बर 2024 और जून 2025 की परीक्षा में उत्तीर्ण 28,421 शिक्षार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी, जिनमें 17,268 पुरुष, 11,152 महिला और 1 ट्रांसजेंडर शिक्षार्थी शामिल हैं। इस अवसर पर उपाधियां डिजीलॉकर में भी अपलोड की जाएंगी। उन्होंने बताया कि समारोह में कुल 1,537 शिक्षार्थियों ने उपाधि प्राप्ति हेतु पंजीकरण कराया है। उन्होंने कहा कि समारोह में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 27 मेधावी शिक्षार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। इनमें 15 पदक छात्राओं तथा 12 पदक छात्रों को मिलेंगे। कुलाधिपति स्वर्णपदक अयोध्या क्षेत्रीय केंद्र से सम्बद्ध बी.एस.सी. की छात्रा उमा यादव को प्रदान किया जाएगा, जिन्होंने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर विभिन्न विद्याशाखाओं के 14 टॉपर विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक और 12 मेधावी शिक्षार्थियों को दानदाता स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। कुलपति ने बताया कि राज्यपाल के निर्देशानुसार दीक्षान्त समारोह से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गाँवों के आंगनबाड़ी केन्द्रों, प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में भाषण, चित्रकला और कहानी कथन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

**विकसित यूपी @2047** सीएम योगी का हर नागरिक को सुरक्षित और समृद्ध जीवन देने का संकल्प

# यूपी का नया अवतार : आपदा की हार, गरीबी पर प्रहार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने ₹विकसित यूपी @2047₹ की दिशा में ठोस पहल शुरू की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विजन है कि अगले 22 वर्षों में प्रदेश को ऐसी स्थिति में खड़ा किया जाए जहाँ आपदाओं से निपटने के लिए आधुनिक तकनीक उपलब्ध हो और गरीबी का लगभग पूरी तरह से खात्मा हो जाए।

**आपदा प्रबंधन : सैटेलाइट तकनीक से आपदा प्रबंधन**

उत्तर प्रदेश सरकार ने इसरो (ISRO) के सहयोग से आपदा प्रबंधन में आधुनिक तकनीक जोड़ने की पहल की है। इसके तहत मौसम पूर्वानुमान और आपदा राहत के लिए सैटेलाइट लांचिंग का प्रयास किया जा रहा है। इससे बाढ़, भूकंप और हीटवेव जैसी आपात स्थितियों की रीयल-टाइम जानकारी मिलेगी और राहत कार्य तेजी से किए जा सकेंगे।

**हीटवेव से भूकंप तक सुरक्षा कवच**

प्रदेश में बढ़ती हीटवेव और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए लखनऊ, आगरा और वाराणसी जैसे बड़े शहरों के लिए सिटी हीट एक्शन प्लान (एचएपी) तैयार किया जा चुका है, जबकि कानपुर और प्रयागराज के लिए इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। शहरी तापमान में वृद्धि को देखते हुए आईआईटी, एम्स और केजीएमयू जैसे राष्ट्रीय संस्थानों के विशेषज्ञ इन योजनाओं को तकनीकी सहयोग दे रहे हैं। हीटवेव के अलावा भूकंप, अग्निकांड और केमिकल दुर्घटनाओं से निपटने के लिए राज्य स्तरीय एचवीआरसीए (जोखिम, संवेदनशीलता और क्षमता का आकलन) पर काम हो रहा है। प्रदेश के 34 जनपद भूकंप आपदा के लिहाज से संवेदनशील हैं। इन इलाकों में स्कूलों, अस्पतालों, फैक्ट्रियों, रेलवे परिसरों और मॉल्स में मॉक ड्रिल के जरिए लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

> 2047 तक यूपी की अर्थव्यवस्था को 6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य

**गरीबी उन्मूलन : 6 करोड़ लोग गरीबी से बाहर**

उत्तर प्रदेश ने बीते साढ़े आठ वर्षों में गरीबी उन्मूलन में अभूतपूर्व प्रगति की है। राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी रिपोर्ट 2022-23 के अनुसार 2015-16 की तुलना में प्रदेश में गरीबी दर में 20.28 अंकों की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि राष्ट्रीय औसत केवल 13.57 अंक रहा। यह अंतर दर्शाता है कि यूपी ने गरीबी उन्मूलन में देशभर में सबसे तेज प्रगति की है। सरकारी योजनाओं की प्रभावी पहुंच और ₹सबका साथ, सबका विकास₹ की नीति ने करीब 6 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में मदद की है। स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर में व्यापक सुधार हुआ है।

राज्य सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक यूपी की जीएसडीपी 6 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाई जाए, जो भारत की अनुमानित जीडीपी का 20 प्रतिशत होगी। इसके लिए प्रदेश को अगले 22 सालों में लगभग 16 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर बनाए रखनी होगी। वर्तमान में प्रदेश की जीएसडीपी 353 बिलियन डॉलर है, जिसे 2030 तक 1000 बिलियन, 2036 तक 2000 बिलियन और 2047 तक 6000 बिलियन डॉलर यानी 6 ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य है। वर्ष 2047 तक प्रति व्यक्ति आय 26 लाख रुपये तक पहुंचाकर 'जीरो पॉवर्टी' के लेवल तक पहुंचाना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संकल्प है।

**2017 से पहले और अब**

2017 से पहले प्रदेश आपदा प्रबंधन और आर्थिक समृद्धि दोनों ही क्षेत्रों में पिछड़ा हुआ था। आपदा प्रबंधन की कोई ठोस कार्ययोजना नहीं थी और योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक नहीं हो पाती थी। लेकिन बीते साढ़े आठ वर्षों में शासन की दक्षता, पारदर्शिता और तकनीकी सहयोग ने तस्वीर बदल दी है। अब प्रदेश विकास की नई उड़ान भरने को तैयार है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट मत है कि विकसित यूपी का अर्थ केवल आर्थिक प्रगति नहीं है, बल्कि आपदा प्रबंधन, गरीबी उन्मूलन और सामाजिक सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में मजबूत आधार खड़ा करना भी है।

## एक नजर

### मानसिक मंदित अधेड़ लापता



**लखनऊ।** हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र के लालबाग के बेलदारी लेन 120/127 की रहने वाली राबिया बनो पत्नी कमरूद्दीन का पुत्र फखरूद्दीन (50) बुधवार 10 सितम्बर को सुबह 9 बजे घर से बाहर गया था। वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन कहीं भी उसका पता न चल सका। राबिया का पुत्र मानसिक मन्दित है तथा बोल नहीं पाता है। परिजनों को उसकी काफी चिंता है कि कहीं उसके साथ कोई अप्रिय घटना न घटित हो जाये। इसलिए पीड़ति का परिवार बहुत परेशान हैं। पीड़िता ने कोतवाली हजरतगंज में प्रार्थना पत्र देकर फखरूददीन को ढूढ़ने की गुहार लगाई है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर शिकायत दर्ज कर ली व खोजबीन जुट गई है।

### ब्लड डोनेशन कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन



**लखनऊ।** शनिवार को सिविल कोर्ट,( लोक अदालत) लखनऊ में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के ब्लड डोनेशन प्रभारी मनीष शुक्ला के नेतृत्व में ब्लड डोनेशन कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. विनोद (प्रभारी, ब्लड बैंक बलरामपुर), डॉ. रुचि (कोऑर्डिनेटर, ब्लड बैंक बलरामपुर) सहित डॉक्टरों की टीम एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।साथ ही मोहम्मद हारुन (प्रभारी ब्लड, स्टेट ब्रांच, रेड क्रॉस सोसाइटी) ब्लड बस के साथ मौजूद रहे। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा लखनऊ के सचिव अमरनाथ मिश्र जी ने बताया कि इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी समय-समय पर आम जनमानस को जागरूक कर राष्ट्रहित में रक्तदान करने हेतु शिविर का आयोजन करती रहती है। मनीष शुक्ला ने बताया कि आज का कैंप लोक अदालत के सहयोग से लगाया जिसमें 14 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया डोनेट करने वाले डोनर का हौसला बढ़ाने के लिए इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा लखनऊ के मनीष शुक्ला के साथ अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### जो पैसा वापस होगा उसकी भरपाई कौन करेगा



**लखनऊ।** जिन वस्तुओं 18% 12% 5 %पर थी अब जीएसटी की दर निल यानी 0% हो गई है उन सभी वस्तुओं पर 22 सितम्बर से जब हम बचा हुआ स्टॉक निल पर बेचेंगे तो उक्त बचे हुए स्टॉक की क़ीमत पर जो आईटीसी हमने ली थी वह वापस करनी पड़ेगी जैसे हमारे पास 10000 रुपये का माल ख़रीदा था और 21/9 की रात 11/59 ?तक हमे कोई आईटीसी वापस नहीं करना है अब 22 की सुबह हमारे पास उस स्टॉक का 2000 रुपये का स्टाक बचता है तो 18% जो 360 रुपये है उसे अगर क्रेडिट लेजर में बैलेंस है तो उससे भुगतान करना होगा sec18 सब sec 4 के अंतर्गत उपरोक्त विषय आता है अब दूसरा विषय देखे अब प्रश्न यह उठता हैं की जो पैसा वापस किया जाएगा उसकी भरपाई कौन करेगा तो मानी हुई बात है की उसको आप क़ीमत में जोड़ लें। अब जिसमे रेट कम किया गया वो है जैसे कोई वस्तु 12%थी अब 5% हो गया है इसमें कोई आईटीसी वापस नहीं करनी पड़ेगीकुल मिलाकर व्यापारी टैक्स के मकड़जाल में फँसा रहेगा और जानता को क्या मिलेगा 22 के बाद देखा जाएगा।

### स्कूल को मिला सामाजिक कार्यकर्ता का सहयोग



**लखनऊ।** सामुदायिक सहयोग के तहत प्राथमिक विद्यालय बखारी को सामाजिक कार्यकर्ता उमेश कनौजिया का सहयोग मिला तो बच्चे गदगद हो उठे।
गोसाईगंज विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय बखारी के इंचार्ज अध्यापक संतोष कुमार ने बताया कि समाजसेवी उमेश कनौजिया ने प्राथमिक विद्यालय बखारी के बच्चो के लिए तीन बड़े पंखे भेट किए। प्रार्थना सभा के बाद बच्चों की असेंबली के दौरान पंखे बहुत ही उपयोगी साबित होंगे। गोसाईगंज विकासखंड के ही घुसकर गांव निवासी उमेश कनौजिया ने प्राथमिक विद्यालय बखारी में पौधे भी रोपे और बच्चों का स्वागत किया। इस मौके पर मौजूद रहे प्रधान प्रतिनिधि दीपक कुमार, महमूदपुर प्रधान सर्वेश कुमार के साथ ही दुर्गेश कुमार और कमल किशोर का भी स्वागत किया गया।

माता वैष्णो देवी के भक्तों में खुशी की लहर

### अट्ठारह दिन बाद आज से शुरू होगी यात्रा

**लखनऊ।** जम्मू के कटरा नगर के पास स्थित माता वैष्णो देवी धाम पर हुए भूस्खलन के बाद बंद की गई यात्रा रविवार से फिर शुरू होगी। इस खबर से मां के भक्तों में खुशी की लहर दौड़ गई है। यात्रा स्थगित कर चुके श्रद्धालु फिर से यात्रा की तैयारी करने लगे हैं। करीब 18 दिन बाद यात्रा शुरू होने पर भी ट्रेनों के टिकट वेटिंग में मिल रहे हैं। नवरात्र नजदीक होने के कारण ट्रेनों में काफी भीड़ बढ़ने की संभावना है। अगस्त महीने की 26 तारीख को मां के भवन के रास्ते पर हुए भूस्खलन में 34 यात्रियों की जान चली गई थी जबकि दर्जनों यात्री घायल हो गए थे। यह अब तक का बड़ा हादसा था। भूस्खलन से भवन के रास्ते को बड़ा नुकसान पहुंचा। खराब मौसम और भवन का रास्ता ठीक न होने से श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने यात्रा को रोक दिया था। रविवार 14 सितंबर से यात्रा शुरू होने की खबर मिली तो श्रद्धालुओं के चेहरे खिल उठे। यह जानकारी श्राइन बोर्ड द्वारा दी गई। यात्रा रविवार से शुरू होने जा रही है लेकिन जम्मू को जाने वाली ट्रेनों में फिलहाल वेटिंग के टिकट मिल रहे हैं। अब से लेकर नवरात्र तक कोलकाता जम्मू तवी एक्सप्रेस, बेगमपुरा एक्सप्रेस, अमरनाथ एक्सप्रेस और हिमगिरि एक्सप्रेस सहित अन्य कुछ ट्रेनों में वेटिंग है। खराब मौसम के कारण अपनी यात्रा स्थगित कर चुके श्रद्धालु अब फिर से यात्रा की तैयारी में लग गए हैं।

### स्टील इंजीनियरिंग सर्विस के मालिक पर पैसा हड़पने की शिकायत

**लखनऊ।** लेफ्टिनेंट कर्नल अनिल कुमार उपाध्याय, हिमालयन कॉलोनी ,बिजनौर रोड लखनऊ में रहते हैं। और मौजूदा समय में मध्य प्रदेश में पोस्टेड हैं। उन्होंने पीजीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि, अब्दुल वदूद स्टार स्टील इंजीनियरिंग सर्विस को कि साउथ सिटी पुलिस चौकी अंतर्गत संचालित है ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि वदूद ने उनके उन्नाव स्थित भूखंड पर वाणिज्यिक वेयरहाउस के निर्माण के लिए 10 लाख 10,000 रुपये का भुगतान किया था, लेकिन उन्होंने कोई काम नहीं किया और पैसे वापस नहीं किए। वदूद ने अनुबंध की शर्तों के अनुसार कोई कार्य आरंभ नहीं किया है। उन्होंने बिना किसी स्वीकृत नक्शे या अनुमति के खुदाई कार्य शुरू कर दिया। उन्होंने पैसे वापस करने से इनकार कर दिया और अब फोन नहीं उठा रहे हैं। लेफ्टिनेंट कर्नल उपाध्याय ने बताया कि उन्हें 26 अक्टूबर 2024 को एक नोटिस दिया था कि यदि 10 दिनों के भीतर सभी वैध कागजी कार्यवाही पूरी नहीं की गई, तो अनुबंध रद्द माना जाएगा और उन्हें पूरी राशि 0.5% कंपाउंड ब्याज (प्रतिमाह 2%) सहित लौटानी होगी। उसके बाद भी आरोपी ने कोई जबाव नहीं दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

### यात्री के बैग में कारतूस मिलने से मचा हड़कंप

**लखनऊ ।** सरोजनी नगर के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्री के बैग से कारतूस बरामद हुआ।प्रयागराज के नवाबगंज मलिकपुर निवासी इरफान अहमद दम्माम जाने वाली इंडिगो फ्लाइट 6E97 से जाने वाले थे।एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी की कर्मचारी दिया शुक्ला बैगेज स्क्रीनिंग कर रहीं थीं। स्क्रीनिंग के दौरान एक बैग में संदिग्ध वस्तु दिखी। जांच में इरफान के बैग से 8 एमएम केएफ 315 बोर का एक कारतूस मिला। अडानी कंपनी के सुपरवाइजर स्क्रीनर राघवेंद्र प्रताप सिंह ,जूनियर अफसर रजत अवस्थी , इंडिगो स्टाफ और सीआईएसएफ के एएसआई के के सिंह ने यात्री को सरोजनीनगर थाने ले गये । पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्य वाई कर रही है।

# किसानों ने चूल्हा जलाया: महिलाएं और अफसर भिड़े

## लखनऊ नगर निगम के अंदर किया प्रदर्शन , गोवंश को मारने वाले कर्मी पर एफआईआर की मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम मुख्यालय में शनिवार को करीब 200 किसान चूल्हा-लकड़ी और बर्तन लेकर पहुंच गए। उनका कहना था कि हम अब यहीं रहेंगे, यहीं खाना बनाएंगे। उनके पशुओं को जबरदस्ती हटाया जाता है। जबकि, जो अवैध डेयरी हैं वहां के पशुओं को हटाने के लिए डेयरी संचालकों को पहले से सूचना दे दी जाती है। आरोप लगाया कि बीते दिनों पशुओं को हटाने गए नगर निगम के कर्मियों ने एक गोवंश को मार डाला। ऐसी जबरन कार्रवाई के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। किसानों ने लकड़ी, राशन सहित अन्य सामान मंगा लिए गए हैं। मुख्यालय में लाउडस्पीकर लेकर पहुंचे हैं। इस दौरान महिलाओं की अधिकारियों के बीच बहस भी हुई।

भारतीय किसान यूनियन₹ टिकैत के जिला अध्यक्ष आलोक वर्मा ने कहा कि काकोरी के बरावन कला गांव लालजी टंडन वार्ड जोन-6 में नगर निगम की टीम की पिटाई से गोवंश की मौत हो गई। इस दौरान गलत ढंग से किसानों का पशु धन पकड़ा गया। उनका कहना है कि नगर निगम ऐसा विभाग है कि इनके खिलाफ कोई बड़ा आंदोलन हुआ नहीं है, अभी मिट्टी का तेल डाला है, तीन चार दिन बाद इसपर हथौड़ा पड़ेगा तो इन्हें समझ में आएगा। उनका कहना है कि नगर निगम के अधिकारी अवैध डेयरियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रहे यह लोग गांव के किसानों को टारगेट कर रहे है। किसान यूनियन की महिला जिलाध्यक्ष उर्मिला मौर्या ने कहा कि यहां पर अधिकारी निकम्मे हो गए हैं। सीएम ऑफिस से लेकर मंत्री, सांसद और विधायक के यहां पर भी एक से अधिक मवेशी पाले गए हैं, लेकिन ये लोग सिर्फ एक जानवर पालने वाल किसानों को टारगेट कर रहे हैं, जबकि अवैध डेयरियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही। ऐसे में अधिकारियों को सोचना चाहिए कि आप क्या कर रहे हैं।



### सरोजनीगनर विधायक से मिलकर समस्याओं से कराया अवगत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने सरोजनीनगर विधायक डा. राजेश्वर सिंह से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया।उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा ने अपने 10 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल के साथ सरोजनीनगर विधानसभा के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह से उनके निवास पर क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर मुलाकात की ।प्रदेश अध्यक्ष ने सरोजनीनगर क्षेत्र में स्वास्थ्य, विद्युत, नगर निगम, पुलिस व्यवस्था पर अधिकारियों के दोहरे रवैये से विधायक को अवगत कराते हुए उनसे संज्ञान में लेने का अनुरोध किया। विधायक डां. राजेश्वर ने सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी 43 सेंटरों की समीक्षा कर लिखित रूप में अवगत कराने को कहा। साथ ही क्षेत्र की समस्याओं को 10 दिन में एकत्रित कर लिखित में देने को कहा। प्रतिनिधि मण्डल को विधायक द्वारा मां पीतांबरा की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।प्रतिनिधि मण्डल में प्रदेश महासचिव दिलीप द्विवेदी, प्रदेश महामंत्री रवीश श्रीवास्तव, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि शर्मा, विधानसभा प्रभारी सरोजनीनगर जितेंद्र कुमार हजेला, विधानसभा अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नीरू तिवारी, समीक्षा प्रभारी दीप्ति सिंह, नादरगंज व्यापार मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादवऔर एयरपोर्ट व्यापार मण्डल इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश दुबे मौजूद रहे।

### एक्सप्रेस से पांच नाबालिगों को बचाया, एक गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ में रेलवे सुरक्षा बल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बाल तस्करी के शिकार पांच नाबालिग लड़कों को लखनऊ जंक्शन से सकुशल बचा लिया। यह कार्रवाई गंगा-सतलुज एक्सप्रेस में की गई, जहां से एक संदिग्ध तस्कर को भी मौके से दबोच लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह व्यक्ति बच्चों को अवैध रूप से बाहर ले जा रहा था। गिरफ्तार आरोपी को रेलवे सुरक्षा बल ने आगे की जांच के लिए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट दलिगंज थाने, लखनऊ को सौंप दिया है। वहीं, बचाए गए बच्चों को फिलहाल सुरक्षित स्थान पर रखा गया है और उनकी काउंसलिंग की जा रही है ताकि वे सामान्य मानसिक स्थिति में लौट सकें। बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रेन में नाबालिगों को अवैध तरीके से ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर टीम ने ट्रेन की चेकिंग की और बच्चों को बचा लिया। समय पर कार्रवाई नहीं होती तो इन बच्चों को राज्य से बाहर ले जाकर किसी अवैध नेटवर्क को सौंपे जाने की आशंका थी।अधिकारियों का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में बाल तस्करी गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

### पीजीआई के डॉक्टर ने बिना चीरे के मस्तिष्क मेरू रिसाव को किया दूर

**लखनऊ।** एसजीपीजीआई के डॉक्टर ने बिना चीरा लगाए दूरबीन विधि से मस्तिष्क मेरू रिसाव (स्फेनोइडल सेरेब्रोस्पाइनल फ्लूइड-सीएसएफ) सर्जरी की है। डॉक्टर का दावा है कि देश की पहली न्यूनतम इनवेसिव संयुक्त ट्रांसऑर्बिटल और एंडोनासल सर्जरी है। विश्व में अभी तक सिर्फ पांच रोगियों का इस तकनीक से ऑपरेशन किया गया है। जबकि देश में अभी इसका ऑपरेशन नाक में चीरा लगाकर किया जा रहा है। यह ऑपरेशन एसजीपीजीआई के न्यूरोऑटोलॉजी के प्रमुख डॉ. रविशंकर, चण्डीगढ़ पीजीआई के ईएनटी सर्जन डॉ. आरएस विर्क और गोवा के डॉ. गोविन्द भुस्कुटे ने मिलकर किया है। लखनऊ एसजीपीजीआई के डॉ. रवि शंकर ने बताया कि 40 वर्षीय महिला के दिमाग का सेरेब्रोस्पाइनल फ्लूइड उसकी बांयी नाक से आ रहा था। रोगी को सिर दर्द, उल्टी व चक्कर आदि के लक्षण थे। उन्होंने बताया कि इस रोगी के दांयी नाक में बिना चीरा लगाए सर्जरी की गई। अब महिला की नाक से रिसाव बंद हो गया है। चीरा न लगने की वजह से नाक के आसपास कोई निशान नहीं पड़ा है। डॉ. रवि शंकर ने पहला मामला होने के नाते ऑपरेशन में करीब दो घंटे का समय लगे। इसमें करीब 40 हजार रुपये का खर्च आया है। उन्होंने बताया कि अब लखनऊ में इस तकनीक से ऑपरेशन करेंगे।

## पत्रकारों का संकल्प : सुरक्षा, मान्यता और एकजुटता पर हुआ मंथन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**निगोहां।** निगोहां प्रेस क्लब की मासिक बैठक शनिवार को श्रद्धांजलि सभा के साथ आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत प्रेस क्लब पदाधिकारी सुनील त्रिवेदी के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए हुई। उपस्थित पत्रकारों ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत बैठक का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष जय शुक्ला ने किया, जबकि अध्यक्षता पीजीआई प्रेस क्लब अध्यक्ष सरोज सिंह ने की। इस दौरान पचास से अधिक पत्रकारों ने भागीदारी कर संगठन की मजबूती, पत्रकार सुरक्षा, मान्यता और हितों को लेकर अपने विचार रखे।

सरोज सिंह ने कहा कि संगठित पत्रकारिता ही समाज और लोकतंत्र की असली ताकत है। उन्होंने सभी पत्रकारों से एकजुट रहकर पत्रकारिता की साख और सम्मान की रक्षा करने का आह्वान किया। मान्यता प्राप्त पत्रकार योगेंद्र तिवारी ने कहा कि पत्रकारों की समस्याओं का समाधान केवल सामूहिक मंच से ही संभव है। वरिष्ठ पत्रकार दिलीप मिश्रा ने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि संघर्ष पत्रकारिता की परंपरा का हिस्सा रहा है और एकता ही हर चुनौती का हल है। नगराम क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार बृजराज सिंह ने कहा कि पत्रकारों को सक्रिय भूमिका निभाकर आगे की रणनीति तैयार करनी होगी। वहीं, पीजीआई क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार संतोष राय और शिवा मिश्रा ने कहा कि बदलते दौर में पत्रकारिता पहले से कहीं अधिक जिम्मेदारी की मांग करती है। फेक न्यूज़, दबाव और संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियों के बीच भी पत्रकारों को निष्पक्ष और निर्भीक रहकर कलम चलानी होगी। इस अवसर पर डॉ. शेर बहादुर यादव, महामंत्री प्रदीप द्विवेदी और वरिष्ठ पत्रकार मुकेश मिश्रा ने भी अपने विचार रखे और संगठन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष विमल सिंह के संबोधन से हुआ।

उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता केवल खबर लिखने का कार्य नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा का सबसे बड़ा दायित्व बन चुकी है। ऐसे समय में संगठन और एकजुटता ही पत्रकारों की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में अधिवक्ताओं और पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर संयुक्त मोर्चा बनाने पर सहमति बनी। साथ ही, सरकार और प्रशासन तक पत्रकारों की समस्याएं पहुँचाने के लिए प्रतिनिधिमंडल गठित करने का निर्णय लिया गया। भविष्य में प्रशिक्षण कार्यशालाएं और संवाद कार्यक्रम आयोजित करने की रूपरेखा भी तय की गई। अंत में सभी पत्रकारों ने आगामी माह की 9 तारीख को अगली बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया और संगठन को मजबूत करने के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

### भारत की तुलना नेपाल से करना हास्यास्पद : राजेश्वर

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. राजेश्वर सिंह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा नेपाल का नाम लेकर भारत की जनता को भड़काए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। डॉ. सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ₹समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा यह कहना कि "भारत की स्थिति नेपाल जैसी हो सकती है" न सिर्फ़ भ्रामक और हास्यास्पद है बल्कि यह 140 करोड़ भारतीयों की मेहनत और उपलब्धियों का अपमान है।

## चिनहट में गोली लगने से युवक घायल, जांच जारी



**लखनऊ।** शनिवार को रात लगभग नौ बजे चिनहट क्षेत्र के मटियारी गांव निवासी सुरेंद्र पाल यादव के पुत्र पुनीत यादव 37 वर्ष को चार लोगों ने उस समय गोली मार दिया जब वह प्रणामी मंदिर पर बैठे थे। गोली पुनीत की कमर में लग कर दूसरी तरफ निकल गई। घायल का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्र के अनुसार पुनीत यादव ने विपक्षी विनय यादव एवं तीन अन्य अज्ञात लोगों द्वारा गोली मारने की बात कही है। गोली कमर में लगकर आर पार हो गई। बताया गया कि गोली पुरानी रंजिश में मारी गई है।

घटना की सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल का निरीक्षण किया। बताया गया है कि पुनीत की हालत खतरे से बाहर है। आरोपियों की तलाश और घटना की जांच जारी है।

## लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का ऐलान

### नई हिंदी फिल्म शुभ संगम की घोषणा की गई, दो से चार दिसंबर तक चलेगा महोत्सव

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** नवाबों का शहर लखनऊ अब सिनेमा के रंग में रंगने जा रहा है। यहां आयुब खान द्वारा शुरू और आयोजित नखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का ऐलान किया गया है। यह तीन दिन का फिल्म महोत्सव 2 से 4 दिसम्बर 2025 तक चलेगा,जिसमें फिल्मकारों, कलाकारों और दर्शकों को एक साथ लाकर कहानियों का जश्न मनाया जाएगा।



फेस्टिवल के फाउंडर,फिल्म प्रोड्यूसर,डायरेक्टर व डिस्ट्रीबूटर आयूब खान ने लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के बारे में कहा ₹लखनऊ एक शानदार शहर है और यहां सिनेमा को बेहद प्यार मिलता है।दिसम्बर के पहले हफ्ते में हम तीन दिन का यह फिल्म महोत्सव आयोजित कर रहे हैं।मुझे खुशी है कि राखेण बेदी, सोहम पी.शाह और फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बी.एन.तिवारी जैसे बड़े नाम इस खास मौके पर हमारे साथ हैं।₹इसी मौके पर आयूब खान ने अपनी आने वाली हिंदी फीचर फिल्म शुभ संगम की भी घोषणा की।फिल्म निर्देशक और जूरी सदस्य सोहम पी.शाह ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश राज्य में, हम यह प्रतिष्ठित फेस्टिवल लखनऊ के महारागंज स्थित पीबीजार सिनेमा में शुरू कर रहे हैं। इस फेस्टिवल का मकसद यहां के प्रतिभाशाली लेखक,निर्देशक और कलाकारों को प्रोत्साहित करना है। यह महोत्सव 2 से 4 दिसम्बर 2025 तक पीवीआर सिनेमा,महारागंज, लखनऊ में होगा। और खास बात यह है कि आयूब खान जी की नई हिंदी फीचर फिल्म शुभ संगम की शूटिंग भी नवंबर 2025 से उत्तर प्रदेश में ही शुरू होगी।₹ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ फिल्म अभिनेता राखेश बेदी,जो फेस्टिवल में जूरी सदस्य भी होंगे और फिल्म शुभ मंगम में भी अभिनय करेंगे, ने कहा ₹लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लॉन्च और फिल्म जुन संगम की घोषणा पर में आयूब खान और लखनऊ की जनता को बधाई देता है। मुझे खुशी है कि मैं इस फेस्टिवल में जूरी सदस्य होने के साथ-साथ फिल्म शुभ संगम में भी एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रहा हूं। पूर्व सेंसर बोर्ड अध्यक्ष पहलाद निहलानी ने कहारू लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के बोर्ड का डायरेक्टरस का हिस्सा बनकर मैं गर्व महसूस कर रहा हूं। 13 सितंबर 2025 को लखनऊ में इस भाव फेस्टिवल का शुभारंभ किया गया है। मैं सभी से आगरा करता हूं की आयु खान को आज आशीर्वाद और शुभकामनाएं दें। प्रयागराज के रहने वाले अयूब खान बेहद प्रतिभाशाली और रचनात्मक सोच वाले इंसान हैं। या फिल्म फेस्टिवल उनकी मेहनत और यहां के कलाकारों की मांग वह समर्थन का परिणाम है। साथ ही वह अपनी फिल्म शुभ संगम का भी ऐलान कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग पूरी तरह उत्तर प्रदेश में होगी। मैं उनके लिए दिल से शुभकामनाएं देता हूं। लखनऊ में लखनऊ इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और शुभ संगम दोनों की घोषणा एक साथ ही एक शहर बड़े सांस्कृतिक उत्सव के लिए तैयार है।

## फ्रेशर पार्टी में सम्मानित हुई मिस फ्रेशर चुनी गई छात्राएं

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** गोसाईगंज स्थित लाला महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय में शनिवार को नव प्रवेशित छात्राओं के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। आयोजन में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मिस फ्रेशर छात्राओं का चयन हुआ तो तालियां गूंज उठी।



बालिका महाविद्यालय के हाल में हुई फ्रेशर पार्टी का प्रबंधक अंबिका प्रसाद वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। छात्राओं के कार्यक्रमों के बीच विद्यालय के प्रबंधक अम्बिका प्रसाद वर्मा ने भी पियानो अकॉर्डियन पर संगीतमय प्रस्तुति दी जिसकी खूब सराहना की गई। महा विद्यालय में बीए की मिस फ्रेशर का ताज सौम्या के सिर बंधा तो बी कॉम में रानी, बीएलएड में तृप्ति तथा परास्नातक पाठ्यक्रमों से एम कॉम की अक्शा कलाम को मिस फ्रेशर चुना गया। सभी को प्रबंधक एवं प्राचार्या द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः अनामिका बी ए तृतीय वर्ष, अंशिका राजपूत एवं साक्षी सैनी बी ए प्रथम वर्ष को मिला। कार्यक्रम में प्रबंधक अम्बिका प्रसाद वर्मा, श्रीमती सरिता वर्मा, प्राचार्या डॉ नीरज सिंह रघुवंशी सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**आयोजन** | डा .एसएन गुप्ता सहित अनेक हस्तियां व 108 साहित्यकार सम्मानित, पुस्तक प्रेमियों ने खरीदीं मनपसंद किताबें

# 22 वां पुस्तक मेला : रतन सिस्टर्स ईशा-मीशा के कथक से सजी शाम

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग पर चल रहा 22वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला समापन की दहलीज़ पर है। ग्यारहवें दिन हिन्दी दिवस पर कल रात मेला विदा ले लेगा। पुस्तक प्रेमियों से गुलजार मेले में लोग अपनी पसंद के हिसाब से किताबें खरीदते दिखे। बाराबंकी के विनय ने दलित साहित्य की 15 पुस्तकें खरीदीं। मधूलिका ने शुभि प्रकाशन से जय शेट्टी की संन्यासी की तरह सोचें और रोजर की फर्स्ट थिंग्स फर्स्ट किताब खरीदी।

इंटर स्टूडेंट अवंतिका और प्रभात ने बाइनाकुलर जैसे कुछ उपकरण पसंद किए। नन्हीं ऋचा, क्षिति और आरव ने कलरिंग बुक और कहानियों की किताबें लीं। मेला मंच पर आज निखिल प्रकाशन के पर्यावरण चेतना व सम्मान समारोह में 108 हिन्दी साहित्यकारों को सम्मानित करने के पश्चात बंगाल के सेवानिवृत्त शिक्षक सुकुमार जैन की बांग्ला पुस्तक कविता कहानी का संग्रह काकोली का विमोचन हुआ। शाम को पुस्तक मेला समिति और द ट्रिब्यून का सम्मान समारोह हुआ। समारोह में कैंसर संस्थान के निदेशक प्रो.एमएलबी भट्ट, जबलपुर विधि विधि के प्रो.बलराज चौहान, ग्वालियर के प्रो.ए सिंह, पीएफ आयुक्त एके गुप्ता, शिक्षाविद् रचना मेहरोत्रा जैसे अतिथियों और संयोजक मनोज सिंह चंदेल व केपी सिंह व केपी सिंह ने स्वास्थ्य व अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों को अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया। इनमें श्वास रोग विशेषज्ञ डा.एसएन गुप्ता, डा.ममता गुप्ता, डा.अरवीन तुलसी, डा.फराह अरशद, डा.केबी जैन, डा.एएम सिद्दीकी, डा.देवेश कोहली, डा.अमित कुमार निरंजन, जसवंत सिंह, नितिन भाटिया, सिटी एसेंस पत्रिका की ईशा सिंह, डा.रिंकी पाठक, रामशंकर वर्मा, अर्चना राय, रचना मित्रा, डा.तुषार चेतावनी, मधुलिका अग्रवाल, मधुमिता मुखर्जी, अंजना स्वामी और शिल्पी जैन आदि शामिल थे। शाम को वाणी प्रकाशन से निकली रतन श्रीवास्तव रतन की पुस्तक ख्वाबों का ताना बाना का विमोचन हुआ। अंत में भुशुण्डि साहित्य संस्थान का कार्यक्रम हुआ।





### आज के कार्यक्रम

- पूर्वाह्न 11:00 बजे काव्य समारोह-लक्ष्य सांस्कृतिक संस्थान
- अपराह्न 3.30 बजे नृत्य- स्नेहा रस्तोगी
- शाम 4:00 बजे चन्द्रशेखर वर्मा के ग़ज़ल संग्रह पर चर्चा
- शाम 4:30 बजे के विक्रम राव स्मृति कार्यक्रम
- शाम 5:30 बजे स्मरणांजलि
- शाम 7:15 बजे काव्य समारोह- अपूर्वा संस्था

**बिजली सी गति में रतन सिस्टर्स का मोहक कथक**

मेले में रतन सिस्टर्स ईशा-मीशा के डांस ग्रुप की शास्त्रीय कथक और अन्य नृत्य प्रस्तुतियों में बिजली सी चपलता दिखी। ईशा-मीशा ने रुद्राष्टकम में शिव का वंदन स्तवन किया। राम वंदना के संग सूफ़ी रंगत में छाप तिलक सब छीन्हीं... भी अलग अलग रंगों में रही। शिष्याओं अनुष्का सिंह रिद्धिमा श्रीवास्तव ने गणेश वंदना और काहे छेड़ पर नृत्य किया।

# शाहजहांपुर में धार्मिक टिप्पणी से भड़की भीड़, पुलिस ने भीड़ को तितर बितर किया

## अफवाहों पर ध्यान न दें, शांति व कानून व्यवस्था पूरी तरह कायम : डीएम

» अफवाह फैलाने बालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी : एसपी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** सोशल साइट पर धार्मिक अभद्र टिप्पणी के बाद शहर का माहौल थोड़ा गरमा गया। लेकिन पुलिस की त्वरित कार्रवाई से आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर उसके खिलाफ गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। वही थाने के बाहर लगी भीड को पुलिस ने तितर बितर कर स्थिति को नियंत्रण में ले लिया।


मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से संयम बनाए रखने की अपील की है। साथ ही अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल आरोपित को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। डीएम का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है और शहरवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। प्रशासन लगातार हालात पर नजर रखे हुए है। डीएम एसपी भारी पुलिस बल के साथ शहर में पैदल मार्च कर नजर बनाए हुए हैं।

## किराना दुकानदार पर लाठी-डंडो से हमला

**बरेली।** थाना आंवला क्षेत्र के ग्राम मनौना में उस वक्त हड़कंप मच गया जब किराना दुकानदार पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित को बचाने आए युवक भी दबंगों ने जमकर पीटा, पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी देते हुए पीड़ित इमरान पुत्र अहमद नवी ने बताया कि उसकी गांव में ही किराना की दुकान है। वह अपनी दुकान पर बैठा था। तभी गांव के ही जगमोहन सिंह उर्फ कल्लू अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ लाठी, हाकी और तमंचे से लैस होकर दुकान पर आ धमका। आरोप है कि इन्होंने बिना किसी उकसावे के दुकानदार पर हमला कर दिया। दुकान पर मौजूद सद्दाम पुत्र मेंहदी हसन ने जब बीच-बचाव किया तो हमलावरों ने उसे भी नहीं बख्शा और तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना सुबह लगभग 8 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित इमरान ने तत्काल थाना आंवला में लिखित शिकायत दी है।

# बरेली दिशा पाटनी के पैतृक आवास पर फायरिंग पर पुलिस सक्रिय

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» दिशा पाटनी के पिता जगदीश पाटनी ने की शस्त्र लाइसेंस मांगा

**बरेली।** अभिनेत्री दिशा पाटनी के सिविल लाइंस स्थित घर पर हुई फायरिंग के बाद परिवार दहशत में है। पुलिस के वरिष्ठ पुलिस अफसर दिशा ने पिता रिटायर्ड विजिलेंस सीओ जगदीश पाटनी से भी बात कर हालचाल जाना और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। दिशा पाटनी के पिता जगदीश पाटनी ने जिलाधिकारी से शस्त्र लाइसेंस मांगा है।

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि एसपी ट्रैफिक मो. अकलम खान को भी हमलावरों को पकड़ने में लगाया गया है। एसपी ट्रैफिक की टीम आईसीसीसी के माध्यम से हमला होने से लेकर उससे 72 घंटे तक की फुटेज खंगाल रही है। इसके साथ ही एसपी ट्रैफिक की टीम बदमाशों के फरार होने वाले रूट के सभी कैमरों को भी खंगालेगी। पुलिस हमला होने से 72 घंट तक दिशा पाटनी के घर के बाहर हर हलचल को भी देखेगी। मानुष पारिक, एसपी सिटी ने बताया कि हमलावरों की तलाश में अब छह टीमें लगाई गई हैं। अब तक उनके बारे में कोई सुराग नहीं लगा है। हर दिशा में जांच पड़ताल की जा रही है।

घटना स्थल से खोखे बरामद हुए थे। जिससे यह बात तो साफ है। फायरिंग पिस्टल से ही हुई है। लेकिन किस तरह की पिस्टल से फायरिंग हुई है। इस बात की जानकारी के लिए बरामद हुए खोखे एफएसएल भेजे गए है। एफएसएल की रिपोर्ट आने के बाद पता चल पाएगा। दिशा पाटनी के घर पर हुई फायरिंग के बाद पुलिस अधिकारियों ने उनको सुरक्षा प्रदान कर दी है। इसके साथ ही घर पर पुलिस गारद लगा दी है। सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत करने के लिए अभिनेत्री दिशा पाटनी के पिता जगदीश पाटनी ने घर की गली में गेट लगाने का काम शुरु करा दिया है। जगदीश पाटनी ने बताया कि गली में गेट लगने के बाद एक गार्ड भी लगाया जाएगा। जो गली में आने वालों का रिकार्ड रखेगा। घर पर ही थी। हमले के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस आला अधिकारियों ने मौके पर पहुं च कर घटना स्थल का निरीक्षण किया था। हमले की जानकारी होने पर अभिनेत्री दिशा पाटनी भी घबरा गई। दिशा पाटनी ने बहन खुशबू पाटनी को फोन कर परिवार की कुशलता जानी। श्री पत्नी बरेली के डीएम से शस्त्र लाइसेंस माँगा है। बता दें कि हमले के बाद फरार हुए हमलावरों को पुलिस तलाश कर रही है। शुरुआती जांच में पुलिस को पता चला था कि हमलावर रामपुर की ओर से झुमका तिराहा से शहर में प्रवेश किया था। हमले को अंजाम देकर बदमाश झुमका चौराहे का रास्ता नहीं चुना था।

## उधार के रुपये मांगने पर दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट

**भोजीपुरा।** उधार के रुपये मांगने पर दो गुटों में मारपीट हो गई। मारपीट की घटना में युवक व उसकी बहन मां भी घायल हो गए। पुलिस ने एक युवक व महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायलों को मेडिकल उपचार के लिए भेजा उपचार के बाद डाक्टर ने सभी घायलों की छुट्टी कर दी।

भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव भूड़ा निवासी राहुल साहू के गांव के ही राहुल पर उधार के 8000 आ रहे थे। राहुल साहू अपने रुपये मांगने गया तभी राहुल ने रुपये देने से इंकार कर दिया और गंदी गंदी गालियां देने लगा। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने गालियां देने पर विरोध जताया तो आरोपी ने परिवार की महिला के साथ लाठी डंडों से मारना शुरू कर दिया। शोरगुल की आवाज पर मां गंगादेई व बहन राधा बचाने पहुंची तो हमलावरों ने उनकी भी पिटाई कर दी।

पुलिस ने घायल राहुल के भाई आकाश साहू की तहरीर पर राहुल व महिला नन्ही देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भोजीपुरा भेजा जहां डाक्टर ने उपचार के बाद छुट्टी कर दी।

## एक नजर

### डीएम-एसपी ने संयुक्त रूप से थाना समाधान दिवस में की जनसुनवाई



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने संयुक्त रूप से थाना समाधान दिवस में फरियादियों की सुनवाई की। गजरौला थाने में आयोजित समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों की शिकायतों का संज्ञान लिया गया। आपसी विवाद संबंधी शिकायतों के संबंध में सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल व पुलिस कर्मचारियों द्वारा मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देशित किया कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। थाना प्रभारी को जनसुवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर फरियादियों की समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित न रहे। जिलाधिकारी द्वारा थानाध्यक्ष को निर्देश देते हुये कहा कि आईजीआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिकायती प्रार्थना पत्र रजिस्टार का निरीक्षण किया। रजिस्टर में शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता देखी तथा लम्बित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिये। थाना समाधान दिवस के दौरान संबंधित थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय प्राथमिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**पीलीभीत।** समाधान विकास समिति के तत्वाधान में शहर के मोहल्ला अशरफ खां स्थित कंपोजिट विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय प्राथमिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।माहिरा और अदीबा ने प्राथमिक चिकित्सा के उद्देश्य तथा प्राथमिक चिकित्सा सेवाकर्ता के गुणों का वर्णन किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका यामिनी मिश्रा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय प्राथमिक चिकित्सा दिवस प्रत्येक वर्ष सितंबर माह के द्वितीय शनिवार को मनाया जता है। आधुनिक प्राथमिक चिकित्सा का जनक फ्रेडरिक एस्मार्च को माना जाता है और वह एशियाई सैन्य सर्जन थे। उन्होंने युद्ध के दौरान घायल सैनिकों की सहायता के लिए प्राथमिक चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने किया वृक्षारोपण, कहा- हर नागरिक एक पौधा अवश्य लगाए

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** नगर निगम के मेरा शहर-मेरा घर अभियान के तहत शनिवार को वार्ड 60 मोहल्ला गाड़ी गाड़ीपुरा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुतुलाल चौराहा से रोजा रोड तक सड़क किनारे फलदार व छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आम, जामुन और इमली के पौधे रोपकर किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हर नागरिक की जिम्मेदारी है। सभी लोग कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसे जीवित रखने का संकल्प लें। उन्होंने यह भी अपील की कि लगाए



गए पौधों की देखभाल विशेष रूप से की जाए ताकि भविष्य में आमजन को इनसे छाया और शुद्ध ऑक्सीजन मिल सके। वृक्षारोपण कार्यक्रम में नगर विकास विभाग, स्थानीय नगरीय निकाय, लखनऊ के अपर निदेशक असलम अंसारी, नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्र, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल, उद्यान प्रभारी विजय नारायण मौर्य, अधिशासी अभियंता जल सुशील कुमार, वार्ड-60 से लाल सिंह यादव व अरुण सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षित, निरीक्षक सतेंद्र कटियार समेत अन्य संभ्रांत नागरिकों ने भी आम, जामुन, इमली, अशोक, अमलतास और कचनार के पौधे ट्री गार्ड सहित रोपे।

# आपत्तिजनक पोस्ट करने वाली महिला गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने सोशल साइट पर हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी शनिवार को गदियाना तिराहे से की गई। पुलिस के मुताबिक 12 सितंबर को विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री अशनील सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इसमें आरोप था कि मोहल्ला तारीन जलालनगर निवासी लूबीना जिआ समेत तीन लोगों ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट डाली थी।

इस पोस्ट से हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं और शहर में आक्रोश फैल गया। एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में बनी



पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को लूबीना जिआ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि उसके पास से आपत्तिजनक पोस्ट करने में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार महिला के खिलाफ मुकदमा संख्या 545/2025 धारा 299/302 /353(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह, महिला उपनिरीक्षक साक्षी, महिला कांस्टेबल कविता यादव मौजूद थी। पुलिस का कहना है कि बाकी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# 20 हजार की रंगदारी मांगने के आरोप में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष यशवंत सिंह सहित चार पर मुकदमा दर्ज

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पीलीभीत।** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष यशवंत सिंह उनके हमसफर गोपाल शर्मा तथा शैली उर्फ जौली, गौरव राणा सहित एक अन्य व्यक्ति पर गौशाला पहुंचकर प्रधानपुत्र से बीस हजार की रंगदारी मांगने का आरोप है। प्रधानपुत्र की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। निषाद पार्टी के पदाधिकारियों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत पंडरी निवासी प्रधानपुत्र कमल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके द्वारा पंचायत स्थित गौशाला का संचालन किया जा रहा है। 10 सितंबर 2025 की रात्रि में एक गौवंश की मृत्यु हो गयी थी। रात होने के कारण गौवंश के शव की अंत्येष्टि नहीं की गई और शव को गौशाला में सुरक्षित रख दिया गया। सुबह को गौवंश के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। प्रधानपुत्र का आरोप है कि अगले दिन कुछ लोग काले रंग की कार से गौशाला पहुंचे और कार से उतरते ही सभी केयर


आरोपी यशवंत सिंह | आरोपी गोपाल शर्मा | आरोपी गौरव राणा | आरोपी जौली गुप्ता

टेकर सहित उसे गन्दी-गन्दी गालियां व जानमाल की धमकिया देते हुए अमादा फसाद हो गये। प्रधानपुत्र ने विरोध किया तो दहशतगर्दों ने थप्पड़, लात-घूसों से मारना शुरू कर दिया। आरोप है कि दहशतगर्दों ने 20 हजार रुपए की रंगदारी न देने पर प्रधानपुत्र के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर जेल भिजवाने की धमकी तक दे डाली। प्रधानपुत्र ने काले रंग की कार से गौशाला पहुंचे यशवंत सिंह, गोपाल शर्मा, शैली उर्फ जौली गुप्ता, गौरव राणा आदि द्वारा मानसिक, आर्थिक, सामाजिक रूप से प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चारों नामजद आरोपियों सहित एक अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 352, 115(2) और 351(3) मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**कार्रवाई किये जाने की मांग**

निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष रोहित कश्यप सहित तमाम पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

**फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया**

बीते चार दिन पूर्व ही यशवंत सिंह को विश्व हिंदू रक्षा परिषद के शीर्ष पदाधिकारियों ने पीलीभीत जिलाध्यक्ष पद की कमान सौंपकर हिंदुत्व की रक्षा हेतु भरोसा जताया था। आरोपी यशवंत सिंह ने बताया कि तहसीलदार की मौजूदगी में उनके द्वारा गौशाला का निरीक्षण किया गया था। दवाब बनाने के लिए फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# ट्रांस शारदा क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितो को सपा नेता ने वितरित की राशन किट




**विश्ववार्ता संवाददाता**

**पीलीभीत।** समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सपा नेता राजकुमार राजू ने ट्रांस शारदा क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव गुप्ता, रामनगर, सिद्धनगर, चंद्रनगर, नेहरू नगर, भुर्जनिया, शास्त्रीनगर, हजारा, अशोक नगर, श्रीनगर, कबीरगंज, नहरोसा, गौतम नगर आदि में पहुंचकर बाढ़ पीड़ित परिवारों को 500 राशन किट वितरण की।

सपा नेता राजू ने इस दौरान कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से ही जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे रही है। उन्होंने कहा कि सभी को जरूरतमंद परिवारों की सहायतार्थ आगे आना चाहिए। इसके बाद उन्होंने क्षेत्रीय सपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और सत्ताधारी पार्टी द्वारा की गई वोट चोरी मामले से मतदाताओं को जागरूक करके आगामी चुनाव की तैयारियों में जुटने के निर्देश दिए। इस दौरान पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित बाढ़ पीड़ित परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# विहिप-बजरंग दल ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, उपद्रवियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**शाहजहांपुर।** सोशल मीडिया पर की गई अभद्र टिप्पणी और सदर बाजार क्षेत्र में हुए उपद्रव को लेकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल का प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी से मिला। विभाग मंत्री अशनील सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर उपद्रवियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि 12 सितंबर की रात सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा अभद्र टिप्पणी किए जाने के बाद पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की थी। बावजूद इसके कुछ अराजक तत्वों ने सदर बाजार थाने के सामने जमावड़ा कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। आरोप है कि इस दौरान हिंदू धर्म विरोधी नारे लगाए गए और



सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं व बजरंग दल के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं, जिससे हिंदू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। विहिप ने मांग की है दंगा भड़काने का प्रयास करने वालों पर मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। उपद्रवियों की पहचान सीसीटीवी फुटेज से कर कठोर दंड दिया जाए। भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों इसके लिए ठोस व्यवस्था बनाई जाए।

विहिप और बजरंग दल नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालों में महानगर अध्यक्ष अभिनव ओमर, विभाग मंत्री अशनील सिंह, प्रांत मिलन प्रमुख हरीश प्रजापति, महानगर मंत्री धर्मेंद्र, सह मंत्री प्रदीप प्रजापति, महानगर संयोजक हर्षित गुप्ता, सतसंग प्रमुख रमेश कुमार, सुरेश व लखन शामिल रहे।

# अदालत में 287610 वादों का सुलह समझौते के आधार पर हुआ निस्तारण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशन में जनपद न्यायाधीश सुधीर कुमार, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ देवी सरस्वती एवं गणेश भगवान की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों, विभिन्न बैंकों, बीमा कंपनियाँ, अधिवक्ताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया एवं लंबित वादों का निस्तारण कराया।

अपर जनपद न्यायाधीश निकुन्ज मित्तल, नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, बरेली ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कुल 287610 वादों का सफल निस्तारण कर 296074795 रुपये की धनराशि का आदेश पारित किया गया।राष्ट्रीय लोक अदालत में सत्र न्यायालय द्वारा 485



वादों का निस्तारण कर 7300 रुपये की जुर्माना राशि, दीवानी न्यायालयों द्वारा 67162 वादों का निस्तारण कर 2952285 रुपये की जुर्माना राशि, फौजदारी न्यायालयों द्वारा 5086 वादों का निस्तारण कर 1449460 रुपये की जुर्माना धनराशि का आदेश पारित किया गया।लोक अदालत में गिले शिकवे दूर कर पारिवारिक न्यायालयों द्वारा 170 जोड़ों के मध्य समझौता कराया गया। प्रधान न्यायाधीश चन्द्र प्रकाश तिवारी द्वारा 29 वादों में आपसी समझौता कराया गया, जिसमें से 8 दम्पतियों को सुलह समझौते के साथ विदा किया, अपर प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार सिंह द्वारा 25 वादों का, छाया नैन द्वारा 58 वादों का व ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी द्वारा 58 वादों का निस्तारण किया गया।

मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण द्वारा 214 वादों का निस्तारण कर 107507000 रुपये की समझौता धनराशि, वाणिज्यिक न्यायालय द्वारा 9 वादों का निस्तारण कर 13847995 रुपये की समझौता धनराशि का आदेश पारित किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में 41061 वादों का, सम्भागीय परिवहन विभाग द्वारा 1051 मामलों का निस्तारण कर 1020800 रुपये की समझौता राशि, पुलिस विभाग द्वारा 134053 मामलों का जिसमें 34413 ई चालानों का निस्तारण कर 37806600 रुपये की जुर्माना राशि, कैनाल न्यायालय द्वारा 6 मामलों का निस्तारण कर 500 रुपये की समझौता राशि, उपभोक्ता फोरम द्वारा 8 वादों का निस्तारण कर 240888 रुपये की समझौता राशि, श्रम न्यायालय द्वारा 19 वादों का निस्तारण कर 22083030 रुपये की समझौता राशि, श्रम कार्यालय द्वारा 19 वादों का निस्तारण कर 20552937 रुपये की समझौता राशि, बी.डी.ए. द्वारा 6 वाद, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 1348 मामलों का, नगर निगम द्वारा 10489 मामलों का निस्तारण किया गया तथा भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा 23 मामलों का निस्तारण कर 60000 रुपये की समझौता धनराशि एवं जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा 18571 मामलों के निस्तारण का आदेश पारित किया गया।

## एक नजर

### अफीम के साथ युवक गिरफ्तार

**बरेली।** थाना आंवला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 850 ग्राम अफीम के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पूरनलाल पुत्र नंदराम निवासी ग्रमा लभारी, थाना सिरौली के रूप में की गई है। पुलिस टीम में शामिल दरोगा सचिन कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे। जैसे ही वह रामनगर रोड स्थित रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचे। सूचना दी कि एक युवक बेचने की फिराक में है। टीम ने आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी की जेब से पारदर्शी पन्नी में भरी 850 ग्राम अफीम बरामद की है। आरोपी से पुलिस ने एक मोबाइल और मोटरसाइकिल बरामद हुई है। घटना की सूचना पर सीओ आंवला नितिन कुमार भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### स्कूटी की डिग्गी का लॉक तोड़कर पर्स व कागजात चोरी

**भोजीपुरा।** तीन दिन पूर्व सिद्धि विनायक इंजीनियरिंग कालेज आरआरबी टीजीटी की परीक्षा में चोरों ने सुरक्षा में सेंध लगा दी। छात्रा की स्कूटी की डिग्गी का लॉक तोड़कर पर्स चोरी कर लिया। छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिद्धि विनायक इंजीनियरिंग कालेज में 10 सितंबर को आर आरबी टीजीटी की परीक्षा थी। परीक्षा में बरेली शहर के शास्त्री नगर की छात्रा संतमणि अपनी स्कूटी से परीक्षा देने आई थी।

# सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अफसरों को प्रदान किया प्रशिक्षण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी /अपर जिलाधिकारी (वि/रा) संतोष कुमार सिंह ने समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो को निर्वाचन नमावली से संबंधित विषय पर जनपद स्तर पर आगामी पुनरीक्षण के दृष्टिगत प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

बैठक में बताया गया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पादित किया गया था तथा प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा बूथ लेवल अधिकारियों को निर्वाचक नामावली से सम्बन्धित विषय पर जनपद स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना था। उपरोक्तानुसार प्रशिक्षण प्रदान करने के पश्चात सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करते हुए 2003 व 2025 की मतदाता सूचियों की मैपिंग का कार्यक्रम तीन दिन के अंदर कराएं जाने के निर्देश दिये गए। प्रशिक्षण में निर्वाचक नामावलियों से सम्बन्धित विधिक प्रावधानों, बीएलओ ऐप, ईआरओ नेट, आईटी की विविध गतिविधियों, उनके दायित्व एवं कर्तव्य इत्यादि के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त उपस्थित अधिकारियो को निर्देश दिये निर्वाचक नमावली का कार्य पूरी गंभीरता के साथ करें इसमें किसी प्रकार कि शिथिलता ना बरती जाये।

**प्रतियोगिता** श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की 36वीं वार्षिक अंतर विद्यालय वाद- विवाद प्रतियोगिता आयोजित

# 19 स्कूलों के 38 विद्यार्थियों ने इसके पक्ष व विपक्ष में राय रखी

» दो अक्टूबर को श्रद्धांजलि दिवस समारोह में द गुरु स्कूल को प्रदान की जाएगी चल वैजयंती

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बरेली।** श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से 36वीं वार्षिक अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता शनिवार को एसआरएमएस रिद्धिमा में आयोजित हुई। श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक अंतर विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता 2025 में 'सोशल मीडिया के प्रयोग की न्यूनतम सीमा होनी चाहिए' विषय पर 19 स्कूलों के 38 विद्यार्थियों ने इसके पक्ष और विपक्ष में मजबूत तर्कों के साथ अपनी-अपनी राय रखी। प्रतियोगिता में संभाषण के लिए सभी को पांच-पांच मिनट का समय दिया गया। निर्णायक डा. सौरभ गुप्ता, डा.कमलेंद्र कुमार और इंजीनियर अश्विनी चौहान ने प्रतियोगियों के तर्कों, उनकी



संभाषण कला, भावों, वाकपटुता और समय सीमा के आधार प्रतियोगिता में विजेताओं का चयन किया और इसकी घोषणा की।

विषय के पक्ष में संभाषण के लिए एसआर इंटरनेशनल के छात्र अथर्व अग्रवाल प्रथम, द गुरु स्कूल की वर्तिका गुप्ता दूसरे और जीआरएम दोहरा रोड की वैष्णवी सिंह को तीसरा स्थान हासिल हुआ। सेक्रेड हार्ट्स की जान्वी सिंह को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। विपक्ष में संभाषण के लिए द गुरु स्कूल की छात्रा कृतिका गंगवार पहले स्थान पर रहीं। जीआरएम दोहरा रोड की अपर्णा मिश्रा को दूसरा और एसआर इंटरनेशनल की सांची कोहली को तीसरा स्थान मिला। राधा माधव पब्लिक स्कूल के निशांत पाठक को सांत्वना पुरस्कार हासिल हुआ। विषय के पक्ष में दूसरा स्थान (वर्तिका गुप्ता) और विषय के विपक्ष में पहला स्थान (कृतिका गंगवार) मिलने की वजह से द गुरु स्कूल को बेस्ट कॉलेज चुना गया। इसके लिए चल वैजयंती एसआरएमएस ट्रस्ट द्वारा दो अक्टूबर को इंजीनियरिंग कालेज में आयोजित श्रद्धांजलि दिवस समारोह में प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर ट्रस्ट की डिप्टी एडमिनिस्ट्रेटर रुचि शर्मा, स्कूलों के कोऑर्डिनेटर मौजूद रहे।

संभाषण के लिए एसआर इंटरनेशनल के छात्र अथर्व अग्रवाल और विपक्ष में संभाषण के लिए द गुरु स्कूल की छात्रा कृतिका गंगवार को पहले स्थान के लिए चुना गया। विजेताओं को श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, ट्रस्ट सलाहकार इंजीनियर सुभाष मेहरा और श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के प्राचार्य डा.प्रभाकर गुप्ता, रिद्धिमा सेंटर हेड आशीष कुमार ने पुरस्कार प्रदान किए।

## एक नजर

### नवरात्र पर बंद रहें मांस-मदिरा की दुकानें

**बांदा।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित बैठक करके कांग्रेसियों ने नवरात्रि महोत्सव के दौरान मांस-मदिरा की दुकानों को बंद रखने की मांग बुलंद की। कांग्रेसियों ने 22 सितंबर से शुरू हो रहे हिंदू धर्म के प्रमुख पर्व नवरात्रि के दौरान दुर्गा पंडालों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, महेश्वरी देवी, कालीदेवी मंदिर समेत शहर के प्रमुख देवी मंदिरों व प्रमुख मार्गों पर चार पहिया वाहनों व ई-रिक्शा का प्रवेश प्रतिबंधित करने, प्रमुख चैराहों पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने, अन्ना मवेशियों को कांजी हाउस या गौशालाओं में बंद करने के साथ ही साफ सफाई और 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांगों को उठाया। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म के प्रमुख पर्व नवरात्रि के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था न फैलने पाए। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष संकटा प्रसाद त्रिपाठी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान, पीसीसी मुमताज अली, महामंत्री सत्यप्रकाश द्विवेदी आदि शामिल रहे।

### बैटरी चोरी करने वाले 2 चोरों को 2 बैटरियों के साथ किया गिरफ्तार



**उरई जालौन।** उरई कोतवाली पुलिस ने शनिवार को दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी की गई ई-रिक्शा की दो बैटरियों के साथ एक तमंचा और 2 जिंदा कारतूस भी बरामद किए। जिन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उसमें एक का नाम ताज खां पुत्र रमजानी निवासी काशीराम कालौनी ब्लॉक-1, कोतवाली उरई है, जो मूल रूप से चौरसी गांव का रहने वाला है, जबकि दूसरा अभियुक्त कन्हैया पुत्र स्व. दीनदयाल निवासी उमरारखेडा उरई का है। पुलिस के अनुसार दोनों काफी समय से चोरी और अवैध हथियारों से जुड़े अपराधों में सक्रिय थे। ताज खां के आपराधिक इतिहास की बात करें तो उसके खिलाफ कोतवाली उरई में 2 मुकदमे, जबकि वहीं, कन्हैया के खिलाफ 4 मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

### दीवार गिरने से बुजुर्ग की मौत

**बांदा।** छप्पर के नीचे सो रहे बुजुर्ग के ऊपर पड़ोसी की कच्ची दीवार गिर गई। जिसके मलबे में दबकर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के लौली टीकामऊ गांव निवासी छेदीलाल (80) पुत्र मुन्शी शनिवार की सुबह छप्पर के नीचे सो रहा था। तभी पड़ोसी बालकिशुन की कच्ची दीवार भरभरा कर ढह गई। दीवार के मलबे के नीचे बुजुर्ग दब गया। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। कड़ी मशक्कत के बाद उसे मलबे से बाहर निकाला गया। उसे पीएचसी बिसंडा में भर्ती कराया गया। जहां इलाज शुरू होने से पहले ही छेदीलाल ने दम तोड़ दिया। मृतक के पुत्र संतोष ने बताया कि छेदीलाल किसानी करता था। उसके पास पटटे की ढाई बीघा जमीन है, इसके अलावा वह मजदूरी करता था।

# चांदी की पालकी में निकाली मां जिनवाणी की भव्य शोभा यात्रा

» जगह-जगह स्वागत कर लोगों ने उतारी जिनवाणी की आरती

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** पर्यूषण पर्व के समापन पर जैन समुदाय के लोगों ने जिनवाणी पालकी यात्रा निकालकर भगवान महावीर के बताए सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। पालकी यात्रा का जैन समुदाय के लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया और जिनवाणी की आरती उतारी। शोभायात्रा में शामिल महिलाओं ने जमकर चांचर नृत्य किया और भक्ति भजनों के साथ स्तुति की। वहीं पुरुषों ने भगवान महावीर के जयकारे लगाए।

शहर के छोटी बाजार स्थित तारण तरण दिबंगर चैत्यालय (मंदिर) में शनिवार को पर्युषण पर्व समापन पर मंदिर विधि, पालकी शुद्घि एवं ध्वजारोहण के बाद शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें चांदी की पालकी पर



जिनवाणी पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

जिनवाणी के अलावा भगवान महावीर द्वारा रचित 14 ग्रंथ रखे गए थे। चांदी की पालकी को कंधे पर लेकर जैन समाज के धर्मावलंबियों ने भव्य शोभा यात्रा निकाली। शोभा यात्रा में महिलाओं, पुरुषों और नवयुवकों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। नवयुवक भगवान के बताए सिद्धांतों के नारे लगा रहे थे, वहीं महिलाओं ने मंगल गीत गाए। शोभा यात्रा छोटी बाजार से शुरू होकर स्टेशन रोड स्थित जैन धर्मशाला पहुंची, जहां पालकी जी को उच्च सिंहासन में विराजमान कर भक्तों ने भजन कीर्तन के साथ मां जिनवाणी की आरती और चैहर किया। इसके बाद रामलीला रोड, चैक बाजार, कोतवाली चैराहा होते हुए वापस छोटी बाजार जैन मंदिर पहुंच कर शोभा यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान पुष्प वर्षा के साथ पालकी यात्रा का जगह-जगह स्वागत और आरती उतारी गई। प्रसाद वितरण और भंडारा के साथ पालकी यात्रा का समापन हुआ।

शोभायात्रा में भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि अंकित बासू, पूर्व चेयरमैन विनोद जैन, राजकुमार राज, मनोज जैन, प्रकाशचंद जैन, योगेश जैन, राकेश जैन, अंशुल जैन, आलोक जैन, आर्यन जैन, ध्रुव जैन, डॉ. संजय जैन, सुभाष मोइया, रत्नेश जैन राहुल जैन, सीमा जैन, रश्मि जैन, मीनू जैन, पूनम जैन, दिव्या जैन, शैली जैन, नीता जैन, नीलू जैन, स्मिता जैन, राखी जैन, संजौली जैन, योगिता जैन, सेजल जैन समेत जैन समुदाय के प्रमुख लोग शामिल रहे।

## प्राथमिक शिक्षक संघ 16 सितंबर को मनाएगा काला दिवस



विश्ववार्ता संवाददाता

» प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर बैठक कर शिक्षकों ने बनाई रणनीति

**बांदा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय आह्वान पर 16 सितंबर को सभी शिक्षक काला दिवस मनाकर भारत सरकार द्वारा शिक्षकों की सेवा शर्तों में बदलाव करने और उसको बाध्यकारी किए जाने का विरोध दर्ज कराएंगे। शिक्षक 16 सितंबर को शहर के जीआईसी मैदान में एकत्र होकर प्रधानमंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन भी जिलाधिकारी को सौंपेंगे।

शनिवार को आयोजित बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने 16 तारीख को आयोजित काला दिवस को सफल बनाने के लिए सभी शिक्षकों का आह्वान किया। कहा कि शिक्षकों सेवा शर्तों में बदलाव और उसे बाध्यकारी बनाना शिक्षक सेवा नियमावली के खिलाफ है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के लिए भी केंद्र सरकार को ही जिम्मेदार ठहराया। कहा कि सरकारों ने अपना पक्ष सही तरीके से नही रखा और न्यायालय को वस्तु स्थिति से अवगत भी नहीं कराया गया। केंद्र व सरकार की संवेदनहीनता के परिणामस्वरूप सर्वोच्च अदालत ने ऐसा निर्णय सुनाया है। जिला मंत्री प्रजीत सिंह ने कहा कि प्रत्येक प्रदेश की स्थितियां अलग-अलग हैं और वहां की सेवा शर्तें भी अलग हैं। ऐसे में पूरे देश में एक ही नियम लागू करना उचित नहीं है। शिक्षक समुदाय अपनी लड़ाई सड़क से लेकर न्यायालय तक मजबूती के साथ लड़ने को तैयार है। किसी भी शिक्षक का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। बताया कि प्रदेश अध्यक्ष डा.दिनेशचंद्र शर्मा ने शिक्षकों को आश्वस्त किया है कि उनकी लड़ाई सड़क पर विरोध प्रदर्शन और न्यायालय में मजबूती के साथ पक्ष रखते हुए लड़ी जाएगी और शिक्षक हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाशंकर यादव, संयुक्त मंत्री जयकिशोर दीक्षित, कोषाध्यक्ष राम सुफल कश्यप समेत सभी ब्लाकों के अध्यक्ष व मंत्री शामिल रहे।

## हनुमान कथा के आयोजन पर धूमधाम से निकली शोभायात्रा



**बांदा।** दिव्य अध्यात्म राष्ट्र सेवा मिशन एवं दिव्य श्रीराधा सखी मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्री हनुमान कथा का आयोजन कराया जा रहा है। हनुमान कथा की शुरूआत से पूर्व शनिवार को शहर के विराज पैलेस से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में तमाम महिला-पुरुष भक्तों ने हिस्सा लिया और ढोल नगाड़ों की थाप पर भक्ति भाव से जमकर नृत्य किया। शहर के छोटी बाजार स्थित विराज पैलेस में आयोजित श्रीहनुमान कथा के शुभारंभ पर शनिवार को कथास्थल से शोभायात्रा का आगाज हुआ। शोभायात्रा में शामिल महिलाएं हाथों में कलश लेकर आगे-आगे चल रही थीं। पीतवस्त्र धारण किए महिलाएं शोभायात्रा के दौरान डीजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर ठुमके भी लगा रही थीं। शोभायात्रा कथा स्थल विराज पैलेस से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस कथा स्थल पर ही समाप्त हुई। दिव्य श्रीराधा सखी मंडल की प्रभारी सुनीता गुप्ता ने बताया कि श्रीहनुमान कथा का आयोन 13 से 17 सितंबर तक दोपहर 3.30 बजे से 6.30 बजे तक होगा। पहले दिन प्रख्यात कथा वाचक प्रखर राष्ट्र चिंतक डा.अनिरुद्ध जी महाराज ने कथा का महात्म्य सुनाया और कथा सुनने मात्र से प्राणी का कल्याण होने की बात कही। शोभायात्रा में भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता समेत अनुराधा गुप्ता, अंजू सिंह, सुनीता गुप्ता, शोभा, जागृति वर्मा, गीता, चन्द्रमोहन बेदी, विकास गुप्ता, महेन्द्र सिंह चैहान, प्रदीप सिंह, लखन राजपूत, शोभना, वन्दना सिंह, शिवकांति आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

### नशेड़ी युवक फांसी पर झूला, मौत

**बांदा।** नशे में धुत युवक ने कमरे के अंदर टीन शेड के एंगल में दुपट्टे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया गया है कि जसपुरा थाना क्षेत्र के लखुई मोहल्ला निवासी रिंकू (24) पुत्र रामकिशोर कोटार्य शुक्रवार की रात शराब के नशे में धुत होकर घर आया और उत्पात मचाने लगा। परिजनों ने उसे डांटकर कमरे के अंदर बंद कर दिया। रात को रिंकू ने टीन शेड के एंगल दुपट्टे से फांसी लगा ली। सुबह परिजनों ने दरवाजा खोलकर देखा तो उसका शव फंदे पर लट रहा था। मृतक के पिता ने बताया कि रिंकू अहमदाबाद मे मजदूरी करता था। एक माह पहले गांव आया था, वह नशे का आदी था। वह अक्सर शराब पीकर घर पर हंगामा करता था।

## एसडीएम व तहसीलदार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन

विश्ववार्ता संवाददाता

**माधौगढ़, उरई।** सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस मेंउप जिलाधिकारी राकेश कुमार सोनी व सी ओ अंबुज यादव की अध्यक्षता में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस आयोजित किया फरियादियों की शिकायतो को गंभीरता पूर्वक सुना, और त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश। आमजनमानस की शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद में समस्त थानों में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया फरियादियों की समस्याएं गंभीरता पूर्वक सुनीं और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उप जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्रों का निस्तारण गुणवत्ता एवं गुण-दोष के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में पूर्ण पारदर्शिता होनी चाहिए, ताकि फरियादियों को बार-बार परेशान न होना पड़े। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी अधिकारी द्वारा लापरवाही बरती गई तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कोई भी मामला लंबित न रहे और प्रत्येक शिकायत का समाधान न्यायसंगत एवं निष्पक्ष रूप से किया जाए। उप जिलाधिकारी ने भूमि विवादों का समयबद्ध निस्तारण कराने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता जनता को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना है।

उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा की जाएगी और इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्षेत्राधिकारी ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी छोटी-बड़ी शिकायतों को सूचीबद्ध कर एक रजिस्टर में दर्ज किया जाए और उनके समाधान की निर्धारित समय-सीमा तय की जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित करे, जिससे समस्याओं की पुनरावृत्ति न हो। माधौगढ़ एसडीएम व सीओ की अध्यक्षता मे रामपुरा में तहसील दार की अध्यक्षता 4 शिकायत 1 का निस्तारण, रेंडर मे 2 शिकायते आई दो का निस्तारण, गोहन में तहसील दार की अध्यक्षता मे 2 शिकायते आई दोनों का निस्तारण, कुठौंद मे एसडीएम की अध्यक्षता मे 3 शिकायत मे दो का निस्तारण, कदौरा मे 4 मे दो का निस्तारण, आटा में 2 में एक का निस्तारण, कैलिया मे एसडीएम, सीओ की अध्यक्षता 3 में एक का निस्तारण कालपी मे 7 में 3 का निस्तारण उरई में 4 शिकायत आई।

## सुलह-समझौते से सर्वाधिक मामले निपटाने वाले अधिवक्ता सम्मानित

### वरिष्ठ अधिवक्ता केपी निगम इसके पहले तीन बार हो चुके सम्मानित

» लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित मामलों में ली रुचि

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** विभिन्न वाहन बीमा कंपनियों के विधिक सलाहकार के रूप में काम करते हुए मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित सर्वाधिक मामलों में सुलह कराने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता कामता प्रसाद निगम को एक बार फिर से सम्मानित किया गया। बता दें कि केपी निगम को यह सम्मान इसके पहले भी दो बार मिल चुका है। उनकी इस उपलब्धि पर अधिवक्ताओं समेत उनके चाहने वालों ने शुभकामनाएं दी हैं। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता रामेंद्र तिवारी को भी सम्मानित किया गया।



अधिवक्ता को सम्मानित करते पीठासीन अधिकारी।

शनिवार को आयोजित लोक अदालत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कामता प्रसाद निगम ने बीमा कंपनियों के विधिक सलाहकार के रूप में अधिकाधिक मामलों को सुलह समझौता से निस्तारित कराया। जिसके लिए उन्हें मोटर दुर्घटना दावा प्राधिकरण के पीठासीन अधिकारी संजीव कुमार सिंह-प्रथम ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि इसके पहले अधिवक्ता केपी निगम को 11 दिसंबर 2021, 9 दिसंबर 2023 व 14 दिसंबर 2024 को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तत्कालीन पीठासीन अधिकारियों ने सम्मानित किया था। यह पुरस्कार बीमा कंपनी के अधिवक्ता कामता प्रसाद निगम और याचीगण के अधिवक्ता रामेन्द्र तिवारी को राष्ट्रीय लोक अदालत में सर्वाधिक मुकदमों को सुलह-समझौते से निस्तारित करवाने के दिया गया है। इस अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष द्वारिकेश यादव मंडेला, विनय श्रीवास्तव, राघवेन्द्र भदौरिया, राजीव चतुर्वेदी, रामेन्द्र तिवारी, जगदीश प्रसाद तिवारी समेत तमाम वरिष्ठ अधिवक्तागण मौजूद रहे। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेन्द्र तिवारी व केपी निगम की इस उपलब्धि के लिए जहां अधिवक्ताओं ने बधाई दी है, वहीं उनके चाहने वालों ने उनकी उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की है।

## डीएम, एसपी ने सुनीं फरियादियों की शिकायतें, निस्तारण का भरोसा

### थाना समाधान दिवस में आईं 91 शिकायतें, 38 का मौके पर निस्तारण

विश्ववार्ता संवाददाता

**बांदा।** जनपद के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस व राजस्व की टीमों ने जनता की शिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण किया। कुल 91 शिकायतों के सापेक्ष 38 मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित कर दिया गया।

शनिवार को जिले के सभी थानों में आयोजित थाना समाधान दिवस में सभी अधिकारी एक्टिव मोड में दिखाई पड़े। चित्रकूटधाम परिक्षेत्र के डीआईजी राजेश एस.ने जहां मटौंध थाने में फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण का भरोसा दिलाया। वहीं जिलाधिकारी जे.रीभा और पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने शहर कोतवाली में पहुंचकर फरियादियों की शिकायतें सुनीं और निस्तारण कराया। समाधान दिवस में राजस्व और पुलिस विभाग से संबंधित मामले छाये रहे। डीएम श्रीमती रीभा व एसपी श्री बंसल ने जमीनी विवाद से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व की



संयुक्त टीम गठित कर त्वरित व प्रभावी समाधान करने की हिदायत दी। कहा कि छोटे-छोटे विवादों को थाना-कोतवाली स्तर पर ही निस्तारित किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को बेवजह मुख्यालय के चक्कर न लगाने पड़े। जिलेभर में आयोजित थाना समाधान दिवस में कुल 91 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 38 का मौके पर ही निस्तारण किया गया और शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमें गठित की गईं।

## एसपी ने कानून व्यवस्था सुद्रण बनाने हेतू नगर मे पैदल मार्च निकाल कर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

» भ्रमण के दौरान आतिशबाजी की दुकानों का निरीक्षण किया

विश्ववार्ता संवाददाता

**कालपी (जालौन)।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ दुर्गेश कुमार ने कालपी नगर के भीड़ भाड़ वाले स्थानों, कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। साथ ही आतिशबाजी की दुकानों का औचक निरीक्षण कर दुकानदारों से मिलकर उनकी दुकानों में तय मनको के पालन करने के निर्देश दिए आज दोपहर को पुलिस अधीक्षक नगर के भीड़ भाड़ वाले फुल पावर चौराहे तथा टरननगंज बाजार का घूम घूम कर जायजा और कानून एवं शांति व्यवस्था की हकीकत जानी।

भ्रमण के दौरान एसपी ने नागरिकों से संवाद स्थापित कर दिशा निर्देश दिए और आने वाली समस्याओं के बारे में



जानकारी की। इसके बाद कोतवाली परिसर का निरीक्षण किया और साफ सफाई की हकीकत परखी महिला हेल्प डेक्स का निरीक्षण किया और कोतवाली मे अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंश तिवारी एस एस आई तथा उपनिरीक्षकों से लंबित विवेचनाओं की जानकारी कर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए और अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण करने के निर्देश दिए एवं कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए। गड़बड़ी करने वाले लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह व कोतवाल प्रभारी निरीक्षक परम हंस तिवारी को आतिश बाजी की दुकानों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए साथ ही पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने आतिशबाजी की दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने अग्निसमन के उपकरणो की हकीकत जानी ओर अग्नि शमन उपकरण रखने के निर्देश दिए तथा लाइसेंसों की वैद्यता परखी। पुलिस अधीक्षक ने दुकानदारों को हिदायत दी कि लाइसेंस के तय मनको का पूर्णतः पालन किया जाए। कमियां पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### सांसद को ज्ञापन सौंपेंगे पूर्व शिक्षक

**बांदा।** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अनिवार्य रूप से टीईटी करने की बाध्यता के विरोध में शिक्षकों ने अब आंदोलन का मन बना लिया है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह व मंत्री आदित्य प्रकाश द्विवेदी ने बताया है कि बीती 11 सितंबर को धरना-प्रदर्शन के बाद प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार के साथ पत्राचार शुरू कर दिया है और शिक्षकों को राहत दिलाने की बात करनी शुरू कर दी है। अब पूर्व माध्यमिक शिक्षक 14 सितंबर को बांदा-चित्रकूट सांसद कृष्णा पटेल को अपना ज्ञापन सौंपेंगे और शिक्षक हितों की रक्षा की मांग करेंगे। संघ के मंत्री श्री द्विवेदी ने सभी शिक्षकों को अपने हितों की लड़ाई में शामिल होने का आह्वान किया है।

### तीन ने जहर खाया

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के कोर्रही गांव निवासी पूजा (23) पत्नी छत्रपाल ने किसी बात से नाराज होकर जहर खा लिया। वहीं कमासिन कस्बा निवासी राकेश (28) पुत्र राममिलन ने घरेलू कलह से परेशान होकर जहर खा लिया। एक अन्य घटना में तिंदवारी कस्बे के रामनगर निवासी प्रांजलि (22) पुत्री सोमनाथ ने किसी बात से नाराज होकर जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को पता चला। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### सर्प दंश से दो की हालत बिगड़ी

**बांदा।** जसपुरा थाना क्षेत्र के मवई घाट निवासी अनामिका (21) पुत्री रामकेश शुक्रवार की रात घर पर काम कर रही थी। तभी सर्प ने उसकी उंगली मे डस लिया। ऐसे ही तिंदवारी थाना क्षेत्र के सैमरी गांव निवासी बब्लू (40) पुत्र देवी चरन को सर्प ने डस लिया। पहले उसकी झाड़फूंक करवाई गई।

## न्यायाधीश अचल सचदेव ने फीता काट कर मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर लोक अदालत का उद्घाटन किया

विश्ववार्ता संवाददाता

**उरई जालौन।** शनिवार सुबह 10:30 बजे जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव द्वारा फीता काटने के उपरान्त मां सरस्वती पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्ज्वलित करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घाटन किया गया। जनपद की सभी तहसीलों मे स्थित दीवानी न्यायालयों में भी उक्त आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश एंव समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपसिथत रहें। राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित वादों की जानकारी देते हुए सचिव व अपर जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारुल पॅवार द्वारा बताया गया कि जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई राष्ट्रीय लोक अदालत में माननीय जिला जज द्वारा 34 मुकदमों का निस्तारण किया गया एवं मु०



10585417/- रू० धनराशि पक्षकारों को दिलायी गयी। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि आज लोक अदालत में कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री मनोज कुमार सिंह गौतम द्वारा 19 मुकदमों का निस्तारण करते हुये भरण पोषण के मामले निस्तारित किये। इनके द्वारा 4 वैवाहिक मामले प्रीलिटिगेशन स्तर के भी निपटाये गये।

अपर कुटुम्ब न्यायाधीश प्रवीण कुमार पाण्डेय द्वारा 55 मुकदमों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी शअनिल कुमार वशिष्ठ द्वारा 104 मामलों में विपक्षी बीमा कम्पनियों से पीड़ित याचीगण को 10285000 रू० धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में दिलायी गयी। जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग के अध्यक्ष विनोद कुमार द्वारा 6 मुकदमो का निस्तारण करते हुये 602992/- रू० याचीगण को दिलवाये गये। अपर जिला जज-प्रथम सतीश चन्द्र द्विवेदी द्वारा 5,



विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) सुरेश कुमार गुप्ता द्वारा 3, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) मो० कमर द्वारा 1, विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) भारतेन्द्र सिंह द्वारा विशेष प्रयास करते हुये विद्युत अधिनियम के 385 मुकदमों का निस्तारण किया गया। विशेष न्यायाधीश (द०प्र०क्षे०) डॉ० अवनीश कुमार द्वारा



लोकअदालत में सहभागिता की गयी।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे द्वारा कुल 2709 आपराधिक वादों का निस्तारण किया गया। सिविल जज सी०डि० अर्पित सिंह द्वारा सिविल के 15 व फौजदारी के 37 एवं अपर सिविल जज सी०डि० शम्भवी प्रथम द्वारा दीवानी प्रकृति के 4 व फौजदारी के 49 वादो में पक्षकारों के मध्य सुलह समझौता कराया गया। वाह्य न्यायालय कोंच के न्यायिक अधिकारी मो० फरहान द्वारा 3 दीवानी प्रकृति एवं फौजदारी प्रकृति के 254 और कालपी दीवानी न्यायालय के न्यायिक अधिकारी अभिषेक चौधरी द्वारा दीवानी के 1 एवं फौजदारी के 500 एवं अपर सिविल जज जू०डि० कालपी सुधांशु सिंह के द्वारा फौजदारी के 49, सिविल जज (जू०डि०) उरई प्रत्यूश प्रकाश द्वारा दीवानी के 10 एवं फौजदारी के 200, न्यायिक मजिस्ट्रेट षिंजिनी यादव द्वारा 120, न्यायालय अपर सिविल जज (जू०डि०) अंकिता सिंह पंचम द्वारा 150, सिविल जज (जू०डि०)/एफटीसी/सीएडब्ल्यू० अनिरूद्ध सिंह द्वारा 157, न्यायालय सिविल जज (जू०डि०)/ एफ०टी०सी०/14 वित्त आयोग शैलजा द्वारा 152, ग्राम न्यायालय माधौगढ़ के न्यायाधिकारी श्री विनय कुमार चाहर द्वारा 5 एवं विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम शसैयद अली मेहदी आबिदी द्वारा कुल 21 मामलों का निस्तारण करते हुये विभिन्न न्यायालयों द्वारा 186110/-रू० कोष में जमा कराये। इसी क्रम में स्थायी लोक अदालत (पी०यू०एस०) के सदस्यगण सुन्दरलाल एवं रामबाबू केवट द्वारा भी 01 मुकदमा में पक्षकारों के मध्य सुलह कराते हुये उन्हें विवाद से राहत प्रदान की गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले की विभिन्न बैंकों के बकाया ऋण के 587 मामलों में समझौता कराया गया।

इनके अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, अपर जिला मजिस्ट्रेट सहित सभी उप जिला मजिस्ट्रेट, नगर मजिस्ट्रेट और तहसीलदार न्यायालयों द्वारा राजस्व संहिता और फौजदारी के कुल 3213 मामलों सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्री-लिटिगेशन प्रकृति के 176147 मामले निस्तारित किये गये। इस प्रकार जिला प्रशासन एवं न्यायालयों में 184409/- मामलों को आज निस्तारित करते हुये राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

## संपादकीय

# देश के नए उपराष्ट्रपति से उम्मीदें

श्री चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन 12 सितंबर को देश के 15 वें उपराष्ट्रपति की शपथ ली। इसमें दो राय नहीं कि सीपी राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की संवैधानिक यात्रा में निरंतरता और परिवर्तन, दोनों का ही प्रतीक है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी राजग के उम्मीदवार के रूप में उन्होंने विपक्ष के साझा उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के बड़े अंतर से हराया। यह जीत राजग सरकार की विधायी शक्ति और संगठनात्मक अनुशासन को भी रेखांकित करती है। निस्संदेह, भाजपा के लिये, सीपी राधाकृष्णन का चयन एक रणनीतिक कदम ही है। तमिलनाडु के एक अनुभवी नेता, जिनकी आरएसएस में गहरी जड़ें रही हैं, ने पार्टी में महत्वपूर्ण नेतृत्वकारी भूमिकाएं भी निभाई हैं। वे पार्टी से दो बार लोकसभा के लिये सांसद चुने गए। राज्यपाल पद से उन्हें उपराष्ट्रपति पद के लिये पदोन्नत करके, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने न केवल उनकी निष्ठा और अनुभव को पुरस्कार दिया है, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति में एक दक्षिण भारत के चेहरे को प्रतिष्ठा देकर अपने दूरगामी इरादों को भी जाहिर कर दिया है। जिसका एक सिरा भाजपा के दक्षिण भारत में अपना प्रभाव बढ़ाने के रूप में पार्टी की एक व्यापक महत्वाकांक्षा से भी जुड़ता है। उस महत्वपूर्ण राजनीतिक क्षेत्र में जहां उसे पारंपरिक रूप से चुनावी पैठ बनाने के लिए अब भी संघर्ष करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि सीपी राधाकृष्णन को राजग के उपराष्ट्रपति पद के लिये उम्मीदवार बनाने के निर्णय ने सबको चौंकाया था। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह निर्णय उनकी राजनीतिक स्मृति की विरासत को भी दर्शाता है। पार्टी के उन नेताओं का सम्मान करना, जिनकी पार्टी के कठिन वर्षों के दौरान की दृढ़ता ने आज की मजबूत भाजपा के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं उनका चुना जाना विपक्ष के राजग का सशक्त विकल्प बनाने के संघर्ष को भी उजागर करता है। उप राष्ट्रपति पद के चुनाव में हार का अंतर न केवल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की ताकत को दर्शाता है बल्कि वहीं दूसरी ओर विपक्ष की फूट और क्रॉस–वोटिंग को भी दर्शाता है। बहरहाल, सीपी राधाकृष्णन का उप राष्ट्रपति पद के लिये चुना जाना विपक्ष के लिये एक सबक जैसा भी है। जो उसे याद दिलाता है कि प्रतीकात्मक मुकाबले एक सुसंगत रणनीति का विकल्प नहीं हो सकते। निर्विवाद रूप से उपराष्ट्रपति का पद केवल औपचारिक व्यक्ति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। वे सांविधानिक पद सोपान में दूसरे सबसे ऊंचे पद पर तो आसीन होते ही हैं, राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में उनकी जिम्मेदारियां भी महत्वपूर्ण होती हैं। राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में उन्हें उच्च सदन में अकसर होने वाले हंगामेदार वाद–विवादों का भी शालीनतापूर्वक निपटारा करना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनके नेतृत्व में राज्यसभा की कार्यवाही अधिक समावेशी हो सकेगी और सदन में जन सरोकारों से जुड़ा अधिक कार्य हो सकेगा। उनके लिये चुनौती होगी कि वे अपनी वैचारिक संबद्धता के बावजूद, सदन की कार्यवाही के संचालन में निष्पक्षता और न्यायसंगतता का प्रदर्शन करें। यह निर्विवाद सत्य है कि संसद की विश्वसनीयता अध्यक्ष की दलीय सीमाओं से परे सम्मान अर्जित करने की क्षमता पर निर्भर करती है। ऐसे समय में जब संसदीय कार्यप्रणाली सार्वजनिक विमर्श के दायरे में है, अगर राधाकृष्णन दलगत दबावों से ऊपर उठ सकते हैं, विधायी बहस को मजबूत कर सकते हैं और राज्यसभा की गरिमा का संवर्धन करते हैं, तो उनकी विरासत दलीय निष्ठा से कहीं आगे प्रतिष्ठा हासिल करेगी। यह भी एक हकीकत है कि सीपी राधाकृष्णन ऐसे वक्त में यह पद संभालें हैं जब सरकार और विपक्ष के बीच असहमति की खाई ज्यादा गहरी नजर आती है। यही असहमति सर्वसम्मत चुनाव पर एक राय नहीं बना पायी है। आने वाले समय में उन्हें पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर विधायी कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। निस्संदेह, उनकी भूमिका गरिमामय संसदीय परंपराओं को अक्षुण्ण बनाये रखने में भी होगी। जिसके लिये उन्हें राजनीतिक प्रतिबद्धताओं से मुक्त नजर भी आना होगा।

## कटाक्ष ▶ हसन जैदी




# पंख लगाकर उड़ी हिन्दी



हृदयनारायण दीक्षित

भाषा विज्ञानी अलब्राइट व लैम्बिडन ने सुमेरी को प्राचीनतम लिखित भाषा बताया। इनके मुताबिक पश्चिम को सुमेरी ने प्रभावित किया। उन्होंने बताया अंग्रेजी 'ऐबिस' सुमेरी का अब्ज (पृथ्वी के नीचे का जल) है। यूनानी में वह अबुस्सास है। बेबीलोन में इसे अप्सु कहते हैं। लेकिन ऋग्वेद (1.23.19, 9.43.9 और 9.30.5 आदि) में अप और अप्सु शब्द भरे पड़े हैं। मिस्री, सुमेरी और संस्कृत में भूतल जल पर एक शब्दावली है। विलियम जोन्स ने कहा कि, ''संस्कृत ग्रीक से अधिक निर्दोष, लैटिन से अधिक समृद्ध और इनमें किसी से भी अधिक उत्कृष्ट है। इसके बावजूद धातुओं और व्याकरणिक रूपों में यह इन दोनों से प्रगाढ़ सम्बंध रखती है, इतना प्रगाढ़ कि कोई भाषाविद इनका एक ही स्रोत माने बिना छानबीन नहीं कर सकता।'' संस्कृत जाने बिना विश्व भाषा विज्ञान, विश्व भाषा परिवार, सृष्टि संरचना और विश्व सांस्कृतिक सम्बंधों का अध्ययन कैसे हो? सभ्यता, संस्कृति, दर्शन, भौतिकी और आधुनिक ज्ञान विज्ञान का आदि केन्द्र भारत है, इन सबकी आदि भाषा है संस्कृत। यूरोपीय विद्वान एच. एस. मेन ने लिखा था, ''बीजगणित, अंकगणित में पश्चिमी सहायता के बिना ही ऊंचे दर्जे की दक्षता है। दशमलव प्रणाली के अविष्कार का हम पर ऋण है। अरबों ने अंक हिन्दुओं से पाए, यूरोप में फैलाए। अरब चिकित्सा पद्धति संस्कृत ग्रंथों का अनुवाद है, यूरोपीय चिकित्सा पद्धति 17वीं सदी तक अरबी चिकित्सा थी।'' विलियम हंटर ने लिखा था कि, ''पश्चिम के विद्वान जब भाषा विज्ञान का विवेचन आकस्मिक समानताओं के आधार पर कर रहे थे, उस समय भारत में व्याकरण को मूल सिद्धांतों का रूप मिल चुका था। पाणिनि का व्याकरण संसार में सर्वोच्च है।'' मैक्समूलर ने लिखा, ''भारत के मानवी-मस्तिष्क ने कुछ सर्वोत्तम गुणों का पूर्ण विकास किया है। जीवन की बड़ी से बड़ी समस्याओं पर भारत द्वारा प्राप्त हल प्लेटो और कांट के दर्शन का अध्ययन किए हुए लोगों के लिए (भी) विचार करने योग्य है। यूनानी, रोमन और एक सेमेटिक जाति यहूदी के विचारों मात्र पर पालित पोषित यूरोप के हम लोग जीवन को अधिक परिपक्व, अधिक व्यापक, अधिक सार्वलौकिक दरअसल सच्चे मानवीय बनाने के लिए भारत की ओर ही देखते हैं।'' गांधी ने लिखा, ''पृथ्वी पर हिंदुस्तान ही एक ऐसा देश है जहां मां-बाप अपने बच्चों को अपनी मातृभाषा के बजाय अंग्रेजी पढ़ाना लिखाना पसंद करेंगे।" अंग्रेजी को विश्व भाषा बताया जाता है लेकिन जापान, रूस और चीन आदि अनेक देशों में अंग्रेजी की कोई हैसियत नहीं है। भारत की संविधान सभा (14 सितंबर 1949) ने हिंदी को राजभाषा बनाया, 15 वर्ष तक अंग्रेजी में राजकाज चलाने का 'परंतु' जोड़ा। पंडित नेहरू ने कहा, ''हमने अंग्रेजी इस कारण स्वीकार की, कि वह विजेता की भाषा थी, अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो किन्तु इसे हम सहन नहीं कर सकते।'' एन. जी. आयंगर ने सभा में हिंदी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव रखते हुए 15 बरस तक अंग्रेजी को जारी रखने का कारण बताया, ''हम अंग्रेजी को एकदम नहीं छोड़ सकते। यद्यपि सरकारी प्रयोजनों के लिए हमने हिंदी को अभिज्ञात किया फिर भी हमें यह मानना चाहिए कि आज वह समुन्नत भाषा नहीं है। सेठ गोविंद दास ने हिंदी की पैरोकारी की, ''इस देश में हजारों वर्ष से एक संस्कृति है। यहां एक भाषा और एक लिपि ही होनी चाहिए।'' आर. वी. धुलेकर ने कहा, ''मैं कहता हूं कि वह राजभाषा है, राष्ट्रभाषा है। हिंदी के राष्ट्रभाषा-राजभाषा हो जाने के बाद संस्कृत विश्व भाषा बनेगी। अंग्रेजी के नाम 15 वर्ष का पट्टा लिखने से राष्ट्र का हित साधन नहीं होगा। (संविधान सभा बहस 13-9-1949) संविधान में तीन दिन तक बहस हुई। संविधान के अनुच्छेद (343-1) में हिंदी राजभाषा बनी। किंतु अनुच्छेद (343-2) में अंग्रेजी जारी रखने का प्रावधान हुआ। हिंदी के लिए आयोग-समिति बनाने की व्यवस्था हुई। हिंदी के विकास की जिम्मेदारी (अनुच्छेद 351) केन्द्र पर डाली गई। लेकिन कांग्रेस अपने जन्म काल से ही अंग्रेजी को वरीयता देती रही, गांधी जी ने कहा, ''अंग्रेजी ने हिंदुस्तानी राजनीतिज्ञों के मन में घर कर लिया है। मैं इसे अपने देश और मनुष्यत्व के प्रति अपराध मानता हूं।'' (संपूर्ण गांधी वांगमय 29-312)




भारतीय संस्कृति, सृजन और संवाद की भाषा हिंदी है। हिंदी के पास प्राचीन संस्कृति और परंपरा की सुदीर्घ विरासत है। हिंदी ने संस्कृत सहित सभी भारतीय भाषाओं बोलियं से शब्द लिए। सबको अर्थ दिए। हिंदी दिवस की रस्म अदायगी होती रही है। वह राजभाषा है। लेकिन फारसी, अंग्रेजी की तरह उसे राज्य आश्रय नहीं मिला। फारसी मध्यकाल के बादशाहों ने थोपी थी, अंग्रेजी ईस्ट इंडिया कंपनी लाई। हिंदी का विस्तार राज्य आश्रय से नहीं हुआ। भारत में विश्व के चार भाषा परिवार-भारोपीय, द्रविड़ कौल और कीरत हैं। इन भाषाओं के बोलने वालों के बीच सांस्कृतिक समानताएं थीं-हैं। शिक्षा का माध्यम संस्कृत थी। बाद की सभी भाषाओं-बोलियां में संस्कृत और संस्कृति का प्रदाय था। राष्ट्र का अभ्युदय और आत्मज्ञान इस शिक्षा का लक्ष्य था। दसवीं शताब्दी तक संस्कृत और उसकी प्राकृत भाषा ही शिक्षा, इतिहास, भौतिकी और परा विज्ञान का माध्यम थी। संस्कृत और संस्कृति से विकसित पाली, मगधी, प्राकृत, अपभ्रंश और अंततः हिंदी ने ही भारत को एक सांस्कृतिक क्षेत्र बनाया। अमेरिकी भाषाविद एम. बी एमेन्यू ने भारत को भाषिक क्षेत्र बताया। अरबी फारसी के विद्वानों ने भारत की भाषाई पहचान के लिए हिंदी शब्द का प्रयोग किया। अमीर खुसरो ने इसे हिंदवी-हिंदूई गाया। हैदराबाद के मुस्लिम शासक कुली कुतुबशाह ने इसे 'जबाने हिंदी' बताया। हिंदी भारत की राष्ट्रभाषा है। वह यमुना के निकुंजों पर गीत गाते बड़ी हुई। अंग्रेजी राज के बाद फारसी की जगह अंग्रेजी आ गई। गांधी जी ने अंग्रेजी का विरोध और हिंदी का समर्थन (1917) करते हुए कहा, ''हिंदी ही हिंदुस्तान के शिक्षित समुदाय की भाषा हो सकती है। अंग्रेजी विदेशी भाषा है। हिंदी 22 करोड़ की भाषा है।'' स्वाधीनता संग्राम में जनप्रबोधन की भाषा हिंदी थी। सत्ता पक्ष की दृष्टि में अंग्रेजी समृद्ध थी और हिंदी गरीबी रेखा की नीचे। तीन दिन तक चली बहस में हस्तक्षेप करते हुए पंडित नेहरू ने कहा, ''अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो, किंतु इसे हम सहन नहीं कर सकते।'' 14 सितंबर के दिन अंग्रेजी प्रभुत्व के साथ हिंदी राजभाषा बन गई। संविधान ने हिंदी के प्रसार-प्रचार का काम केन्द्र को सौंपा। हिंदी कमजोर सिद्ध हो गई। वर्तमान केन्द्र सरकार ने हिन्दी को समृद्ध करने के लिए काफी काम किए हैं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में विज्ञान आदि विषयों पर हिन्दी में पुस्तकें लिखें जाने की योजना पर काम जारी है। अनेक गोष्ठियां हुई हैं। उच्चतम न्यायालय-उच्च न्यायालय और संसद में प्रस्तावित विधेयकों-पारित कानूनों की भाषा अंग्रेजी (अनुच्छेद 348) ही है। हिंदी जानने वालों की संख्या सवा अरब. से भी ज्यादा है। भारत के बाहर अमेरिका, पाकिस्तान, नेपाल, इंडोनेशिया, इराक, बांग्लादेश, इजराइल, ओमान, इक्वाडोर, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, ग्वाटेमाला, म्यांमार, यमन, त्रिनिदाद, सऊदी अरब, पेरू, रूस, कतर आदि देशों में लाखों हिंदी भाषी हैं। हिंदी पंख फैलाकर उड़ी है। देश में सबसे बड़ी प्रसार संख्या वाले अखबार हिंदी के हैं। हिंदी फिल्मों-सीरियलों का व्यापार करोड़ों में है। हिंदी में लिखे गए इतिहास, संस्कृति व दर्शन ग्रंथ विश्व की किसी भी भाषा से उत्कृष्ट हैं। राजनैतिक कारणों से जब कब दक्षिण के राज्यों में हिन्दी का विरोध होने लगता है। प्रत्येक राज्य को अपनी भाषा तय करने का अधिकार है। दुर्भाग्य से ये राज्य अंग्रेजी चलाना चाहते हैं। तमिल, तेलगु, कन्नड़, मलयालम आदि से हिन्दी की स्पर्धा नहीं है। हिंदी भारत के जन गण मन की प्रीति है।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे- vishwavarta.response@gmail.com

# प्रो. छोकर : लोकतांत्रिक शुचिता की बुलंद आवाज



अरविंद कुमार सिंह

प्रोफेसर जगदीश सिंह छोकर न तो राजनीति विज्ञानी थे, न किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि से आते थे। पर पर 'प्रजा ही प्रभु है, नारे के साथ स्थापित एसोशिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की मदद से लोकतंत्र की एक बुलंद आवाज के रूप में उन्होंने पहचान बनाई। ढाई दशकों के दौरान उन्होंने बहुत से बदलावों को जमीन पर उतारा। सार्थक जीवन और तमाम शानदार उपलब्धिंयों के साथ 12 सितंबर को चार बजे प्रो. छोकर ने अंतिम सांस ली। उसी दिन एडीआर ने एक रिपोर्ट जारी करके देश के बताया कि वंशवाद राजनीति में किस हद तक बढ गया है। व्यापक अध्ययन के बाद तैयार इस रिपोर्ट में पाया गया कि देश के 5204 लोक सभा, राज्य सभा, विधान सभा और विधान परिषद के सदस्यों में से 21% वंशवादी पृष्ठभूमि के हैं। विधायकों में 21%, लोक सभा सांसदों में 31% वंशवादी हैं। वहीं राज्य सभा और विधान परिषदों में यह प्रतिशत 21-21 है। न कोई दल इसमें बचा है और न ही कोई प्रांत। फिर भी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश इसमें अग्रणी हैं। प्रोफेसर जगदीश छोकर ने सुप्रीम कोर्ट में कई उल्लेखनीय मामले जीते। वे 1985 से नवंबर 2006 तक आईआईएम अहमदाबाद में प्रोफेसर और कई अहम ओहदों पर रहे। 1999 में अहमदाबाद में ही चंद साथियों के साथ एडीआर की स्थापना की उसकी आज अलग पहचान है। इसकी बदौलत आम लोगों को देश में आपराधिक छवि वाले और धनशक्ति से संपन्न नेताओं के ब्यौरे सामने आने लगे। अहमदाबाद में ही चुनाव प्रक्रिया और उसकी तमाम खामियों का व्यापक अध्ययन करने के साथ यह सोच बनाई कि लोकतंत्र बहुत चुनौतियों से गुजर रहा है। इसे सफल और सार्थक बनाने के लिए जरूरी है कि देश में चुनाव प्रणाली में सुधार हो।



प्रोफेसर छोकर ने दिल्ली उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर याचना की कि जो उम्मीदवार चुनाव लड़ता है उसे खुद बताना होगा कि उसके खिलाफ कितने आपराधिक मुकदमे है, यह दर्शाना जरूरी हो। लंबी चर्चा चली और सर्वोच्च न्यायालय ने 2003 में जब संसद और विधान मंडलों के सभी उम्मीदवारों के लिए चुनावों में भाग लेने से पहले आपराधिक, वित्तीय और शैक्षणिक पृष्ठभूमि का खुलासा करना अनिवार्य कर दिया तो यह एक बड़ी विजय थी। चुनाव आयोग में उनको हलफनामा देना जरूरी हो गया। इससे पहले ऐसी कोई व्यवस्था नहीं थी। हालांकि दो साल से अधिक सजा पर छह साल तक चुनाव नहीं लड़ने का कानून मौजूद था। एडीआर ने जीवंत लोकतंत्र को और सशक्त बनाने के लिए निष्पक्ष चुनावों, चुनाव सुधारों की दिशा में काम करने के साथ राजनीतिक दलों की जवाबदेही भी तय कराई। राजनीति में भ्रष्टाचार और आपराधीककरण पर व्यापक जन जागरूकता का प्रसार हुआ। एडीआर न होता तो चुनावी बांड को असंवैधानिक घोषित कराना शायद संभव नहीं होता। 25 सालों के श्रम के साथ उन्होंने मतदाताओं की सोच को बदला। राजनीति में धन बल और बाहुबल के बढते प्रभाव के बारे में आम लोगों को सोचने के विवश किया। 25 सालों के सफर के दौरान एडीआर एक छोटे किंतु चुश्त दुरूस्त संगठन के रूप में एडीआर स्थापित हो चुका है जिसके पास व्यापक ज्ञान भंडार और विशेषज्ञ हैं। यह मतदाता जागरूकता के लिए अभियान चलाता है। नयी पीढ़ी को भी जागरूक करता है। लेकिन इसकी एक मुखर आवाज रहे प्रो. छोकर के न होने से जो रिक्तिता आयी है, उसे भर पाना सहज नही होगा।

## कविता



जया झा

### घर

तिनके जोड़ लोगों को

घर बनाते देखा है।

बाढ़ में बहते हुए

घर को बचाते देखा है।

गिरते हुए घर को

मज़बूत कराते देखा है।

शायद कभी गुस्से में

घर को जलाते देखा है।

पर कभी गिराने के लिए

अपने ही हाथों से, किसी को

घर सजाते देखा है?

# फिल्म समीक्षा - द बंगाल फाइल्स



अरुण गुप्ता

द ताशकंद फाइल्स व द कश्मीर फाइल्स के बाद निर्माता-निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री की हाल में प्रदर्शित फिल्म द बंगाल फाइल्स सन 1946-47 के दौर की सांप्रदायिक हिंसा की उन घटनाओं को सामने लाने का साहसिक प्रयास है, जिन्हे देश की आजादी के बाद राजनेताओं, बुद्धिजीवियों व इतिहासकारों द्वारा सद्भाव के नाम पर नागरिकों व शैक्षिक पाठ्यक्रमों से सायास छिपाया गया है। विभाजन की विभीषिका के बारे में जब भी बात होती है अथवा फिल्में बनानी हों, तो उसे पश्चिमी सीमा तक सीमित कर दिया जाता है। ऐसे में अगस्त 1946 में मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा घोषित डायरेक्ट ऐक्शन डे के क्रियान्वयन में बंगाल के शासक सोहरावर्दी की देख रेख में कोलकाता में हिंदुओं के एकतरफा नरसंहार और उसके बाद नोआखाली की सांप्रदायिक हिंसा का नंगा सच और पूरे घटनाक्रम के दौरान गांधी जी की बेबसी भरी तटस्थता का निर्भीक चित्रण करने की हिम्मत जुटाई है। फिल्म की कहानी समानांतर रूप से दो विभिन्न कालखंडों से गुजरती है। शुरुआत होती है सीबीआई अफसर शिवा पंडित(दर्शन कुमार) के प. बंगाल के एक जिले में लापता युवती की तलाश में आने पर वह पाता है कि स्थानीय पुलिस मुख्य संदिग्ध विधायक सरदार हुसैनी(शाश्वत चैटर्जी) के इशारों की गुलाम है और उसे कुछ भी करने की छूट है, वहीं उस युवती को अपने घर में शरण देने वाली अधेड़ आयु की महिला भारती बैनर्जी (पल्लवी जोशी) को थाने पर बैठा रखा है। शिवा पंडित, जिसके माता-पिता 90 के दशक में कश्मीर की सांप्रदायिक हिंसा के शिकार हो चुके हैं, जब अपराधी की तह तक पंहुचने की कोशिश करता है, तो सिस्टम और उसके चीफ भी उसके साथ खड़े नहीं होते हैं। उधर कहानी का फ्लैश बैक भारती बैनर्जी की युवावस्था(अभिनेत्री सिमरन कौर रंधावा) से जोड़ता है, जहां वह न केवल डायरेक्ट ऐक्शन डे में अपने माता पिता की हत्या की साक्षी होती है, बल्कि नोआखाली हिंसा मे अपने सहयोगी अमरजीत अरोड़ा (एकलव्य सूद) व संरक्षक राजेन्द्र लाल रायचौधुरी (दिव्येंदु भट्टाचार्य) को टुकड़ों में कटने का दृश्य देखने और यौन शोषण का शिकार होती है। कहानी के केंद्र में एक और महत्वपूर्ण पात्र सिस्टम की प्रताड़ना का शिकार अर्द्ध विक्षिप्त पूर्व पुलिस अधिकारी (मिथुन चक्रवर्ती)भी हैं जो We, the people of India के life और justice के अधिकारों और सिस्टम द्वारा इनके खिलाफ खड़ी ताकतों के पक्ष पोषण पर सवाल खड़े करते हैं। फिल्म के एक अन्य महत्वपूर्ण किरदार गांधी जी (अनुपम खेर) की पूरे घटनाक्रम के दौरान भारत विभाजन न होने देने के निश्चय के बावजूद उनकी बेबसी, हिंसा के प्रति उनकी तटस्थता को भी जस का तस दिखाया गया है। हिंसा का जवाब देने को उद्यत गोपाल पाठा(सौरव दास) के सवाल उनके फलसफे पर भारी पड़ते हैं। यद्यपि फिल्म का अंत थोड़ी नाटकीयता लिए हुए है लेकिन पूरी फिल्म ईमानदारी के साथ ऐतिहासिक व वर्तमान में घट रहे सच से दर्शकों का साक्षात कराने में सफल रही है। विवेक रंजन अग्निहोत्री 1946-47 और इक्कीसवीं सदी के पहले दशकों के बंगाल को पर्दे पर कुशलतापूर्वक जीवंत किया है। पटकथा और कुशल संपादन ने दो अलग-अलग कालखंडों के कथानक को समानांतर रूप से फिल्मांकन में सहज व स्वाभाविक प्रवाह बनाए रखा है। द्विजेन्द्र लाल राय के दो शताब्दी पूर्व रचित गीत 'धनो-धान्य पुष्पे भौरा.. आमादेर एई बोसुंधोरा..' के दो अंतरों व बाऊल गान-'किछू दिन मोने - मोने..' का निर्देशक ने बखूबी चित्रण किया है, जो दर्शकों को भावुक भी करते हैं। अभिनय की बात करें तो मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर, शाश्वत चैटर्जी और पल्लवी जोशी ने अपने-अपने पात्रों में प्राण डाल दिए हैं। शिवा पंडित की भूमिका में दर्शन कुमार अपनी भाव-भंगिमा व संवादों से दर्शकों पर प्रभाव डालते हैं। सिमरन कौर, एकलव्य सूद व सौरव दास भी अपनी भूमिकाओं के साथ न्याय करते दिखाई देते हैं। फिल्म का पार्श्व संगीत भी कथानक व वातावरण के सृजन में सहायक है।

**रोजनामचा खाकसार का**

# पुलिस की बर्बरता से उपजी ग़ाज़ीपुर की आग



गोविंद तिवारी

गाजीपुर का गठिया गांव बीते दिनों उस खौफनाक रात का गवाह बना, जब लोकतंत्र के नाम पर जनता की आवाज दबाने का सबसे निर्मम खेल खेला गया। यह घटना सिर्फ एक गांव की पीड़ा नहीं है, बल्कि उस पूरी व्यवस्था की विफलता की कहानी है, जहां पुलिस संरक्षक की जगह जल्लाद बन बैठती है और आम आदमी का जीवन सस्ता हो जाता है। नोनहरा थाने के सामने धरने पर बैठे किसानों और कार्यकर्ताओं पर जिस तरह आधी रात को पुलिस ने टूट कर वार किया, उसने यह साबित कर दिया कि वर्दी का अहम जब सिर चढ़ता है तो इंसानियत कहीं दफन हो जाती है। दिव्यांग भाजपा कार्यकर्ता सियाराम उर्फ जोखू उपाध्याय की मौत ने इस निर्ममता को और भी भयावह बना दिया है। धरनारत किसानों का अपराध इतना भर था कि वे अपने खेतों में गलत दिशा में लगाए जा रहे बिजली के खंभों का विरोध कर रहे थे। लोकतंत्र में विरोध और सवाल उठाना अधिकार है, लेकिन गाजीपुर की पुलिस ने इसे गुनाह बना दिया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो लाठीचार्ज से भागते समय जोखू उपाध्याय गिर पड़े और फिर पुलिसकर्मियों ने उन्हें घेरकर बर्बरता से पीटा। लहूलुहान हालत में जब उन्हें घर के सामने फेंका गया तो परिवार की आंखों के सामने उनका शरीर नीला-काला पड़ चुका था। डर और दहशत का आलम ऐसा कि सही उपचार तक नहीं हो पाया और अंततः उन्होंने दम तोड़ दिया। गांव की सुबह उस खून की उल्टी और मौत की खबर के साथ शुरू हुई जिसने पूरे क्षेत्र को हिला दिया। ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और शव को उठाने से इनकार कर दिया। मांगें साफ थीं – दोषी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो, थानाध्यक्ष और पूरे स्टाफ को बर्खास्त किया जाए, परिवार को मुआवजा और नौकरी मिले। लेकिन इन सीधी-सपाट मांगों के सामने भी प्रशासन का रवैया टालमटोल भरा ही रहा। इस बीच भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय जब सांत्वना देने पहुंचे तो ग्रामीणों के गुस्से का शिकार बन गए। जनता ने साफ कहा कि जब अपनी ही सरकार में धरना देने पर लाठियां बरसेंगी और नेताओं के बयान में संवेदनशीलता की जगह 'औपचारिकता' झलकेगी तो फिर भरोसा कैसे बचेगा। हालात तब और बिगड़े जब एसपी का बयान आया कि घटना में सच्चाई की जांच कराई जाएगी। लोग पूछने लगे कि जब आंखों-देखे गवाह मौजूद हैं, घायल लोग मौजूद हैं, तब जांच किस बात की। मैं, गोविंद तिवारी राष्ट्रवादी चिंतन पत्रकार, इस पूरे घटनाक्रम को सिर्फ एक दुर्घटना या विवाद नहीं मानता, यह लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा हमला है। क्योंकि यदि आम जनता को अपनी ही सरकार में आवाज उठाने पर लाठियां खानी पड़ें और दिव्यांग कार्यकर्ता की जान तक चली जाए, तो यह सवाल उठना लाज़मी है कि पुलिस और जनता के रिश्ते किस दिशा में जा रहे हैं। गाजीपुर का यह मामला हमें उस ऐतिहासिक सत्य की याद दिलाता है कि जब सत्ता अपने ही नागरिकों की आवाज को कुचलती है, तब लोकतंत्र खोखला हो जाता है। यहां तो पुलिस ने न सिर्फ विरोधियों पर डंडा चलाया, बल्कि एक दिव्यांग कार्यकर्ता को इतना पीटा कि उनकी मौत हो गई। यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हमारी व्यवस्था अब भी 'जनता के लिए, जनता के द्वारा और जनता की' है या फिर यह कुछ खास लोगों के अहंकार की रक्षा का औजार बन चुकी है। दिनभर चले हंगामे ने यह साफ कर दिया कि गाजीपुर के लोग अब चुप नहीं बैठने वाले। शव को 15 घंटे तक उठने नहीं दिया गया, नारेबाजी होती रही, प्रशासनिक अफसरों की गाड़ियां लौटाई जाती रहीं। भीड़ के इस गुस्से को केवल 'उपद्रव' कहकर खारिज करना आसान है, लेकिन असलियत यह है कि यह गुस्सा उस विश्वासघात का परिणाम है, जो जनता को सुरक्षा देने वालों ने ही किया। ग्रामीणों ने साफ-साफ कहा कि सिर्फ निलंबन और लाइनहाजिर करना पर्याप्त नहीं है। जब तक हत्या का मुकदमा दर्ज नहीं होगा, जब तक दोषियों को जेल नहीं भेजा जाएगा, तब तक न्याय की उम्मीद अधूरी रहेगी। यही वह बिंदु है जहां से व्यवस्था पर सवाल उठने शुरू होते हैं। क्योंकि सस्पेंशन अक्सर महज औपचारिकता बनकर रह जाता है, असल सज़ा कभी नहीं होती। भाजपा कार्यकर्ता की मौत ने राजनीति में भी हलचल मचा दी। स्थानीय नेता, पूर्व सांसद तक मौके पर पहुंचे, लेकिन ग्रामीणों का आक्रोश उनके सामने भी शांत नहीं हुआ। वजह साफ थी – जनता चाहती थी कि राजनीतिक संरक्षण से ज्यादा, न्याय की गारंटी दी जाए। नेताओं के बयानों में जहां संवेदना की जगह संतुलन साधने का भाव झलक रहा था, वहीं जनता के दिल में दर्द और गुस्सा बढ़ रहा था। यही कारण है कि भीड़ ने जिलाध्यक्ष तक को खरी-खोटी सुनाई। ऐसी घटनाएं समाज और राजनीति दोनों के लिए चेतावनी हैं। पुलिस यदि जनता को दुश्मन समझकर व्यवहार करेगी, तो वह अपना अस्तित्व ही खो देगी। कानून व्यवस्था बनाए रखना एक बात है, लेकिन विरोध की आवाज को लाठियों से दबाना पूरी तरह निंदनीय है। यहां तो हालात इतने अमानवीय हो गए कि घायल व्यक्ति को अस्पताल तक ले जाने की हिम्मत परिवार में नहीं हुई। यह भय का सबसे वीभत्स रूप है। मैं, गोविंद तिवारी राष्ट्रवादी चिंतन पत्रकार, यह मानता हूं कि इस घटना ने गाजीपुर की जनता की आत्मा को झकझोर दिया है। यह सवाल हर उस नागरिक के सामने खड़ा है जो लोकतंत्र पर विश्वास करता है। यदि पुलिस इस तरह बेलगाम रही तो कल किसकी बारी होगी, कोई नहीं जानता। दिव्यांग सियाराम की मौत महज एक नाम नहीं है, यह उस प्रणाली की विफलता का प्रतीक है जो जनता की रक्षा के लिए बनी थी। डीएम द्वारा मजिस्ट्रेट जांच के आदेश और डीआईजी की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम होना भी गुस्से को शांत नहीं कर सका। लोग जानते हैं कि जांच समितियों की रिपोर्ट अक्सर धूल फांकती रह जाती हैं और पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलता। यही कारण है कि ग्रामीण बार-बार जोर देकर कह रहे थे कि केवल जांच नहीं, ठोस कार्रवाई चाहिए। गाजीपुर की इस घटना से यह संदेश भी जाता है कि सत्ता में चाहे कोई भी दल हो, यदि पुलिस पर लगाम न कसी जाए, तो लोकतंत्र खतरे में है। अपनी ही सरकार में कार्यकर्ता की मौत इस बात का संकेत है कि व्यवस्था को सुधारना होगा। पुलिस को जनता का दुश्मन नहीं, संरक्षक बनना होगा। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ा सबक यह है कि लोकतंत्र केवल वोट डालने से नहीं चलता, बल्कि जनता की आवाज का सम्मान करने से चलता है। अगर विरोध को दबाया जाएगा, तो वह गुस्से के रूप में फूटेगा ही। गाजीपुर की भीड़ का आक्रोश इसी सच्चाई का प्रतीक है। आज जरूरत है कि सरकार इस मामले को केवल 'स्थानीय विवाद' मानकर खारिज न करे। यह एक मिसाल बने कि पुलिस की बर्बरता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी अधिकारियों और सिपाहियों को सख्त से सख्त सजा मिले। पीड़ित परिवार को न्याय और सम्मान मिले। तभी जनता का भरोसा लौटेगा। सियाराम उर्फ जोखू उपाध्याय की मौत हमें यह सिखाती है कि लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत जनता है। जब जनता उठ खड़ी होती है, तो सत्ता की नींव तक हिल जाती है। गाजीपुर की घटना ने इस सच्चाई को फिर से साबित कर दिया है। यह घटना केवल एक गांव की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए सबक है।

## एक नजर

### समूह की महिलाएं अब चलायेंगी स्कूलों में प्रेरणा कैंटीन : जिलाधिकारी



**अंबेडकरनगर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जीवकोपार्जन के विभिन्न अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में लोहिया भवन सभागार में जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक,उपायुक्त स्वत :रोजगार, एनआरएलएम स्टाफ के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान माध्यमिक विद्यालयों में समूह की महिलाओं द्वारा कैंटीन संचालन में आ रही समस्याओं के निराकरण करने के साथ सभी प्रधानाचार्य को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में समूह की महिलाएं कैंटीन संचालित कराए,जिससे एक तरफ स्कूल के बच्चों और अध्यापकों को गुणवत्तायुक्त चाय, नाश्ता, भोजन मिल सकेगा तो दूसरी ओर महिलाओं को इससे जीवकोपार्जन होगा, जिससे उनके जीवन में सुधार होगा। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया गया कि बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करे ,बासी खाना नहीं देना है। उन्होंने कहा कि यदि किसी को लगता है कि बच्चों को भोजन खराब दिया जा रहा है तो उसकी शिकायत जिला प्रशासन से किया जाय। जांचों उपरांत उस समूह की महिला को हटाकर दूसरी समूह की महिला को रखा जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी महिलाओं का प्रशिक्षण के उपरांत जनपद के अच्छे होटल में उनका एक्स्पोज़र कराया जाए। जिससे वह अच्छे ढंग से कार्य कर सके।अंत में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने सभी प्रधानाचार्य को स्पष्ट निर्देश दिए कि आज की बैठक में उपस्थित सभी प्रधानाचार्य अपने यहां समूह के माध्यम से कैंटीन संचालित कराए जो प्रधानाचार्य आज की बैठक में अनुपस्थित रहे हैं उनकी अलग से बैठक आयोजित की जाएगी।

### तालाब आवंटन में ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप



**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** सरकारी आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए मरहरा ग्राम सभा का बड़ा तालाब नियम विरुद्ध तरीके से किसी व्यक्ति को आवंटित कर दिया गया। ग्राम सभा निवासी लालचंद गौड़ ने उपजिलाधिकारी जलालपुर को प्रेषित पत्र में गंभीर आरोप लगाया है कि गाटा संख्या 3014 में दर्ज तालाब का क्षेत्रफल ढाई हेक्टेयर से भी अधिक है। ग्रामीणों का कहना है कि तहसील के कर्मचारियों ने अवैध रूप से पैसा लेकर इस तालाब को किसी व्यक्ति के नाम पट्टा कर दिया, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के स्पष्ट शासनादेश के अनुसार एक हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाले तालाब केवल मत्स्यजीवी सहकारी समितियों को ही आवंटित किए जा सकते हैं, किसी व्यक्ति को नहीं। ग्राम प्रधान ने पट्टा आवंटन की पुष्टि करते हुए बताया कि नायब तहसीलदार द्वारा नियम विरुद्ध जाकर यह आवंटन स्वीकृत किया गया है। इस संबंध में आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई गई है। इसी के साथ ही प्रार्थना पत्र लिखकर उप जिलाधिकारी महोदय को भी दिया गया है। ग्रामीणों ने इस अवैध आवंटन की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में जब तहसील प्रशासन का पक्ष जानने हेतु तहसीलदार से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन स्विच ऑफ आया जबकि उपजिलाधिकारी मीटिंग में व्यस्त थे।

### नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने विपश्यना केंद्र का किया निरीक्षण



**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर अंतर्गत मियाबाकी वन पार्क स्थित विपश्यना केंद्र का नगरपालिका कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने निरीक्षण किया और विपश्यना केंद्र को सुविधाओं से परिपूर्ण करने के लिए चर्चा की। शनिवार को विपश्यना केंद्र पहुंचे नपा कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने पार्क में लगे पेड़, पौधों को देखा तथा पर्यटकों के लिए बने बेंचज तथा आवागमन मार्ग का निरीक्षण किया। इसके बाद केंद्र की व्यवस्थाओं, स्वच्छता, सुरक्षा, प्रसाधन और संचालन की स्थिति का जायजा लिया। तालाब का निरीक्षण किया और इसके सुंदरीकरण के लिए उच्चाधिकारियों से इसके सुंदरीकरण, जल संरक्षण पर वार्ता कर और विकसित किया जाएगा। श्री जायसवाल ने कहा कि करुणा और शांति के उपदेशक महात्मा बुद्ध की धरती पर बने धम्म काया पर सुबह जब मैं पहुँचा, तो वहाँ की शांति ने मन को छू लिया। वाह, कितनी सुंदर अनुभूति हुई ध्यान कक्ष में बैठकर लगा जैसे दुनिया की सारी हलचल पीछे छूट गई। धम्म काया केंद्र की वो शांति तो वाकई जादुई है—जैसे समय ठहर जाता हो और मन सिर्फ़ सांस पर आकर टिक जाए। ध्यान कक्ष में बैठे हुए वो क्षण, जब बाहर की दुनिया धुंधली सी लगने लगती है, ये अनुभव करके मन प्रफुल्लित हो गया। इस दौरान सभासद राजेश मद्धेशिया, सभासद केशव सिंह, सभासद गिरिजेश सिंह, सभासद पवन जायसवाल, सभासद शाबीर अली आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों ने प्राचार्य को चार सूत्रीय पत्रक सौंप की कला संकाय भवन का उपयोग न करने की मांग



**कसया, कुशीनगर।** बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर से जुड़े शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने प्राचार्य प्रो. विनोद मोहन मिश्रा को चार सूत्रीय मांगों का पत्रक देकर कला संकाय भवन के उपयोग न करने की मांग की है। शनिवार को शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. सौरभ द्विवेदी और महामंत्री डॉ राजेश कुमार जायसवाल ने प्राचार्य श्री मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षक नेताओं ने बताया कि 12 सितंबर को छत का एक हिस्सा कला संकाय भवन के समीप गिर गया। गनीमत रहा कि कोई जन धन की हानि नहीं हुई। महाविद्यालय में मूलभूत भवन, इंफ्रास्ट्रक्चर को यथाशीघ्र दुरुस्त कराया जाय। कक्षाएं, शिक्षक कक्ष, शौचालय, छात्राओं के लिए कामन रूम, पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाय। भविष्य में कला संकाय भवन में छात्र, शिक्षकों के जान माल की कोई क्षति होती है तो उसकी जिम्मेदारी आपकी होगी। शिक्षकों ने पत्रक में कहा कि यह ध्यान में आया है कि महा विद्यालय प्रशासन अपनी प्रत्येक लापरवाही और अक्षमता छिपाने के लिए शिक्षकों को दोषी ठहरा रहा है। छात्र – छात्राओं, समाज या प्रशासन के लोगों को शिक्षकों के खिलाफ भड़काने का प्रयास किया जा रहा है । संघ इसकी घोर निंदा करता है। शिक्षकों ने भरोसा दिया कि हम महा विद्यालय के विकास हेतु सकारात्मक भूमिका और सहयोग के लिए तत्पर हैं। शिक्षकों ने सहयोग और इस विंदू पर होने वाली कृत कार्यवाही से अवगत कराने की मांग की है।

### टैंकर सहित 1. 25 करोड़ का गाजा पुलिस ने किया बरामद

**तमकुहीराज ( कुशीनगर )।** स्थानीय थाने की पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 कुंतल गांजा बरामद करने में सफलता पायी है । टैंकर में रखकर तस्करों द्वारा ले जाई जा रही गांजा की कीमत टैंकर सहित 1,25 करोड़ आंकी गयी है । पुलिस इस मामले में दो तस्करों को दबोचने में भी सफल रही है ।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बिहार की तरफ से एक टैंकर एमएच 48 , 1149 में अवैध गांजा ले जाया जा रहा है ।मुखबिर की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने थाना गेट के सामने राष्ट्रीय राज्य मार्ग पर घेराबंदी करके रोकने का प्रयास किया पुलिस से घिरता देख टैंकर चालक गाड़ी लेकर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस की घेराबंदी को तोड़ नही पाया । पकड़े गए टैंकर से 1 – 1 किलो के 500 पैकेट बरामद हुआ । गिरफ्तार तस्करों की पहचान जौनपुर निवासी सुरेंद्र व बिजय कुमार के रूप में हुई ।पुलिस टीम में एसएचओ सुशील कुमार शुक्ला , दिनेश साहनी , महेश मिश्र , लालमोहन चौहान , मोहित उपाध्याय , सचिन विश्कर्मा , सत्यप्रकाश यादव , पंकज प्रजापति आदि रहे।

# विकसित उत्तर प्रदेश का रोडमैप 2047 तक समृद्धि की नई उड़ान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**वाराणसी।** आईआईटी (बीएचयू) के एबीएलटी-4 सभागार में शनिवार को "विकसित उत्तर प्रदेश - समर्थ उत्तर प्रदेश @2047" विषयक संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित, आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार करना रहा। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार प्रो. के.वी. राजू ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उद्योग, आईटी, शिक्षा और पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यदि रणनीतिक तरीके से कार्य किया जाए तो आने वाले दो दशकों में प्रदेश भारत की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने नई पीढ़ी से आह्वान किया कि वे एआई और मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों में शोध और नवाचार को प्राथमिकता दें तथा प्रदेश को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने में योगदान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आईआईटी (बीएचयू) के निदेशक प्रो. अमित पात्रा ने कहा कि संस्थान प्रदेश की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार काम कर रहा है।



एग्रीकल्चर सेक्टर में संस्थान ने एक रोडमैप तैयार किया है जो किसानों, उद्यमियों और प्रदेश की अर्थव्यवस्था तीनों को लाभान्वित करेगा। उन्होंने कहा कि समाज और शासन दोनों को जोड़कर ही वास्तविक विकास संभव है। जिलाधिकारी वाराणसी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विचार का हिस्सा है। जब भारत 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करेगा, उस समय प्रदेश को किस रूप में देखना है, इस पर गंभीर चर्चा जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था तीव्र गति से बढ़ रही है और अगले 22 वर्षों में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगी। ऐसे में उत्तर प्रदेश और विशेषकर वाराणसी की भूमिका अहम होगी। मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी हिमांशु नागपाल ने कहा कि "विजन यूपी 2047" तभी सफल होगा जब शासन, शैक्षणिक संस्थान और नागरिक एकजुट होकर काम करेंगे।

उन्होंने बीते वर्षों में शिक्षा, व्यवसाय, स्वास्थ्य और आधारभूत ढांचे में हुए बदलावों की जानकारी दी। डॉ. राममनोहर लोहिया विश्वविद्यालय, लखनऊ के विधि संकाय के प्रो. पी.के. गौतम ने कहा कि सुशासन और मजबूत विधिक ढांचा ही सतत विकास की नींव है। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र वाराणसी के डॉ. नवीन कुमार सिंह ने कहा कि कृषि और ग्रामीण उद्यमिता में नवाचार से ही वास्तविक आर्थिक उत्थान संभव है। आईआईटी (बीएचयू) के अधिष्ठाता (अनुसंधान एवं विकास) प्रो. राजेश कुमार ने संस्थान की शोध परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आईआईटी (बीएचयू) के इनोवेशन और रिसर्च से प्रदेश को तकनीकी आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिलेगी। संवादात्मक सत्र में छात्रों और शिक्षकों ने भी अपने विचार साझा किए। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। अतिथियों का स्वागत केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. रवि पी. जायसवाल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. ओम जी पाण्डेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन गर्वनमेंट डिग्री कॉलेज, डीएलडब्ल्यू की प्रोफेसर रचना शर्मा ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राज शेखर, प्रो. आरएस सिंह, प्रो. आभा मिश्रा, प्रो. एसके श्रीवास्तव, प्रो. प्रदीप पाईक, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. ज्ञान प्रकाश वर्मा, राजकीय महाविद्यालय सोनभद्र के डॉ. अमूल्य कुमार सिंह, राजकीय महाविद्यालय गाजीपुर की डॉ. पूजा सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## काशी के डिवाइडरों पर सजे घाट और संगीत की झलक, गंदगी फैलाने वालों को मिलेगा संदेश





**वाराणसी।** काशी को स्वच्छ और आकर्षक बनाने की दिशा में वाराणसी विकास प्राधिकरण लगातार नए प्रयोग कर रहा है। अब शहर की सड़कों के डिवाइडरों पर गंगा घाटों और बनारस की संगीत परंपरा को आकर्षक चित्रकारी के माध्यम से जीवंत किया जा रहा है। इस पहल ने जहां शहर की सुंदरता में नई चमक भर दी है, वहीं काशी की सांस्कृतिक पहचान को भी सड़क पर उतार दिया है।

डिवाइडरों पर उकेरी गई चित्रकारी में गंगा घाटों की विविध छवियां दिखाई देती हैं, जो पर्यटकों और राहगीरों को काशी की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत से रूबरू कराती हैं। इन चित्रों में संगीत की अनूठी परंपरा को भी प्रदर्शित किया गया है, जिससे बनारस घराने की पहचान लोगों को सहज ही नजर आती है। यह कला न सिर्फ सौंदर्यीकरण का काम कर रही है बल्कि वाराणसी की समृद्ध परंपरा का भी प्रचार-प्रसार कर रही है। इस पहल को लेकर सोशल मीडिया पर नागरिक लगातार सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं। लोग तस्वीरें साझा कर वाराणसी विकास प्राधिकरण के इस कदम की सराहना कर रहे हैं। शहर की सूरत-संवरती देख स्थानीय लोग भी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वाराणसी विकास प्राधिकरण का कहना है कि इस तरह की चित्रकारी से न केवल शहर का सौंदर्य बढ़ता है बल्कि लोगों को गंदगी न फैलाने का संदेश भी मिलता है। पान, गुटखा आदि खाकर दीवारों और सार्वजनिक स्थलों को गंदा करने वालों को इस पहल से हतोत्साहित करने का प्रयास किया गया है। प्रशासन का मानना है कि जब लोग अपने आसपास सुंदर और कलात्मक दृश्य देखेंगे तो गंदगी फैलाने से पहले जरूर सोचेंगे। प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस पहल को केवल सरकारी काम न मानें, बल्कि अपनी जिम्मेदारी समझकर इस सौंदर्यीकरण को बनाए रखने में सहयोग करें। स्वच्छ और सुंदर काशी का सपना तभी साकार हो सकेगा जब शहरवासी भी मिलकर इसमें योगदान देंगे। वाराणसी के लिए यह पहल केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक धरोहर को आधुनिक रूप में सहेजने का प्रयास भी है। गंगा किनारे की दिव्य छवि और बनारस की संगीत परंपरा जब सड़कों पर जीवंत होती है तो यह संदेश देती है कि काशी सिर्फ आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कृति और कला की भी राजधानी है।

## दबंगई के दम पर सरकारी योजनाओं को लगाया जा रहा पलीता



**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर चल रहे प्रदेशव्यापी वृक्षारोपण अभियान की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मामला थाना जलालपुर क्षेत्र के ग्राम सभा गौरा कमाल के लारपुर (दक्षिण) पुर्वे का है, जहां दबंगों ने न सिर्फ गरीब किसानों द्वारा लगाए गए पौधे उखाड़ फेंके। पीड़ित किसानों ने थाने पहुंच कर दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीते बुधवार को दबंग ठीकेदारी अब्बास अली ने रोपित वृक्षों और धान के पौधों को उखाड़ फेका। विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गए । ग्रामीणों का कहना है कि यह सीधी चुनौती मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना को है, जिसका मकसद हरियाली और पर्यावरण संरक्षण है। गांव के किसानों ने कहा कि दबंगई के दम पर सरकारी योजनाओं को पलीता लगाया जा रहा है और प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि वृक्षारोपण अभियान को ठप करने वालों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी गरीब किसान के हक और सरकार की योजना पर चोट करने की जुर्रत न कर सके। शिकायत करने वाले ग्रामीणों में प्रमुख रूप से पलटूराम, जीतेन्द्र प्रसाद, इंद्रमणि,दयाशंकर, राम उजागिर, दयाराम, रजनी, प्रेमा, लल्ली देवी, सुनीता आदि शामिल रहे।

## संतों की साधना से आलोकित अयोध्या : 'संतों में ध्रुव तारे' पुस्तक

**अयोध्या।** पावन नगरी अयोध्या में आध्यात्मिक चेतना को शब्दों में पिरोने वाली पुस्तक 'संतों में ध्रुव तारे' के बारे में जानकारी देते हुए समाजसेवी राजेश सिंह मानव ने बताया पुस्तक के लेखक उमेश सिंह 'पन्ना' को एक संवेदनशील और आध्यात्मिक दृष्टि से ओत–प्रोत साहित्यकार हैं।राजेश सिंह मानव ने कहा,यह पुस्तक न केवल संतों के जीवन और साधना की गाथा है, बल्कि अयोध्या की सनातन चेतना का जीवंत दस्तावेज है। यह ग्रंथ पाठकों को आत्मबोध, भक्ति और साधना के मार्ग पर प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या मात्र एक नगर नहीं, बल्कि ऋषि–मुनियों, योगियों और संतों की तपस्थली है, जिसने भारतीय अध्यात्म की धुरी को सदियों तक थामे रखा। पुस्तक 'संतों में ध्रुव तारे' उन दिव्य आत्माओं के पदचिह्नों को खोजने का एक विनम्र प्रयास है, जिन्होंने अयोध्या को आलोकित किया और मानवता के मार्ग को प्रकाशित किया। लेखक उमेश सिंह ने राजेश सिंह मानव के लिए अंतर्मन से भाव प्रकट करते हुए लिखा कि सार – असार क्षेत्र के रमणक, लुप्त–गुप्त विद्या के अभ्यासी और गुप्त तत्व के प्रति अहर्निश समर्पित बताया है। लेखक परिचय :उमेश सिंह 'पन्ना' का जन्म 17 अगस्त 1976 को आंबेडकर नगर के फत्तेपुर गाँव में हुआ। उन्होंने अपनी शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त की। पिछले दो दशकों से वे सक्रिय पत्रकारिता में हैं और कई प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में कार्य कर चुके हैं। उन्हें श्याम प्रसाद प्रदीप भाषा संवर्धन सम्मान से सम्मानित किया गया है। छात्र जीवन में उनका गहरा जुड़ाव 'आजादी बचाओ आंदोलन' से रहा है। वे चरैवेति–चरैवेति की भावना से सतत सक्रिय एक सांस्कृतिक यायावर के रूप में भी जाने जाते हैं।



ब्रम्हलीन महंत अवैद्यनाथ

## जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन केंद्रों को समयबद्ध पूर्ण करने के दिए निर्देश

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

- 38 आश्रय स्थलों में 5097 गोवंश संरक्षित, जिलाधिकारी ने सभी आश्रय स्थलों में तत्काल खाद निर्माण कार्य प्रारंभ करने के दिए निर्देश
- गो संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जिलाधिकारी ने की अपील, लोगों से सहयोग राशि देने का किया आग्रह

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक की। बैठक मैं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 38 स्थाई/अस्थाई केंद्र संचालित है जिसमें कुल 5097 गोवंश संरक्षित हैं। इसी के साथ उन्होंने बताया कि तीन गो संरक्षण केंद्र निर्माणाधीन हैं। जिसमें से निर्माणाधीन वृहद गो संरक्षण केंद्र सस्पना तहसील एवं ब्लॉक अकबरपुर का 90% कर पूर्ण कर लिया गया है, माह सितंबर 2025 के अंत तक इसका संपूर्ण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान निर्माणाधीन वृहद गो संरक्षण केंद्र नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर के कार्य में और तेजी लाने की निर्देश दिए गए, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत राजे सुल्तानपुर ने बताया कि इस संरक्षण केंद्र का कार्य आगामी दो माह में पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी के साथ ही निर्माणाधीन अस्थाई गो आश्रय स्थल रामकोला विकासखंड रामनगर में बाउंड्री वॉल के अतिरिक्त समस्त कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, खंड विकास अधिकारी रामनगर ने बताया कि सितंबर माह के अंत तक संपूर्ण कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने रोजाना के प्रगति की समीक्षा करने हेतु भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



इस दौरान जिलाधिकारी ने गो आश्रय स्थलों के केयरटेकरों का भुगतान नियमित समय पर करने तथा सहभागिता योजना के अंतर्गत माह अगस्त के भुगतान को भी एक सप्ताह में करने हेतु मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त गो आश्रय स्थलों में खाद बनाने के कार्य को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। सभी आश्रय स्थलों में छोटे गो वंशों/बछड़ों–बछिया के साथ-साथ नर व मादा गोवंशों को रखने हेतु अलग-अलग बाड़े की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में चारागाह की भूमि के प्रबंधन तथा चारा उत्पादन की स्थिति की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि 29 हेक्टेयर क्षेत्रफल में चारागाह की भूमि पर चारा का उत्पादन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने इसके अतिरिक्त चिन्हित भूमियों पर चारे की बुवाई कराई जाने तथा उसकी सुरक्षा हेतु संबंधित खंड विकास अधिकारी को फेंसिंग करने के निर्देश दिए। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने गौशालाओं हेतु हरा चारा उत्पादन के लिए चारागाह भूमि की अतिरिक्त आवश्यकता के दृष्टिगत समस्त उप जिलाधिकारियों को अन्य गोचर की भूमि को चारा बुवाई हेतु उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा को आश्रय स्थलों में मूलभूत सुविधाओं के उपलबधता की भी समीक्षा की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने एसएफसी पुलिंग को बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में प्रत्येक बुधवार को संचालित सभी 38 को आश्रय स्थलों में गो संवर्धन एवं गौ सेवा दिवस का आयोजन किया जाता है जिसमें जनपद के सभी नोडल अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, पशुधन प्रसार अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान द्वारा प्रतिभाग किया जाता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि गो– संरक्षण एवं संवर्धन कोष खाता संख्या–6257000100042049 पंजाब नेशनल बैंक विकास भवन अकबरपुर आईएफएससी कोड–PUNB0625700 में खोला गया है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि गो संरक्षण एवं संवर्धन हेतु इच्छुक व्यक्ति उक्त खाता संख्या में अथवा उक्त खाता संख्या के क्यूआर, यूपीआई आईडी– 8765957947m@pnb के माध्यम से सहायता राशि प्रदान कर सकते है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, एसपी सिटी, जिला पंचायत राज अधिकारी, डीसी मनरेगा, सूचना अधिकारी आदि सहित समिति के अन्य सदस्य एवं पशुचिकित्सक उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर नवविवाहिता ने दी जान

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** बीती रात एक नवविवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मामला सम्मनपुर थाने के ताजूपुर के मजरा मेवडिया का है। जानकारी के मुताबिक मेवडिया निवासी अमित कुमार बघेल की शादी चार माह पूर्व आजमगढ़ जिले के राघवपुर,थाना कंधरापुर निवासी सुरेंद्र कुमार की पुत्री रेनू( 23 )से हुई थी। पति अविनाश एक माह पूर्व ही बाहर कमाने चला गया है। बीती रात सब लोग खाना पीना खाकर सोने चले गए और रेनू भी अपने कमरे में सोने के लिए चली गई। इसी बीच रात में किसी समय उसने गले में दुपट्टा बांधकर पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी। शनिवार को सुबह काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकली, तब उसकी सास ने दरवाजा पीट कर आवाज भी लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। किसी अनहोनी की आशंका में मृतका के ससुर महेंद्र सिंह बघेल ने थानाध्यक्ष व उसके मायके वालों को सूचना दी।

## संत निरंकारी सत्संग भवन कुशीनगर में विशाल जोनल स्तरीय निरंकारी महिला समागम का आयोजन किया गया

# हम आपस में और सभी के साथ प्रेम से जीवन जिये...

**कसया (कुशीनगर)।** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की प्रेरणा से देशभर में महिला संत समागम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कुशीनगर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन कसया में शनिवार को महिला संत समागम का आयोजन किया गया। इस समागम में जयपुर राजस्थान से बहन बेला खुराना ने सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज का शुभ संदेश प्रदान किया।



जिस घर में परिवार के सभी सदस्य मर्यादा में रहते हुए अपनी-अपनी जिम्मेवारियों को निभाते हैं वहां हर समय प्यार ही प्यार होता है व स्वर्ग का नक्शा बना रहता है तथा ऐसे घर-परिवार में शारीरिक, मानसिक व आर्थिक अर्थात हर तरह के सुख बरसते हैं। उन्होंने कहा कि निरंकारी सत्संग से सीख लेकर हजारों नारियों ने अपने घर परिवार की तस्वीर बदल दी है, वे सिर्फ प्रवचन सुनने तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि निरंकारी सतगुरु द्वारा प्रदान ब्रह्मज्ञान को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर, अपने आचरण द्वारा प्रेम तथा शांति का माहौल देकर अपने ही घर को स्वर्ग बना दिया है। मिशन के विचारधारा के बारे में बहन बेला खुराना ने कहा कि कोई भी इंसान प्रभु का ज्ञान प्राप्त करके प्रभु की इच्छा के अनुरूप जीवन ज्ञापन कर सकता है। संसार की सारी जिम्मेदारियां को निभाते हुए भी वह कमल की भांति अनासक्त भाव से सहज अवस्था में जीवन जी सकता है। निरंकारी मिशन में महिलाओं के महान योगदान का जिक्र करते हुए बहन बेला खुराना ने कहा कि मिशन के पूज्य जगत माता बुद्धवंती जी, निरंकारी राजमाता कुलवंत कौर जी, माता सविंदर हरदेव जी व वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज का असाधारण योगदान महिला जगत का ही नहीं बल्कि पूरी मानव जाति का निरंतर मार्गदर्शन कर रहा है। बहन बेला खुराना ने कहा कि हर नारी स्वयं भी खुश रहना चाहती हैं और घर-परिवार को भी खुशमय बनाना चाहती हैं तो निरंकारी सत्संग से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। निरंकारी सतगुरू से ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर प्रभु परमात्मा को जानकर जीवन का असली मकसद हासिल करके लाखों इंसानों का जीवन सफल हुआ है और उनके घर परिवारों में रौनकें आ गई हैं। इसी कड़ी में कुशीनगर के जोनल इंचार्ज महात्मा कमलेश मणि त्रिपाठी ने कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, महराजगंज, बलिया से आये सभी संतों का धन्यवाद आभार करते हुए सतगुरु माता जी से आशीर्वाद कि कामना की। साथ ही सत्संग के बहनों ने कविता, भजन, और विचारों द्वारा नारी के विभिन्न रूप को दर्शाया गया। बहन बेला खुराना जी ने कहा कि आज निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज चाहती हैं कि हम आपस में और सभी के साथ प्रेम से जीवन जिये, क्योंकि मानव मात्र से प्यार करना ही परमात्मा से प्यार करना है, पर मनुष्य की यह प्रवृति है कि वह परमात्मा से प्यार करता है परन्तु परमात्मा की संतान यानी मनुष्य से प्यार नहीं करता।

## एक नजर

### मोबाइल के बदले बर्तन का कारोबार निजता और सुरक्षा पर मंडराता खतरा

**उतरौला (बलरामपुर)।** शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों "मोबाइल के बदले बर्तन" का अनोखा कारोबार तेजी से फैल रहा है। इस व्यापार में पुराने, खराब या डेड मोबाइल फोन के बदले स्टील के बर्तन दिए जा रहे हैं। लोग यह सोचकर अपने फोन दे रहे हैं कि खराब मोबाइल का अब कोई उपयोग नहीं है, जबकि यह नासमझी गंभीर खतरा साबित हो सकती है। तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि आज के स्मार्टफोन में डाटा इंटरनल फ्लैश मेमोरी (ROM/Storage chip) में सुरक्षित रहता है। मोबाइल बंद या डेड होने पर भी उसमें मौजूद फोटो, वीडियो, बैंकिंग जानकारी, व्हाट्सऐप चैट और अन्य निजी दस्तावेज आसानी से रिकवर किए जा सकते हैं। यही नहीं, इस डाटा का इस्तेमाल बाद में ब्लैकमेलिंग, साइबर ठगी और निजता से जुड़े अपराधों में किया जा सकता है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की सलाह है कि कोई भी व्यक्ति अपना पुराना या खराब मोबाइल किसी अनजान व्यक्ति को न दे। यदि बेचना आवश्यक हो, तो पहले डिवाइस को पूरी तरह फॉर्मेट करें और बेहतर होगा कि स्टोरेज चिप को नष्ट कर दें। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और साइबर सेल से मांग की है कि इस संदिग्ध कारोबार की गहराई से जांच की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि लोगों की निजता और आर्थिक सुरक्षा सुरक्षित रह सके।

### चौधरी राम तीरथ इंटर कालेज में कार्यशाला का आयोजन

**बलरामपुर।** गोमडी आज दिनांक 13 अगस्त 2025 दिन शनिवार को विधानसभा बलरामपुर सदर के अंतर्गत गुमड़ी मंडल में स्थान चौधरी राम तीरथ कन्या इंटर कॉलेज गौर खास में मेरे अध्यक्षता में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मंडल कार्यशाला आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्षा/मंडल प्रभारी गुमड़ी मंजू तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख दत्तगंज हेमंत जयसवाल तथा मंडल के दोनों मंडल महामंत्री राजेश भारती एवं विजय बहादुर श्रीवास्तव (टिंकू) जी एवं मंडल के पदाधिकारी गण,शक्ति केंद्र संयोजक बंधु तथा बूथ अध्यक्ष एवं अन्य भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जंगल में लकड़ी बीनने गए बाप बेटे पर धारदार हथियार से हमला

**गोण्डा।** थाना खरगुपुर इलाके के जानकी नगर पुलिस चौकी अंतर्गत देवतावा जंगल में लकड़ी बीनने गए पिता पुत्र पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया जिसमें पिता की मौ'त हो गई है, जबकि बेटा गंभीर रूप से घयल हो गया जिसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने घटनास्थल पर पहुंच कर मौके का गहन निरीक्षण कर घटना के खुलासे के लिए पुलिस की अलग–अलग पांच टीमों का गठन किया है। बताया जाता है कि ग्राम सभा शिवगढ़ निवासी गंगाराम विश्वकर्मा अपने बेटे अनोखीलाल के साथ प्रतिदिन की तरह शनिवार को पूर्वाह्न में पास के टिकरी जंगल में लकड़ी बीनने गए हुए थे। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने दोनों पर अचानक हमला कर लहूलुहान कर दिया। घटना मे शिवगढ़ चौराहा निवासी 65 वर्षीय गंगा सागर विश्कर्मा की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनका पुत्र अनोखी लाल विश्कर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि अनोखी के शोर मचाने पर लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने एम्बुलेंस से घायल को सीएचसी खरगुपुर भेजा जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देख उसे गोण्डा रेफर किया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजा गया है।

### अराजक तत्वों ने अंबेडकर प्रतिमा का हाथ तोड़ा लोगों में आक्रोश

**बहराइच।** जिले के रिसिया थाना क्षेत्र में अराजक तत्वों ने विद्यालय में लगी अंबेडकर प्रतिमा का हाथ क्षतिग्रस्त कर दिया है। जब लोगों ने क्षतिग्रस्त प्रतिमा देखी तो आक्रोशित हो उठे। जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की और लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन तब तक जानकारी होते ही आसपास के भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। जिसके बाद थानाध्यक्ष ने अतिरिक्त फोर्स बुला ली। रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरसिंहडीहा में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर इंटर कॉलेज है। इस इंटर कॉलेज में डॉक्टर अंबेडकर की विशालकाय प्रतिमा स्थापित है। शुक्रवार को कुछ आराजक तत्वों ने विद्यालय पहुंचकर अंबेडकर प्रतिमा का एक हाथ क्षतिग्रस्त कर दिया। जब ग्रामीण विद्यालय के पास से निकले तो प्रतिमा क्षतिग्रस्त देखकर गांव के अन्य लोगों को जानकारी दी। जिस पर पूरे गांव के लोग जमा हो गए। ग्रामीणों में आक्रोश साफ नजर आ रहा था। ग्रामीणों का कहना था कि डॉ आंबेडकर समाज को जोड़ने के साथ संविधान निर्माता भी हैं। ऐसे में उनकी प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया जाना समाज पर हमला करने जैसा है। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी रिसिया पुलिस को दी। थानाध्यक्ष दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। लेकिन तब तक प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने की जानकारी आसपास के गांव के लोगों को भी हो गई थी। लोग भारी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। लोगों में प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने को लेकर काफी आक्रोश देखा जा रहा था। जिसके बाद थानाध्यक्ष ने अतिरिक्त पुलिस बल बुला लिया। थानाध्यक्ष ने लोगों को आश्वस्त किया है कि जल्द ही प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

### आदमखोर जानवर से सुरक्षा के लिए वन विभाग सक्रिय, 11 टीमें तैनात



**बहराइच।** महसी तहसील क्षेत्र में वन्य जीवों के हमलों से निपटने के लिए वन विभाग ने व्यापक कार्रवाई शुरू की है। डीएफओ राम सिंह यादव के अनुसार वन प्रभाग स्तर से 7 और वन संरक्षक स्तर से 4 गश्ती टीमों का गठन किया गया है। वन विभाग ने आधुनिक तकनीक का सहारा लिया है। विभाग 3 थर्मल ड्रोन कैमरों का उपयोग कर रहा है। संवेदनशील स्थानों पर कैमरा ट्रैप्स लगाए जा रहे हैं। वन्य जीव प्रभावित गांवों में सोलर सीसीटीवी कैमरे भी स्थापित किए जा रहे हैं। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे विधायक सुरेश्वर सिंह ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए खेतों में उतर कर आदमखोर जानवर के पगचिंह तलाश किए ताकि पता चल सके कि हमलावर खूंखार आदमखोर जानवर किस कैटेगरी का है और कहीं यह जानवर भेड़िया तो नहीं है। स्थानीय ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। टीमें ग्रामीणों को हिंसक वन्य जीवों से बचाव के तरीके बता रही हैं। उन्हें रात में घर के अंदर दरवाजा बंद कर सोने की सलाह दी जा रही है। गश्ती टीमें प्रभावित गांवों के बाहरी इलाकों में पटाखे जलाकर वन्य जीवों को रोक रही हैं। वन विभाग, पुलिस और जिला प्रशासन आपसी समन्वय से दिन–रात गश्त कर रहे हैं। इन सभी प्रयासों का मकसद क्षेत्र के लोगों को वन्य जीवों से सुरक्षित रखना है।

### थाना नवाबगंज व एसओजी टीम की संयुक्त कार्यवाही

**गोंडा।** शुक्रवार की देर रात एसओजी व थाना नवाबगंज की संयुक्त टीम द्वारा गोण्डा–अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग मे शूटिंग रेंज के पास मुठभेड़ के दौरान 2 शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर मे गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध तमंचा खोखा कारतूस, चोरी की प्लेटिना मोटरसाईकिल, 5 छिनैती के मोबाइल फोन व 20,800/– रू0 नकद बरामद किया है। विगत कुछ दिनों से जनपद गोण्डा के विभिन्न थानाक्षेत्रों में छिनैती की घटनाएं घटित हुई थी। घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा घटनाओं के शीघ्र अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण में प्रभारी एसओजी सर्विलांस सहित कुल 4 टीमो का गठन किया गया था। शुक्रवार को थाना नवाबगंज व एसओजी सर्विलांस की संयुक्त टीम क्षेत्र में भ्रमण शील थी कि सूचना प्राप्त हुई कि 2 शातिर बदमाश गोण्डा अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर आ रहे है। पुलिस टीम द्वारा गोण्डा अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग मे शूटिंग रेंज के पास बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया गया। जिसमें बदमाशों द्वारा स्वयं को घिरता हुआ पाकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में शातिर बदमाश अंकित सिंह के पैर में गोली लगी, इस दौरान उसका साथी अभियुक्त शिवम यादव द्वारा मौके से भागने की कोशिश की गई लेकिन पुलिस ने तत्परता से घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायल को उपचार हेतु जिला अस्पताल गोण्डा में भर्ती कराया गया। अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना नवाबगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# नेपाल में वामपंथी सरकार के 17 साल-पीएम बनी सुशीला कार्की

## नेपाल नरेश को पदच्युत कर वर्ष 2008 में वामपंथियों ने हथियाई थी सत्ता

**विश्ववार्ता संवाददाता**




**बहराइच।** नेपाल में वामपंथियों ने नेपाल नरेश को पदच्युत करने के लिए 90 के दशक से ही रणनीति बनाना शुरू कर दिया था। लेकिन वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पा रहे थे। वर्ष 2001 में नेपाल राजवंश के नरसंहार के बाद वामपंथी धीरे-धीरे अपने मकसद में कामयाब होने लगे। हालांकि फिर राजतंत्र आया। लेकिन वामपंथी अपने मकसद को पूरा करने के लिए दिन रात संगठन का विस्तार करने लगे।

समूचे नेपाल में लूटपाट और सुरक्षा बलों पर हमला कर नेपाल प्रशासन को हिला दिया। आखिरकार वर्ष 2008 में नेपाल नरेश ज्ञानेंद्र वीर विक्रमदेव शाह को वामपंथियों के दबाव के चलते गद्दी छोड़नी पड़ी। नेपाल में वामपंथी राजशाही के खिलाफ लंबे समय से आंदोलन कर रहे थे। कई बार राजशाही को विफल करने के लिए वामपंथियों ने बड़े हमले किए। 13 फरवरी 1996 में वामपंथियों ने रुकुम जिला मुख्यालय पर बड़ा हमला बोला था। जिसमें 40 से अधिक पुलिस कर्मियों को गोली मार दी थी। समूचे नेपाल में इस घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं होने लगी। लेकिन तत्कालीन राजा वीरेंद्र विक्रम शाह देव ने उनको विफल कर दिया था।

इस बीच वामपंथियों ने अपने संगठन को मजबूत करने के लिए पहाड़ से लेकर तराई इलाकों तक लोगों को राजा के प्रति भड़काया और उन्हें अपने संगठन में शामिल करने लगे इससे वामपंथियों की ताकत और बढ़ने लगी वामपंथियों ने हथियार गोला बारूद की जरूरत पूरी करने के लिए नेपाल के बड़े व्यापारियों के साथ बैंकों में भी लूटपाट की। इसके बाद जब वह हथियारों से मजबूत हो गए तो उनके हमले और तेज हो गए। वामपंथी अधिकतर पुलिस कर्मियों को ही अपना निशाना बनाते थे। जिससे नेपाल में अशांति फैल गई थी। नेपाल का पर्यटन उद्योग ठप हो चुका था। कृषि, पर्यटन पर आधारित अर्थ व्यवस्था भी चौपट हो चुकी थी। नेपाल का नेपाल का प्राकृतिक सौंदर्य और आतिथ्य साहसी और आध्यात्मिक साधकों को अपनी ओर आकर्षित करता रहता था। लेकिन लोग नेपाल में व्याप्त माओवादी हिंसा के चलते कम रुक करने लगे।

जिससे नेपाल की अर्थ व्यवस्था पर गहरी चोट लगी। नेपाल नरेश की वर्ष 2001 में हत्या के बाद वामपंथी काफी उग्र हो गए थे। हालांकि नरेश की हत्या के बाद उनके भाई ज्ञानेंद्र वीर विक्रम सहदेव ने गद्दी संभाली। लेकिन वामपंथियों के सामने अधिक समय तक टिक न सके। वर्ष 2008 में उन्हें गद्दी छोड़नी पड़ी। इसके बाद शुरू हुआ वामपंथियों का दौर। नेपाल के आम चुनाव में वामपंथियों को बहुमत मिला। वामपंथी दल के उग्र नेता के रूप में जाने जाने वाले पुष्प कमल दहल प्रचंड को पहला प्रधानमंत्री चुना गया। लेकिन वामपंथियों की यह साझा सरकार थी। जिसके चलते प्रचंड मात्र 11 महीने तक ही टिक सके। इसके बाद माधवकुमार नेपाल, झालानाथ खनाल, बाबूराम भट्टराई, खिलराज रेगमी, सुशील कोइराला, केपी शर्मा ओली, फिर पुष्प कमल दहल, शेर बहादुर देउवा, फिर केपी शर्मा ओली, दो बार लगातार,शेर बहादुर देउवा, पुष्प कमल दहल के बाद फिर केपी शर्मा ओली,16वीं सुशीला कार्की प्रधानमंत्री बनी है। इस प्रकार 17 वर्ष के भीतर वामपंथियों की सरकार में 16 प्रधानमंत्री बनाए गए हैं। जिसको लेकर राजनीतिक अस्थिरता लगातार बनी रही। यही कारण है कि नेपाली आवाम उग्र हो गया है और इन दिनों सड़कों पर आंदोलनरत है।

### जेन–जेड के आंदोलन में महानगर पालिका हुआ खाक, ट्रक्टर, ट्राली व जेसीबी भी ध्वस्त

**रुपईडीहा, बहराइच।** नेपाल में जेन-जेड के आंदोलन के कारण भारी नुकसान हुआ। पड़ोसी जिला नेपालगंज के उप महानगर पालिका कार्यालय को आंदोलन कारियों ने जला दिया। जिससे उप महानगर पालिका खंडहर हो चुका है। प्रदर्शन कारियों ने उप महानगर पालिका के गेट तोड़कर आग लगा दी, उसके बाद भीतर घुस गए। भौतिक पूर्वाधार सहित सम्पूर्ण महत्वपूर्ण प्रपत्र जल गए। पालिका के अस्थायी रूप से सेवा प्रवाह ठप हो गया। यही नही आगजनी में कूड़ा उठाने वाला ट्रेक्टर भी जल गया। इससे सड़कों पर कूड़े करकट का ढेर लग गया। इसलिए उप महानगर की गंदगी हटाना सबसे बड़ी समस्या है। क्लीन नेपाल व ग्रीन नेपाल के फाउंडर डॉ विनोद कर्ण ने सामाजिक संजाल के माध्यम से कहा है कि समस्या के समाधान न होने तक लोग सड़क पर कूड़ा न डालें।

## जगन्नाथ पुरी के लिए तीर्थ यात्रियों का जत्था रवाना

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव से ओत-प्रोत श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार को गाजे-बाजे के साथ जगन्नाथ पुरी (उड़ीसा) के लिए रवाना हुआ। सादुल्लानगर, अचलपुर चौधरी, मद्दोभट्ठा, रामपुर अरना, घासीपोखरा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हुए। सादुल्लानगर से रवाना हुए तीर्थ यात्रियों को बस के माध्यम से विदा किया गया। रवाना होने से पूर्व राधेश्याम गुप्ता, विष्णु गुप्ता, राम लोटन गुप्ता, रामबहोर वर्मा, रमेश गुप्ता प्रधान, दीपचंद जायसवाल आदि ने श्रद्धालुओं का तिलक कर, माला पहनाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत व सम्मान किया।

घनश्याम महाराज ने बताया कि यात्रा दल सबसे पहले अयोध्या पहुंचेगा, जहां सरयू नदी में स्नान एवं रामलला के दर्शन-पूजन किए जाएंगे। इसके बाद यात्रा काशी विश्वनाथ के दर्शन हेतु वाराणसी होते हुए उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी पहुंचेगी। करीब 15 दिन तक चलने वाली इस पवित्र यात्रा के उपरांत श्रद्धालु वापस लौटकर भंडारे का आयोजन करेंगे।

## उतरौला नगर पालिका का अभियान : आवारा मवेशियों पर सख्ती, 7 गौवंश गोशाला भेजे गए

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर की सड़कों पर आवारा मवेशियों से हो रही परेशानियों को देखते हुए उतरौला नगर पालिका परिषद ने शनिवार को विशेष अभियान चलाया। नगर पालिका कर्मचारियों की टीम ने उतरौला–बलरामपुर मार्ग से 7 आवारा गौवंश पकड़कर गोशाला भेजे। अधिकारियों ने बताया कि सभी मवेशियों की देखभाल के लिए गोशाला में चारे और पानी की समुचित व्यवस्था की गई है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर मवेशी छोड़ने वाले पशु मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लापरवाह मालिकों से न केवल जुर्माना वसूला जा रहा है, बल्कि मवेशियों के चारे-पानी का खर्च भी उन्हीं से लिया जाएगा। टीम ने अभियान के दौरान कई पशु मालिकों को चेतावनी दी और दोहराया कि अगली बार मवेशी खुला छोड़ने पर अधिक जुर्माना लगाया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन आवारा पशु सड़कों पर घूमते रहते हैं, जिससे जाम और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। नगर पालिका का यह कदम आमजन को राहत देने वाला है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने मवेशियों को खुले में न छोड़ें और गोशाला में पंजीकरण कराएं, ताकि शहर की सड़कों को सुरक्षित और स्वच्छ रखा जा सके।

## हिंदी की समृद्धि में पत्रकारों ने दिया है बड़ा योगदान–मेजर डॉ एसपी सिंह

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बहराइच।** हिंदी की समृद्धि में जिले के पत्रकारों ने बड़ा योगदान दिया है। इन कलम के सिपाहियों के कारण ही हिन्दी आमजन की भाषा बनी हुई है। हिन्दी पत्रकारिता के कारण ही बहुत से नए शब्दों का प्रवेश हिंदी में हुआ है। हिंदी के प्रवाह को रोक पाना संभव नहीं है। यह विचार शाश्वत फाउंडेशन अहमदाबाद द्वारा आयोजित हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर पत्रकारिता सम्मान समारोह के अवसर पर किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्वायत्तशासी संस्था की प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ एसपी सिंह ने व्यक्त किये।

इस कार्यक्रम का संयोजन व संचालन डॉ सत्यभूषण सिंह ने किया। यह सम्मान विभाकर शुक्ल, संतोष श्रीवास्तव, अजय कुमार त्रिपाठी, मनोज कुमार गुप्ता,भागवत शुक्ल, अतुल अवस्थी, राजितराम निषाद, अशोक उपाध्याय व हेमंत मिश्र को हिंदी की समृद्धि में दिए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ सतीश सिंह, डॉ आनंद श्रीवास्तव,डॉ राजेश कुमार शर्मा, पंकज सिंह, डॉ शैलेश कुमार, राजवंत सिंह,धर्मवीर सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## बेहूदा बयान पर सीएमओ का लोगों ने फूंका पुतला

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**गोंडा।** गोंडा सीएमओ रश्मि वर्मा के बच्चों की मौत पर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे उनके बयान से भारतीय नाराज होकर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला मंत्री अमर पाठक के नेतृत्व में एलबीएस चौराहे पर सैकड़ो की संख्या में युवाओं द्वारा सीएमओ का पुतला दहन किया गया है। पुतला दहन के दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा गोंडा सीएमओ मुर्दाबाद सीएमओ को हटाया जाए गोंडा सीएमओ माफी मांगे के नारे भी लोगों ने जमकर लगाए हैं।

पुतला दहन करने से पहले सियाराम चाय की दुकान से जमकर नारेबाजी करते हुए सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता एलबीएस मुख्य चौराहा पर पहुंचे। जहां सीएमओ डॉक्टर रश्मि वर्मा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया है। दरअसल कल गोंडा सीएमओ ने दो दिन पहले दो नवजात बच्चों की हुई मौत को लेकर के बेहद ही शर्मनाक बयान दिया था। सीएमओ ने कहा था कि हजारों बच्चे पैदा होते हैं लड्डू खाने जाइए एक बच्चा मर गया तो आप लोग यहां पर आ गए। इसी बयान को लेकर के लगातार लोगों के अंदर नाराजगी देखने को मिल रही है। सोशल मीडिया से लेकर के अन्य प्लेटफार्म पर भी लोग सीएमओ के इस बयान की जमकर निंदा कर रहे हैं। गोंडा भाजपा युवा मोर्चा के जिला मंत्री अमर पाठक ने कहा कि 2 दिन पहले एक बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे नर्सिंग होम में दो बच्चों की मौत होती है और उन दो बच्चों की मौत को लेकर जब सीएमओ से सवाल किया जाता है। तो उनके द्वारा बेहद ही शर्मनाक बयान दिया जाता है जो की किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं है।

### इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक ने किसानों को भी खेती की जानकारी

**बहराइच।** फखरपुर के ग्राम बुबकापुर बरगदिया व ग्राम पंचायत टेड़वालोनटाडा में इफको के द्वारा किसान सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता बी पैक्स टेड़वामहन्त के अध्यक्ष प्रतिनिधि तरुण सिंह ने किया। किसानों को खेती से संबंधित जानकारी उप क्षेत्र प्रबंधक इफको सर्वजीत वर्मा के द्वारा इफको नैनो डीएपी, नैनो यूरिया प्लस, नैनो जिंक, नैनो कापर, जैव उर्वरक, नेचुरल पोटाश, जल विलेय उर्वरकों, सागरिका, बायो फर्टिलाइजर, आदि के प्रयोग, पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में बी पैक्स के सचिव चित्रेश श्रीवास्तव, बी पैक्स नन्दवल के सचिव अजय सिंह, योगेश वर्मा एसएफए इफको, प्रगतिशील कृषक विक्रम लाल वर्मा, दाताराम वर्मा, गोबरे प्रसाद, मो. रफीक,नायब, दिलीप अवस्थी,रवि यादव, राम विनायक वर्मा सहित दोनों कार्यक्रमों में लगभग 150 किसान उपस्थित रहे।

## पूर्व की सरकारों में अत्याचारों की दिलाई याद, सेवा पखवाड़ा की रणनीति तय

### सादुल्लानगर द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान/मंडल कार्यशाला का आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बलरामपुर।** सहादुल्ला नगर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत मंडल स्तर पर कार्यशाला का आयोजन सादुल्लानगर सरकारी डाकबँगले में शनिवार को किया गया। सर्वप्रथम श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुवात किया। कार्यक्रम में मंडल पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री राधेश्याम गुप्ता ने किया व आये हुआ अभी अतिथियों को अंग वस्त्र भेट कर सम्मानित किया। कार्यशाला में मुख्यअतिथि ब्लॉक प्रमुख पंकज सिंह चौहान ने पूर्ववर्ती सरकारो में हो रहें अत्याचारों को याद दिलाते हुए, सरकार में भय मुक्त,भ्रष्टाचार मुक्त भाजपा सरकार का बखान करते हुए बताया कि अमेरिका जैसे शख्शाली देश को हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने लोहा मानवाने का काम किया। उनके सामने कभी झुके नही बल्कि सीना तान के खड़े रहें। जिला उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल ने सेवा पखवाड़ा अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से गांधी जयंती तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा भाव के साथ पहुंचना है।

मंडल अध्यक्ष बिष्णु प्रताप गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, डिजिटल जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और जनसेवा के विभिन्न कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

जिला मंत्री भाजयुमो सुमित सिंह ने कहा कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण ही भारतीय जनता पार्टी की पहचान है। मंडल कार्यशाला में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई तथा बूथ स्तर तक सेवा कार्यों को गति देने का आह्वान किया गया। सभी युवाओ से अपील की ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छात्रों ने प्रिंसिपल पर लगाया मेंटली टॉर्चर करने का आरोप, डीएम आवास तक किया प्रदर्शन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बहराइच।** मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग छात्र ने आत्महत्या का प्रयास किया। उसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में ही भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गुस्साए छात्रों ने डीएम कार्यालय का घेराव किया और पूरी रात धरने पर बैठे रहे। छात्रों की भीड़ देखकर प्रशासन ने चार थानों की पुलिस मौके पर तैनात कर दी। छात्रों का आरोप है कि नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल लगातार शोषण करती हैं। जिसकी वजह से छात्र ऐसा कदम उठाने का मजबूर हो जाते हैं। छात्र प्रिंसिपल को तत्काल हटाने की मांग पर अड़े हैं।

श्रावस्ती जिले के कटरा मॉडर्न थाना क्षेत्र के रहने वाला शिवम पांडे उम्र 19 वर्ष बीएससी नर्सिंग सेकेंड ईयर का छात्र है। वह मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में रहता है। शुक्रवार शाम उसने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। इस दौरान उसकी चीख सुनकर साथी छात्र पहुंचे और फंदे से उतारकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। छात्र की हालत नाजुक बनी हुई है। इस घटना से नाराज छात्रों ने कॉलेज प्रशासन और प्रिंसिपल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। छात्रा दिव्यांशी मिश्रा ने बताया कि शिवम हमारा बैचमेट है। उसे प्रिंसिपल ने काफी परेशान किया है। हमारा छात्रों का एक पर्सनल वॉट्सऐप ग्रुप है। जिस पर शिवम की एक अन्य छात्र से बहस हो गई थी। इसी बात को लेकर प्रिंसिपल ने उसे 7 दिन के लिए सस्पेंड कर दिया और 5 हजार रुपए का जुर्माना भी लगा दिया था। साथ ही कहा कि जब तक वह अपने परिजनों को लेकर नहीं आएगा, उसे क्लास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। रोते हुए दिव्यांशी ने बताया कि मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ था।

**स्वास्थ्य** बदलता मौसम सर्दी–जुकाम और बुखार जैसी मौसमी बीमारियों का बड़ा कारण बन रहा है

# सीएचसी उतरौला आमजन मानस को वरदान सावित हो रहा है

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**उतरौला (बलरामपुर)।** लगातार प्रचंड धूप के बाद भादों का महीना राहत की बारिश लेकर आया। बारिश से जहां किसानों के चेहरे खुशी से खिले, वहीं आमजन मानस के लिए यह मौसम बीमारियों की सौगात भी लेकर आया है। दिन में धूप और उमस से गर्मी तो शाम को बारिश के बाद ठंडक—इस तरह का बदलता मौसम सर्दी-जुकाम और बुखार जैसी मौसमी बीमारियों का बड़ा कारण बन रहा है। इसका असर साफ तौर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उतरौला में देखा जा रहा है, जहां मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीते दिनों से यहां बड़ी संख्या में लोग सर्दी, जुकाम, वायरल बुखार और बदन दर्द की शिकायत लेकर इलाज कराने पहुंचे हैं। अधिकांश मरीज बुखार से पीड़ित हैं। यही स्थिति उतरौला बाजार के निजी अस्पतालों और क्लीनिकों की भी है, जहां तीमारदार अपने मरीजों का इलाज कराने के लिए भारी-भरकम खर्च उठाने को मजबूर हैं।

वहीं, दूसरी ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला मरीजों और तीमारदारों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह के नेतृत्व में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की पूरी टीम लगातार मरीजों की सेवा में जुटी हुई है। यहां इलाज न केवल प्रभावी ढंग से किया जा रहा है, बल्कि अधिकतर दवाएं अस्पताल से ही मरीजों को उपलब्ध करा दी जा रही हैं। इससे मरीजों और उनके परिजनों को दवा व महंगी जांचों पर होने वाला अनावश्यक खर्च नहीं उठाना पड़ रहा है। निजी अस्पतालों में जहां मामूली बुखार या जुकाम के नाम पर भी हजारों रुपये खर्च कराए जा रहे हैं, वहीं सीएचसी उतरौला की व्यवस्था गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए राहत लेकर आई है। यहां दवा वितरण व्यवस्था और डॉक्टरों का सहयोग मरीजों को संतोषजनक लग रहा है।

इस संबंध में बातचीत के दौरान अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि,"मौसम में तेजी से बदलाव के कारण वायरल फीवर और सर्दी-जुकाम के मरीजों की संख्या अचानक बढ़ गई है। हमारी पूरी टीम चौबीसों घंटे मरीजों की देखभाल कर रही है। अस्पताल में अधिकतर जरूरी दवाएं उपलब्ध हैं और उन्हें निःशुल्क दिया जा रहा है। साथ ही गंभीर मरीजों को समय पर उचित उपचार और आवश्यकता पड़ने पर रेफर की भी व्यवस्था की जा रही है।" इलाज कराने आए रामलाल (बक्सरिया) ने बताया मुझे तेज बुखार था, पहले मैं एक निजी क्लिनिक गया था जहाँ 2000 रुपये से ज्यादा खर्च हो गए। लेकिन जब यहाँ आया तो मुफ्त दवा और टेस्ट से मुझे राहत मिली। कमरुद्दीन अंसारी (कस्बा उतरौला) ने कहा बच्चे को लगातार खाँसी-जुकाम हो रहा था, डर लगा कहीं डेंगू न हो। यहाँ डॉक्टर ने तुरंत जाँच की और दवा दी, जिससे अब हालत बेहतर है। **वहीं मरीज के तीमारदार रीना देवी ने कहा –** निजी अस्पताल में हर टेस्ट के पैसे लिए जाते हैं, लेकिन यहाँ बिना पैसा खर्च किए सबकुछ मिल रहा है। यह गरीबों के लिए सच में वरदान है।

## एक नजर

### नियमित टीकाकरण के लिए ब्लाक समन्वयक ने ग्रामीणों को किया जागरूक



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत हर्रा के राजस्व गांव धमौली गांव में नियमित टीकाकरण के दौरान यूनिसेफ बी एम सी अंकित शुक्ला द्वारा समन्वयक स्थापित करते टीकाकरण से वंचित बच्चों के परिवार से मिलकर 12 बीमारियों से महफूज रखने के लिए जागरूक कर टीकाकरण हेतु प्रेरित किया जिसमें 9 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस दौरान बीएमसी अंकित शुक्ला, ग्राम प्रधान कमलेश, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीमा बी एवं एएनएम सुष्मिता देवी, आंगनवाड़ी सीमा देवी, आशा, ऊषा देवी, शिक्षा मित्र रामानंद पंचायत, सहायक जगदीश प्रभावशाली कृष्णकांत दुबे रामभजन मौर्य के सहयोग से इनकार झिझक वैक्सीन अवॉइडेंस बिहेवियर वाले बच्चों का टीकाकरण कराया गया।

### डीएम व एसपी ने कोतवाली देहात में आए हुए फरियादियों की सुनी समस्याएं



**मिर्जापुर।** जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना कोतवाली देहात में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसी क्रम में नगर मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना को0कटरा पर, उप जिलाधिकारी द्वारा थाना विन्ध्याचल पर, अपर जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना पड़री पर, क्षेत्राधिकारी चुनार द्वारा थाना अदलहाट पर, उपजिलाधिकारी द्वारा थाना चुनार पर, तहसीलदार द्वारा थाना लालगंज, थाना जिगना, थाना जमालपुर पर, अपर जिलाधिकारी द्वारा थाना सन्तनगर पर, क्षेत्राधिकारी आपरेशन द्वारा अहरौरा पर व उपजिलाधिकारी द्वारा थाना मड़िहान पर सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षकध्थानाध्यक्षगण व राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ थाने पर आने वाले आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया।

### बंदरों के दो गुटों में भिड़ंत से दहशत



**खागा, फतेहपुर।** नगर के ब्राह्मण टोला मोहल्ले में शनिवार को अचानक बंदरों के दो गुटों में जबरदस्त संघर्ष छिड़ गया। दर्जनों बंदर घंटों तक एक-दूसरे पर हमला करते रहे। मोहल्ले में अफरातफरी मच गई और लोग घरों से बाहर निकलने से डरने लगे। सुबह करीब सात बजे अलग-अलग दिशाओं से दो झुंड मोहल्ले में पहुंचे। पहले तो वे छतों और पेड़ों पर बैठकर आपस में आवाज़ करने लगे, लेकिन कुछ ही देर में मारपीट शुरू हो गई। बंदरों ने एक-दूसरे को काटा और खदेड़ा। कई बार वे गलियों और घरों की छतों पर कूदने लगे। तेज शोर और झगड़े के चलते बच्चे और बुजुर्ग सहम गए। इसी बीच मोहल्ले से गुजर रही करीब छह साल की एक बच्ची को बंदरों ने दौड़ा लिया। बच्ची काफी दूर तक चिल्लाते हुए भागी। मोहल्लेवासियों ने शोर मचाकर और डंडे दिखाकर किसी तरह बंदरों को भगाया और बच्ची को सुरक्षित बचाया। इस घटना से लोगों में दहशत फैल गई। मोहल्लेवासियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से बंदरों का आतंक बढ़ गया है। आए दिन ये झुंड घरों की छतों पर चढ़ जाते हैं, कपड़े और खाने-पीने की चीजें उठा ले जाते हैं। अब तो झुंडों की आपसी लड़ाई भी आम हो गई है, जिससे इंसानों की सुरक्षा खतरे में है। लोगों ने नगर प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि तुरंत बंदरों को पकड़कर जंगलों में छोड़ा जाए। वरना किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है। मोहल्ले के मुकेश कुमार, चंद्र किशोर, पप्पू, नन्दू ने बताया कि सन्नाटा और डर का माहौल बना हुआ है। इनके पकड़ने की व्यवस्था वन विभाग को करनी चाहिए।

### चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**फतेहपुर।** चांदपुर थाने की पुलिस ने चोरी के अभियोग का अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी के घंटे व लोहे की जंजीर बरामद की है। दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। चांदपुर थाना पुलिस ने चोरी के पंजीकृत अभियोग अ0सं0 112/25 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस का सफल अनावरण कर संलिप्त दो अभियुक्तों भोली पुत्र राज कुमार निवासी ग्राम टफनी थाना ललौली हाल पता ग्राम सरहन बुजुर्ग थाना चाँदपुर व लल्लू पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम टफनी थाना ललौली हाल पता ग्राम सरहन खुर्द थाना चाँदपुर को बरमपुर रोड अमौली से चोरी के चार पीतल घण्टा व एक लोहे की जंजीर सहित गिरफ्तार कर विधिक अनुक्रम में न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजित यादव, जयप्रकाश, का0 अजय कुमार, अमित कुमार राय शामिल रहे।

### डिजिटल क्राप सर्वे के कार्य हेतु आवेदन करें युवा

**फतेहपुर।** उप कृषि निदेशक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि जनपद में ई-खसरा पड़ताल के अन्तर्गत खरीफ में बोई गयी फसलों का डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य 25 सितंबर तक पूर्ण कराने हेतु शासन के निर्देश के क्रम में जनपद के ऐसे युवा जिनके पास स्वयं का एन्ड्रायड मोबाइल फोन हो एवं उसको भलीभाँति प्रयोग करना जानते हो। फसलों की पहचान का ज्ञान हो। उन्हे सर्वेयर के रूप में चिन्हित कर सर्वे का कार्य कराया जाना है। एक सर्वेयर से सर्वे कराने हेतु गाटों की अधिकतम संख्या 3000 निर्धारित की गयी है, जिसके के लिए प्रति प्लाट एक फसल हेतु अधिकतम 5 रूपए एवं यदि एक प्लाट में एक से अधिक फसल है, जिसका सर्वे फसल जोडकर किया जायेगा तो रूपये 5 रूपए अतिरिक्त धनराशि किन्तु अधिकतम 10 रूपए की दर से प्रोत्साहन धनराशि दी जायेगी। सर्वेयर के रूप में चिन्हित करने हेतु सम्बन्धित राजस्व ग्राम व न्याय पंचायत के युवक को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। कार्य संपादन हेतु चिन्हित युवा को कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षण भी प्रदान किया जायेगा। ऐसे युवा जो उक्त कार्य संपादन हेतु इच्छुक हो उप कृषि निदेशक कार्यालय (कृषि भवन फतेहपुर) अथवा अपने विकास खण्ड के राजकीय कृषि बीज भण्डार पर अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा एक फोटो के साथ सम्पर्क कर उक्त कार्य हेतु अपनी आईडी बनवाकर प्रशिक्षण प्राप्त कर डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य संपादन कर सकते हैं।

### सड़क हादसा में युवक की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के सौंरा के समीप एनएच-2 में सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 45 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसकी इलाज दौरान मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सौंरा गांव निवासी भिखुआ का पुत्र चुनका रात लगभग 9 बजे सड़क पार कर रहा था। इसी बीच तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गयी। वहीं सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# पुलिस की सतर्कता के बीच सरदार सेना का प्रदर्शन

## कलेक्ट्रेट बना रहा छावनी, पंद्रह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने डीएम-एसपी से की वार्ता, अधिकारियों ने सभी मांगों पर दिया आश्वासन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** धाता थाना क्षेत्र के अजरौली गांव में 18 दिन पूर्व हुए किसान केशपाल पटेल हत्याकाण्ड में गिरफ्तार हत्यारोपी को फांसी की सजा दिए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर सरदार सेना के पदाधिकारियों ने धरना-प्रदर्शन की चेतावनी जारी की थी। जिसको दृष्टिगत रखते हुए जिले का पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रही।

इसके बावजूद सरदार सेना के पदाधिकारी व विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग पटेलनगर चौराहे पर एकत्र हो गए। जहां से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट गेट तक पहुंचे। जहां पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरीकेटिंग लगाई थी। बैरीकेटिंग से मृतक के



परिजनों समेत पंद्रह सदस्यी प्रतिनिधि मंडल को ही अंदर प्रवेश मिला। प्रतिनिधि मंडल ने डीएम-एसपी से वार्ता कर अपनी मांगे गिनाई। जिस पर अधिकारियों ने सभी मांगों को पूरा किए जाने का आश्वासन दिया।

सरदार सेना के जिला प्रभारी चन्द्रभान यादव की अगुवई में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग पटेलनगर चौराहे पर एकत्र हुए। जहां सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जुलूस की शुरूआत की। नारेबाजी करते हुए बड़ी संख्या में लोग कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुए। कलेक्ट्रेट गेट पहुंचने पर पुलिस ने बैरीकेटिंग पर भीड़ को रोक लिया और अंदर जाने से मना किया। जिसको लेकर पुलिस व भीड़ के बीच हल्की झड़प भी हुई।

उप जिलाधिकारी सदर, अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल से वार्ता होने के पश्चात मृतक किसान केशपाल पटेल के परिजनों समेत पंद्रह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल को कलेक्ट्रेट में प्रवेश की अनुमति दी गई। जिस पर प्रतिनिधि मंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा और डीएम-एसपी से मिलकर वार्ता की। सरदार सेना ने मांग उठाई कि आरोपी को फांसी दी जाए, आरोपी के घर पर बुलडोजर चलाया जाए, मृतक के परिजनों को पचास लाख रुपए व घायलों को पांच-पांच लाख रुपए दिया जाए, दोषी पुलिस कर्मियों को निलंबित किया जाए, पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने के साथ ही मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाए, परिवार को एक शस्त्र लाइसेंस भी मुहैया कराया जाए।

मांगों को सुनने के बाद डीएम रविन्द्र सिंह ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया कि सभी मांगों को पूरा करवाया जाएगा। सरदार सेना के पदाधिकारियों का कहना रहा कि यदि इस मामले में हीलाहवाली की गई तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। इस मौके पर आरएस पटेल, चिराग पटेल, नरसिंह पटेल, बासुदेव पासी, अमित पाल, फूल सिंह मौर्य, राजेश पाटिल, केपी कोरी, सतेंद्र पटेल, गोलू पटेल, रामलाल पटेल, जगदीश्वर पटेल, गोविन्द पटेल, वीरेंद्र पटेल सहित तमाम संगठन के लोग रहे।

### शहर की सीमाएं रहीं सील

**फतेहपुर।** अजरौली हत्याकाण्ड में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए जाने के लिए सरदार सेना के धरना-प्रदर्शन के आहवान को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन बेहद सतर्क रहा। डीएम व एसपी के निर्देशन में शहर की सभी सीमाओं को सील कर दिया गया था। चार पहिया वाहनों को चेक करके ही प्रवेश दिया गया। साथ ही शहर के चौराहों पर भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा। जिसके प्रदर्शनकारी अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल न पहुंच सकें।

## पूर्व मंत्री ने रेलवे स्टेशन के सुंदरीकरण कार्य को देखा, प्रगति देखकर जताई प्रसन्नता

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**फतेहपुर।** भारत सरकार की पूर्व मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने शनिवार को प्रधानमंत्री की अमृत योजना के अंतर्गत स्थानीय रेलवे स्टेशन के सुंदरीकरण कार्य को देखने रेलवे स्टेशन पहुंची। उन्होंने रेलवे स्टेशन की स्थिति को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

पूर्व केंन्द्रीय मंत्री ने फुट ओवर ब्रिज स्वचलित सीढियों का स्थान, लिफ्ट स्लोप, ओवर ब्रिज व सुसज्जित कार्यालय भवन को देखा। साथ ही प्लेटफार्म नंबर चार को भी देखने पहुंची। जो रेलवे स्टेशन का दक्षिणी भाग है। इस प्लेटफार्म से जिले के दक्षिणी भाग समेत बांदा के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। इस दौरान सीएमआई महेंद्र गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, राजेंद्र निषाद, जिला मंत्री शिव प्रताप सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, रघुवीर लोधनी, आनंद मान सिंह, संजय सिंह, गौरव अग्रहरि, निलेश मिश्रा, बराती लाल टंडन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इस वर्ष भव्य होगी रामलीला और पंचमी भरत मिलाप

**मिर्जापुर।** पांच सौ वर्ष पुरानी प्रतिष्ठित हमारी संस्था आध्यत्मिक परंपराओं को जीवंत रखने के सजग प्रहरी के रूप में लगातार काम कर रही है। प्रतिवर्ष सदस्यों के बीच कमेटी का चुनाव संपन्न होता है। इसके उपरांत भगवान राम की जीवन की भिन्न भिन्न लीलाओं को कलाकारों के माध्यम से आम जन के बीच प्रस्तुत किया जाता है। विभिन्न मोहल्लों में घूम कर राम वन गमन मार्ग को मूर्तरूप दिया जाता रहा है। राजगद्दी की पारम्परिक व्यवस्था हो या रावण वध हो अथवा पंचमी का भारत मिलाप आज भी मर्यादापुरुषोत्तम के जीवन चरित्र से लोगों को अवगत कराते हुए युवा पीढ़ी को सीख देने का काम करते हैं। उक्त बातें श्री रामलीला पुरानी दशमी पंचायती के अध्यक्ष अशोक सिंह ने पत्रकार वार्ता में कहीं। उन्होने कहा कि इस वर्ष पंचमी भरत मिलाप के लिए नहीं लिया जायेगा सार्वजनिक चंदा, कमेटी ने इस बारे में सर्वसम्मति से निर्णय लिया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 70848 वादों का निस्तारण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनमोल पाल के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को दीवानी न्यायालय परिसर, ग्राम न्यायालय बिंदकी, वाह्य न्यायालय खागा, तहसील सदर, खागा, बिंदकी में किया। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घघाटन जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल ने दीवानी न्यायालय परिसर के मीटिंग हाल में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित किया।



न्यायालय परिसर, ग्राम न्यायालय बिन्दकी परिसर, कलेक्टेट परिसर फतेहपुर, समस्त तहसील परिसर, समस्त नगर पालिका एवं समस्त नगर पंचायत परिसर, श्रम कार्यालय परिसर, समस्त विद्युत वितरण खण्ड परिसर, कार्यालय दूर संचार, समस्त बैंको द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन हुआ। जनपद न्यायाधीश के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का संचालन किया गया। सभी न्यायिक अधिकारियों को लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निस्तारित किये जाने का निर्देश दिया।

सचिव आकांक्षा मिश्रा व समस्त पीएलवी व समस्त स्टाफ के माध्यम तथा हेल्पडेस्क लगाकर वादकारियों को सहयोग प्रदान किया। लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों ने कुल 66385 प्रकरणों का निस्तारण करते हुये 110086097 रूपए शुल्क वसूला। बैंकिंग संस्थानों ने 876 वादों का निस्तारण कर 102796000 रुपए वसूल किया। विद्युत विभाग ने 729 प्रकरणों का निस्तारण करते हुए 691955 रूपए शुल्क वसूला। श्रम विभाग ने 374 वादों का निस्तारण करते हुए 3463172 रुपए अर्थदण्ड के रुप में जमा कराया गया।

## राहुल गांधी वोट चोरी उजागर करने से उनकी लोकप्रियता बढी : शिव कुमार पटेल

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हलिया (मिर्जापुर)।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कार्यक्रम आओ चले गांव की ओर कार्यक्रम के तहत आज चौथे दिन शनिवार को लालगंज ब्लाक कांग्रेस कमेटी के मंडल स्तरीय समीक्षा एवं संगठन सृजन कार्यक्रम के दौरान खुर्दा राजा में पहली बैठक हुई और दूसरी बैठक बरकछ मंडल की दूबार कला में जबकि पतुलकी मंडल की बैठक चिताग में हुई।




जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ शिव कुमार सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि अब कांग्रेस नेतृत्व युवकों, महिलाओं, दलितों एवं वंचितो, अल्पसंख्यको, किसानों, मजदूरों के हितों को देखते हुए लोकतंत्र बचाने के लिए वोट चोरी रोकने के साथ साथ वोटर अधिकार यात्रा शुरू कर हर मतदाताओं को उनके अधिकारों की लडाई के लिए जंगे मैदान में हैं जिससे उनकी लोकप्रियता विश्व स्तर पर इन दिनों वोट चोरी से बनी सरकार के खुलासों से बढ़ती जा रही है।

इस अवसर पर पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी, गुलाब चंद, भूपेंद्र शुक्ला, द्वारिका प्रसाद पाल,राम कृपाल मौर्य, डा. क्षविराज पाल, ई. कृष्ण गोपाल चौधरी, डा. दुर्गेश पांडेय, रोमेश रंजन रोशन, डा. शहाबुद्दीन, डा. सुरेश कुमार दूबे, चंद्र शेखर दुबे, राम कैलाश पांडेय, सीता राम पाल,कपिल कुमार, संजय मौर्य, बृज लाल कनौजिया, बिहारीपाल कल्लू पांडेय,अखिलेश पाण्डेय सभी मंडलीय पदाधिकारियों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### शिव बारात में निकली मनमोहक झाँकियों के दर्शन को उमड़ा जन सैलाब

**शाहाबाद सितंबर।** पठकाना रामलीला का शुभारंभ शिव बारात शोभा यात्रा के साथ हुआ।शोभायात्रा नगर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई।

शिव बारात शोभा यात्रा को देखने के लिए सड़कों पर भारी भीड़ देर रात तक दर्शन के लिए उतावली दिखी। लगभग 9 दशक पुरानी पठकाना की सुप्रसिद्ध श्री रामलीला मेला की शिव बारात की शोभा यात्रा गाजे बाजे और मनोरम झांकियों के साथ कस्बे के मुख्य मार्गो से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई। शिव बारात और शोभा यात्रा देखने के लिए कस्बे की सड़कों के दोनो ओर आसपास क्षेत्र के दर्शकों की भीड़ शाम से ही जुटी रही। शोभा यात्रा का शुभारंभ नगर पालिका के सामने से शिव सहित सभी बारातियों के तिलक और आरती उतार कर किया गया।

## बाढ़ राहत शिविर पहुंचे चेयरमैन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में चेयरमैन व कार्यकारिणी सदस्य इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के नेतृत्व में बिंदकी तहसील के खांगल बाबा व महुवा बाढ़ राहत शिविर पहुंचकर सेवाएं दी गई।



डॉ अनुराग ने खांगल बाबा बाढ़ राहत शिविर में चिन्हित ऐसे 102 व महुवा बाढ़ राहत शिविर में जाड़े का पुरवा, सदनहा के 30 कुल 132 परिवार जो खुले आसमान के नीचे जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। उन्हें तिरपाल, बाल्टी, टीशर्ट, नहाने का साबुन, कपड़ा धुलने का साबुन, टूथपेस्ट, टूथब्रश सहित बाढ़ की विभीषिका से होने वाली संक्रामक बीमारियों से बचाव व रोगप्रतिरोधक क्षमता विकसित करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि प्रदान की गई। सभी बाढ़ पीड़ति डॉ अनुराग को स्नेह व आशीर्वाद प्रदान कर रहे थे। इस अवसर पर लेखपाल अभिमन्यु सिंह, ग्राम प्रधान अभयपुर रामदास निषाद, ओम नारायण प्रधान आशापुर सहित प्रमुख सहयोगी सुरेश कुमार श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार, हिमांशु श्रीवास्तव, वेदप्रकाश उपस्थित रहे।

## दहेज लोभियों ने महिला को पीटा, मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

» मृतका के परिजनों ने पति व ससुरालीजनों पर लगाया हत्या का आरोप

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टेकारी में शनिवार की दोपहर दहेज में बाइक न मिलने पर पति सहित ससुरालीजनों पर 26 वर्षीय महिला को लाठी डंडों से पीटकर मरणासन्न स्थित में कर दिया। मौके पर पहुंची 112 ने घायल अवस्था में हरदों अस्पताल ले गये। जहां नाजुक हालत देखते हुए सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पति सहित ससुरालीजन मौके से फरार हो गये। मृतका के मां व बहन ने हत्या करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार के किशनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जमकोली निवासी मुचनी पासवान ने अपनी पुत्री संगीता देवी 26 वर्षीय की शादी 7 वर्ष पूर्व टेकारी गांव निवासी भोला पासवान के साथ की थी। शनिवार की दोपहर पति व ससुरालीजनों ने संगीता को लाठी डंडों से पीट-पीटकर घायल कर दिया और मौके से पूरा परिवार भाग खड़ा हुआ। सूचना पर 112 पुलिस मौके पर पहुंची नाजुक हालत महिला को उपचार के लिए हरदो अस्पतला ले गये। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिस पर परिजन महिला को सरकारी एम्बुलेंस द्वारा जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सदर अस्पताल में मृतका की बहन गुड़िया मां देवमती व भाई संदीप ने बताया कि शादी के कुछ सालों बाद ससुरालीजन मोटर साइकिल की मांग को लेकर संगीता को प्रताड़ित करते थे। आज दोपहर मांग पूरी न होने पर पति व उसके घर वालों ने संगीता को लाठी डन्डो से पीट-पीटकर मरणासन्न स्थित में कर दिया। सरकारी अस्पताल लाने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### धूमधाम से मनाया गया सातवां उर्से नूरुल असफिया

**शाहाबाद (हरदोई)।** नगर के मोहल्ला कटरा में तीन रोज़ा उर्स नूरुल असफ़िया बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।जिसमें उर्स बड़ी दरगाह कुतबे आलम नूरुल औलिया बरैची शरीफ़ के जानशीन सज्जादा मौलाना मुफ़्ती हजरत सैय्यद अजीमुद्दीन हादी जीलानी की सरपरस्ती में और नूरुल असफ़िया नूर मोहम्मद इराकी नूरी मियां के जानशीन व सज्जादा सूफ़ी आयतुल्लाह शान मोहम्मद इराकी नूरी की निगरानी में तीन रोज़ा उर्स संपन्न हुआ। बुधवार को पहले मिलाद शरीफ से शुरुआत की गई। शाम से मध्य रात्रि तक महफ़िले समा हुई। जिसमें मशहूर मारूफ ऑल इंडिया कव्वाल सरदार हसन मौलाई रामपुरी ने अपनी कव्वाली से लोगों के दिलों को जीत लिया। मध्य रात्रि में ग़ुस्ल नूरुल असफ़िया हुआ।दूसरे दिन खानकाहे नूरिया बैतूननूर मोहल्ला बरुआ बाजार से जुलूस ए चादर प्रातः 10 बजे रवाना हुई। जुलूस में नात व मनकवत पढ़ते हुए दरगाह नूरुल असफ़िया पहुंचकर चादर व फूल पेश किए गए।

## सम्पूर्ण थाना दिवस में आईं किसानों की समस्याएं

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**खागा, फतेहपुर।** कोतवाली परिसर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस में इस बार राजस्व से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। बड़ी संख्या में किसान अपनी फरियाद लेकर पहुंचे और अवैध कब्ज़ों की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों पर दबंगों का कब्ज़ा है और कई बार शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही। इससे किसान बेहद परेशान हैं।



थाना दिवस पर अपराध निरीक्षक दिनेश शुक्ल, राजस्व अधिकारी तथा अन्य विभागीय कर्मचारी सुबह से ही फरियादियों की समस्याए सुनने के लिए बैठे लेकिन अपेक्षाकृत कम लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। आए हुए अधिकांश मामलों में भूमि विवाद, अवैध कब्ज़ा और खसरा-खतौनी की गड़बड़ियों से जुड़ी शिकायतें अधिक रहीं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाएगा और किसानों को न्याय दिलाने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने मौके पर ही कुछ प्रकरणों का निस्तारण किया और राजस्व टीम को जाँच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सम्पूर्ण थाना दिवस का उद्देश्य पुलिस और प्रशासन को एक साथ बैठाकर जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि केवल आश्वासन से बात नहीं बनेगी, ज़मीन पर ठोस कार्रवाई ज़रूरी है। किसानों ने दोहराया कि जब तक दबंगों से अवैध कब्ज़े मुक्त नहीं होंगे, तब तक उनकी मुश्किलें कम नहीं होंगी।

**कारवाई** गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों पर कार्रवाई करें बीईओ, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# परिषदीय विद्यालयों में पैरामीटरों के शेष कार्य को जल्द कराएं पूर्ण

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**फतेहपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अनुश्रवण हेतु शासन द्वारा गठित टास्क फोर्स के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प व अन्य बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



उन्होने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में जिन पैरामीटरों का कार्य शेष है उसको जल्द से जल्द पूर्ण कराते हुए सभी पैरामीटरों में संतृप्त किया जाये। उन्होंने कहा कि एडीओ पंचायत, खंड विकास अधिकारी परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पूरा करे और रिपोर्ट से अवगत कराए। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जिन परिषदीय विद्यालयों के पैरामीटर से शेष रह गए है संबंधित खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, एडीओ पंचायत समीक्षा कर कार्यों जल्द से जल्द पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि सभी खंड शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि उनके क्षेत्र में कोई गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित नहीं है, इस आशय का प्रमाण पत्र दें। यदि संचालित पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्यवाही तय की जाएगी।

पांचवीं उत्तीर्ण छात्रों को अगली कक्षा में शत प्रतिशत प्रवेश लिया है और किस विद्यालय में दाखिला लिया है का रजिस्टर बनाकर क्रॉस वेरिफिकेशन करे। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों को निपुण बनाए और जो बच्चे निपुण नहीं है को कार्ययोजना बनाकर निपुण बनाया जाय साथ ही एआरपी निरीक्षण के समय विद्यालय द्वारा बनाई गई निपुण मैपिंग रजिस्टर के अनुसार निपुण बच्चों का मिलन करे रिपोर्ट से अवगत कराएं।

इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस नौशीन, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, डीसी मनरेगा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशाषी अभियंता विद्युत, जिला समाज कल्याण, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिंदकी, फतेहपुर।** बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के बरदरा गांव में युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार बरदरा निवासी ननकी देवी (35) पत्नी सुनील कुमार ने आंगन में पड़े जाल में धोती के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सुबह पति की नींद टूटी तो देखा की शव लटक रहा था। जिससे कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया। मृतका की पुत्री शालिनी (15) व बेटे सात वर्ष का रो-रो कर बुरा हाल है। जोनिहां चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के भाई रामसागर ने बताया कि अपने बहनोई पर कोई आरोप न लगाते हुये बताया कि वह दीपू पंडित के खिलाफ ही कार्यवाही करेगा।

## एक नजर

### शाहीन के डायरेक्ट हिट से विनायक रनआउट



2025 एशिया कप में पाकिस्तान ने अपना पहला मैच जीत लिया है। टीम ने ओमान को 93 रन से हरा दिया। पहले बैटिंग करते हुए पाकिस्तान ने 160 रन बनाए। जवाब में ओमान की टीम 16.4 ओवर में 67 रन पर ही सिमट गई। शुक्रवार को दुबई में शाहीन अफरीदी के डायरेक्ट हिट से विनायक शुक्ला रनआउट हो गए। मोहम्मद हारिस ने सिक्स से अपनी फिफ्टी पूरी की। ओमान के स्पिनर आमिर कलीम ने एक ही ओवर पाकिस्तानी कप्तान सलमान आगा और हारिस के विकेट लिए।

### सत्विक-चिराग हॉन्ग कॉन्ग ओपन के फाइनल में



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी हॉन्ग कॉन्ग ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के मेन्स डबल्स के फाइनल में पहुंच गए हैं। भारतीय जोड़ी ने शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में चाइनीज ताइपे के चेन चेंग कुआन और लिन बिंग-वेई की जोड़ी को हराया। पहले गेम में सत्विक-चिराग ने चाइनीज ताइपे की जोड़ी को 21-17 से और दूसरे गेम में 21-15 से मात दी। सात्विक-चिराग की यह इस सीजन का पहला फाइनल है। इससे पहले उन्हें 6 सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। अब फाइनल में उनका मुकाबला चीन के लियांग वेई कांग और वांग चांग तथा चीनी ताइपे के फांग-चिह ली और फांग-जेन ली के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा क्वार्टर फाइनल में मलेशियाई जोड़ी को हराया था भारतीय जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की जोड़ी जुनैदी अरिफ और रॉय किंग याप को तीन गेम वाले मुकाबले में हराया था। पहले गेम में उन्होंने मलेशियाई जोड़ी को 21-14 से आसानी से हरा दिया। लेकिन दूसरे गेम में वे थोड़े चूक गए और 20-22 से हार गए, जिससे स्कोर 1-1 हो गया। फिर तीसरे और निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी की।

# T20 इंटरनेशनल में तीसरी बार 300+ का स्कोर

## इंग्लैंड ने बनाए 304 रन, ओपनर फिल सॉल्ट का 39 गेंदों में शतक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विकेटकीपर-बल्लेबाज फिल सॉल्ट इंग्लैंड के लिए टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेले गए दूसरे टी-20 में 39 गेंदों में शतक लगाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। सॉल्ट ने 141 रन की नाबाद पारी खेली, जो इंग्लैंड के लिए सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर है।

इंग्लैंड ने मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मैच में 20 ओवर में 304 रन बनाए। यह टी-20 इंटरनेशनल में इंग्लैंड का हाईएस्ट और दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर है। 304 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम 158 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह इंग्लिश टीम ने यह मैच 146 रन से जीत लिया।

**पहले विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी**

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया। सॉल्ट (नाबाद 141, 60 गेंद, 30 चौके, 9 छक्के) और कप्तान जोस बटलर (39 गेंद में 83 रन) ने पहले विकेट के लिए 47 गेंदों पर 126 रन जोड़ दिए। पावरप्ले में ही इंग्लैंड का स्कोर 106/1 हो गया।

फिल सॉल्ट ने मार्को यानसन के पहले ओवर में 18 रन बटोरे। बटलर ने लिजाड विलियम्स के खिलाफ 22 और कगिसो रबाडा के खिलाफ 20 रन बनाए।

**बटलर का इंग्लैंड के लिए सबसे तेज अर्धशतक**

बटलर ने 18 गेंदों में टी-20 करियर का अपना सबसे तेज अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 30 बॉल पर 83 रन की पारी खेली। वह ब्योर्न फॉर्च्यून की गेंद पर आउट हुए।





इसके बाद सॉल्ट ने पारी को संभाला। उन्होंने जैकब बेथेल (14 गेंद, 26 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 41 गेंदों पर 95 रन और हैरी ब्रूक (41 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 37 गेंदों पर नाबाद 83 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड ने 304/2 का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

**रबाडा, विलियम्स, यानसन महंगे साबित हुए**

साउथ अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने 70, लिजाड विलियम्स 62 और मार्को यानसन 60 रन दिए। टीम ने 8 वाइड और 5 नो-बॉल फेंकीं, जिससे इंग्लैंड को कुल 13 एक्सट्रा रन मिले।

**साउथ अफ्रीका की टीम 158 रन पर ढेर हो गई**

305 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की टीम 16.1 ओवर में 158 रन पर ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका के लिए कप्तान एडेन मार्करम ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। रियान रिकल्टन ने 20 रन का योगदान दिया। डेवोन फेरेरा और ट्रिस्टन स्टब्स ने 23-23 रन बनाए। ब्योर्न फॉर्च्यून ने 32 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर ने 3 विकेट लिए। वहीं सैम करन, डॉसन और विल जैक्स ने 2-2 विकेट चटकाए।

# 626वीं रैंक वाले दक्षिणेश्वर ने किया उलरफेर

## 155वीं रैंक वाले काइम के हराया, भारत ने डेविस कप में स्विट्जरलैंड के खिलाफ बढ़त बनाई



एजेंसी

**नई दिल्ली।** डेविस कप के ग्रुप स्टेज के मुकाबले में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विट्जरलैंड के खिलाफ पहले दिन 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। रिजर्व प्लेयर दक्षिणेश्वर सुरेश ने शुक्रवार को अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जेरोम काइम को सीधे सेटों में 7-6, 6-3 से हराकर भारत को पहली जीत दिलाई। जबकि सुमित नागल ने भी जीत से वापसी की। उन्होंने मार्क-एंड्रिया ह्यूस्लर को 6-3, 7-6 से हराया। फिलहाल, दक्षिणेश्वर की ATP रैंकिंग 626 और काइम की 155 है। कप्तान रोहित राजपाल ने आर्यन शाह की जगह दक्षिणेश्वर पर भरोसा जताया और इस खिलाड़ी ने उन्हें निराश नहीं किया। शुरुआती दो सिंगल्स मुकाबलों में जीत के साथ भारतीय टीम अब यूरोपीय धरती पर एक यादगार डेविस कप जीत के करीब पहुंच गई है। उसे अब होने वाले तीन मैचों में से एक में जीत हासिल करनी होगी। यदि टीम एक मैच जीत लेती है तो यह स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच अपने नाम कर लेगी। भारत ने पिछली बार 1993 में कान्स में किसी यूरोपीय टीम को हराया था, जब लिएंडर पेस और रमेश कृष्णन की अगुआई में टीम ने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस को 3-2 से हराया था। डेविस कप टेनिस का एक इंटरनेशनल टीम टूर्नामेंट है। इसमें केवल मेंस प्लेयर्स हिस्सा लेते हैं। जिसे टेनिस का वर्ल्ड कपभी कहा जाता है। यह 1900 में अमेरिका और ग्रेट ब्रिटेन की टीमों के बीच शुरू हुआ था, और अब इसमें 150 से ज्यादा देशों की टीमें हिस्सा लेती हैं। यह हर साल खेला जाता है। इसका आयोजन इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन करता है। भारत तीन बार टूर्नामेंट का रनरअप रहा है।

# आईफोन 17प्रो और 17प्रो मैक्स की बुकिंग खुलते ही शॉर्टेज

## रिटेलर्स बोले- एक हफ्ते तक रुकना पड़ सकता है, वजह टॉप मॉडल्स की सप्लाई कम

**नई दिल्ली।** आईफोन 17 प्रो और 17 प्रो मैक्स की भारत में बुकिंग शुरू होते ही शॉर्टेज हो गई है। रिटेलर्स का कहना है कि अगर आप आईफोन 17 प्रो या प्रो मैक्स खरीदने की सोच रहे हैं, तो कम से कम एक हफ्ते रुकना पड़ सकता है।

कंपनी ने 9 सितंबर को एनुअल इवेंट में आईफोन 17 सीरीज लॉन्च करने के बाद 12 सितंबर को स्मार्टफोन्स की प्री-बुकिंग शुरू की थी। आईफोन 17 की शुरुआती कीमत 82,900 रुपए है और 19 सितंबर से इनकी बिक्री शुरू होगी।

**रिटेल नेटवर्क बढ़ने से टॉप मॉडल्स की सप्लाई में कमी**

मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार, कुछ बड़े रिटेल स्टोर्स ने कहा है कि उनके पास आईफोन के टॉप मॉडल्स की सप्लाई बहुत कम है, जो लोग ये हाई-एंड मॉडल्स चाहते हैं, उन्हें एपल स्टोर्स या ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स से खरीदना पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार ये कमी इसलिए हुई, क्योंकि एपल ने अपना रिटेल नेटवर्क बढ़ाकर 500 शहरों तक पहुंचा दिया है, जिससे हर स्टोर को मिलने वाले आईफोन 17 प्रो और प्रो मैक्स की संख्या कम हो गई है।



रिटेलर्स का कहना है कि ज्यादातर स्टॉक बेस मॉडल्स के लिए है। मिसाल के तौर पर अगर किसी स्टोर को 500 फोन मिलते हैं, तो उनमें से सिर्फ 50 प्रो और 10 प्रो मैक्स होते हैं। 512GB और 1TB जैसे हाई-कैपेसिटी मॉडल्स तो और भी कम मिल रहे हैं। इस बीच, बिक्री शुरू होने के बाद एपल स्टोर्स पर ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ आने की उम्मीद है। हालांकि, कंपनी ने इस महीने की शुरुआत में बेंगलुरु और पुणे में दो नए स्टोर खोलकर अपने रिटेल नेटवर्क का विस्तार किया।

**आईफोन 17 प्रो और प्रो मैक्स की डिमांड ज्यादा**

एक रिटेलर ने बताया, 'बिक्री शुरू होने वाले दिन (19 सितंबर) ज्यादातर ग्राहक खासकर हाई-स्टोरेज वाले प्रो या प्रो मैक्स चाहते हैं, लेकिन हमारे पास इतने यूनिट्स ही नहीं कि उनकी डिमांड पूरी कर सकें।' जो रिटेलर्स एडवांस बुकिंग लेते हैं, उनके लिए ये कमी और मुश्किल पैदा कर रही है। कुछ रिटेलर्स ग्राहकों को बेस मॉडल्स की तरफ मोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि इसका स्टॉक भरपूर है।

# इस हफ्ते सोना 3,369 महंगा हुआ :ये 1.10 लाख प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार पिछले शनिवार यानी 6 सितंबर को सोना 1,06,338 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब यानी 13 सितंबर को 1,09,707 रुपए पर पहुंच गया है। इसकी कीमत 3,369 रुपए बढ़ी है। वहीं चांदी की कीमत इस हफ्ते 4,838 रुपए बढ़ी है। पिछले शनिवार को ये 1,23,170 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी, जो अब 1,28,008 रुपए पर पहुंच गई है।

**भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत**

दिल्लीः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,300 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,02,050

मुंबईः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,170 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,900



कोलकाताः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,170 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,900

चेन्नईः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,710 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,02,200

भोपालः 24 कैरेट सोने की कीमत 1,11,200 और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,01,950

# ITR फाइलिंग के लिए 3 दिन का टाइम बचा

## रिटर्न भरने पर आसानी से मिलता है लोन, यहां जानें इसके फायदे

**नई दिल्ली** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइन (ITR) करने के लिए 3 दिन का टाइम बचा है। इस बार इसके लिए 15 सितंबर लास्ट डेट रखी गई है। ऐसे में अगर आपने अब तक ITR फाइल नहीं किया है तो जल्द से जल्द ही कर दें।

कई लोगों का मानना है कि अगर उनकी सालाना इनकम ढाई लाख से कम है और वो टैक्स के दायरे में नहीं आते हैं तो उन्हें ITR भरने की जरूरत नहीं है, लेकिन ऐसा नहीं है। अगर आप इनकम टैक्स के दायरे में नहीं भी आते हैं तब भी आपको रिटर्न फाइल करना चाहिए, क्योंकि अगर आप ITR फाइल करते हैं तो इससे आपको कई फायदे होते हैं। ITR फाइल करने से लोन मिलने में आसानी होती है।

हम आपको ITR फाइल करने के 5 फायदों के बारे में बता रहे हैं...




सबसे पहले जानें इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) क्या होता है?

इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) एक तरह का हिसाब है, जो आप सरकार को देते हैं। इसमें आप बताते हैं कि पिछले साल आपकी कितनी कमाई हुई, किस कमाई पर टैक्स चुकाना है और कितना टैक्स आपने एडवांस में भर दिया है। इससे पता चलता है कि टैक्स के रूप में आप सरकार को कुछ और पैसे देंगे या सरकार आपको कुछ पैसे वापस करेगी।

**1. जुर्माने से बच जाएंगे-** निर्धारित तारीख के भीतर ITR दाखिल नहीं करने पर आपको जुर्माना यानी पेनल्टी चुकाना पड़ सकता है।

**2. नोटिस का डर नहीं रहेगा-** समय पर ITR दाखिल नहीं करने पर आयकर विभाग उन जानकारियों के आधार पर आपको नोटिस भेज सकता है।

**3. ब्याज की बचत-** यदि किसी करदाता ने टैक्स नहीं चुकाया है तो उसे सेक्शन 234बी के तहत हर महीने 1% ब्याज पेनल्टी के रूप में चुकाना होगा।

**4. नुकसान कैरी फॉरवर्ड कर सकेंगे-** आगे के वित्त वर्षों के लिए कैरी फारवर्ड कर सकते हैं।

**5. टैक्स रिफंड क्लेम करने के लिए**

आमदनी से टैक्स काटकर सरकार के पास जमा करा दिया गया है तो आप ITR फाइल किए बिना उसे वापस नहीं पा सकते।

# महिमा चौधरी@52, सुभाष घई पर करियर बर्बाद का आरोप लगाया

## दो मिसकैरेज, रोड एक्सीडेंट से चेहरे में घुसे कांच के 67 टुकड़े, कैंसर से जीतीं



महिमा चौधरी बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। वह कम उम्र से ही एक्ट्रेस बनने का सपना देखती थीं। इसी सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी और मॉडलिंग से करियर की शुरुआत की। महिमा को पहला एड आमिर खान और ऐश्वर्या राय के साथ मिला। इसके बाद उन्हें कई फिल्मों के ऑफर मिले, लेकिन उन्होंने शुरुआत में ठुकरा दिए। आखिरकार, उन्होंने सुभाष घई की फिल्म परदेस से बॉलीवुड में डेब्यू किया, जो एक बड़ी हिट साबित हुई। महिमा अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में रहीं। उन्होंने साल 2006 में शादी की, लेकिन यह रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चल सका और 2013 में उनका तलाक हो गया।महिमा चौधरी का जन्म 13 सितंबर 1973 को पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुआ था। उनके पिता जाट परिवार से थे, जबकि उनकी मां नेपाली थीं। महिमा उनकी इकलौती संतान थीं। महिमा स्पोर्ट्स में बहुत अच्छी थीं। पिता को लगता था कि वो बड़ी होकर स्पोर्ट्स पर्सन या आर्मी में जाएंगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। 16-17 साल की उम्र में महिमा का मन फिल्मों में लगने लगा। हाई स्कूल तक की पढ़ाई दार्जिलिंग के कुर्सियांग स्थित डॉव हिल स्कूल से पूरी की। इसके बाद उन्होंने दार्जिलिंग के लोरेटो कॉन्वेंट कॉलेज में ग्रेजुएशन में एडमिशन लिया। लेकिन 1990 में पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी और मॉडलिंग की दुनिया में कदम रख दिया। इसके साथ ही उन्होंने एक स्थानीय सौंदर्य प्रतियोगिता में भाग लिया और 'मिस दार्जिलिंग' का खिताब भी जीता। महिमा के इस फैसले से उनके पिता नाराज रहे और उनसे लगभग 1 साल तक बात नहीं की। हालांकि मां ने पूरा सपोर्ट किया। एड के बाद महिमा ने वीडियो जॉकी के तौर पर चैनल V के लिए काम किया। वह इस चैनल के लोकप्रिय शो 'पब्लिक डिमांड' को बतौर वीजे होस्ट करती थीं। एक ऐसे ही कार्यक्रम के दौरान जब महिमा शो को होस्ट कर रही थीं, फिल्म निर्माता सुभाष घई भी वहां मौजूद थे। उन दिनों वह अपनी अगली फिल्म के लिए एक नए चेहरे की तलाश कर रहे थे, जिसके लिए उन्होंने 3000 से अधिक लड़कियों के ऑडिशन लिए थे।हालांकि महिमा को देखते ही उनकी तलाश पूरी हो गई। इसके बाद उन्होंने महिमा को फिल्म परदेस का ऑफर दे दिया। यहीं से महिमा ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की।

# 'गेरुआ' गाने पर खर्च हुए थे 7 करोड़

## फराह खान ने बताया- आइसलैंड बहुत महंगा है, वहां सिर्फ दो लोगों के साथ गाना शूट किया

फिल्म 'दिलवाले' का गाना 'गेरुआ' बॉलीवुड के सबसे खूबसूरत गानों में गिना जाता है। हाल ही में फिल्ममेकर फराह खान ने बताया कि इस गाने में करीब 7 करोड़ रुपए खर्च हुए थे। अपने नए व्लॉग में फराह खान दिल्ली गई थीं। उनके साथ उनके कुक दिलीप भी थे। दोनों ने यहां बिजनेसमैन अशनीर ग्रोवर और उनकी पत्नी माधुरी से मुलाकात की। बातचीत के दौरान ग्रोवर कपल ने बताया कि वे हाल ही में आइसलैंड घूमकर आए हैं। माधुरी ने कहा कि वे अपनी एक छुट्टी की फोटो के लिए कोई हिंदी गाना ढूंढ रहे थे। तभी फराह को 'दिलवाले' का मशहूर गाना 'गेरुआ' याद आया। बातचीत में जब फराह ने बजट का जिक्र किया तो अशनीर और माधुरी हैरान रह गए। फराह ने कहा, आइसलैंड बहुत महंगा है। हमने वहां सिर्फ दो लोगों के साथ वह गाना शूट किया। सिर्फ उस एक गाने पर 7 करोड़ रुपये खर्च हुए, क्योंकि आइसलैंड सबसे महंगी जगह है।बता दें कि 'दिलवाले' साल 2015 में रिलीज हुई थी। फिल्म का डायरेक्शन रोहित शेट्टी ने किया था और इसे गौरी खान और रोहित शेट्टी ने मिलकर प्रोड्यूस किया था। इसमें शाहरुख खान, काजोल, वरुण धवन और कृति सेनन मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म ने दुनियाभर में 376 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की थी और कई अवॉर्ड्स के लिए नॉमिनेट भी हुई थी।



# एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के पति विक्की जैन अस्पताल में भर्ती:हाथ में पट्टी, चेहरे पर सूजन, फैंस ठीक होने की कर रहे कामना

एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के पति विक्की जैन अस्पताल में भर्ती हैं। उनके एक हाथ में पट्टी बंधी नजर आई तो वहीं दूसरे हाथ में ड्रिप लगी दिखाई दी। चेहरे पर सूजन भी है। विक्की जैन का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। एक्टर समर्थ जुरेल ने सोशल मीडिया पर यह वीडियो शेयर करते हुए विक्की जैन के जल्द से जल्द ठीक होने की कामना भी की। समर्थ जुरेल ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर विक्की जैन का वीडियो शेयर किया। वीडियो में विक्की जैन के हाथ में पट्टी बंधी दिखाई दी और बाएं हाथ में ड्रिप लगी नजर आई। वीडियो में अंकिता लोखंडे भी नजर आईं। बता दें कि एक दुर्घटना में उनके हाथ में कांच घुस गया था और उन्हें 45 टांके लगाने पड़े थे। अंकिता लोखंडे और विक्की जैन के फैंस भी विक्की के जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं और उनके स्वास्थ्य के बारे में और अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि अंकिता लोखंडे और विक्की जैन अब तक 3 रियलिटी शोज 'बिग बॉस 17', 'स्मार्ट जोड़ी' और 'लाफ्टर शेफ्सः अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट', में साथ नजर आ चुके हैं।



# 'कुली' में कैमियो को लेकर आमिर का वायरल कमेंट फर्जी

## दावा किया गया था- फिल्म में काम करना एक्टर की सबसे बड़ी भूल



रजनीकांत की फिल्म कुली में आमिर खान ने एक कैमियो किया था। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक खबर वायरल हुई, जिसमें दावा किया गया कि आमिर खान ने इस फिल्म में काम करना अपनी सबसे बड़ी गलती बताई। हालांकि, इस मामले में अब एक्टर से जुड़े करीबी सूत्रों का बयान भी सामने आया है। दरअसल, एक्स पर एक स्क्रीनशॉट वायरल हुआ है, जिसमें दावा किया गया है कि आमिर खान ने एक मीडिया हाउस से इंटरव्यू में कहा था, मैंने ये कैमियो रजनी सर के लिए किया था। ईमानदारी से कहूं तो आज तक समझ नहीं आया कि मेरे किरदार का मकसद क्या था। ऐसा लगा जैसे मैं बस एक-दो लाइनें बोलने स्क्रीन पर आया और फिर गायब हो गया। उसमें कोई असली मकसद नहीं था, न ही कोई सोच। वो सीन बहुत ही ढीला-ढाला और बिना सोचे-समझे बनाया गया था। आगे यह भी कहा गया है कि आमिर खान ने फिल्म के कमजोर बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन और मिले-जुले रिएक्शन पर भी बात की। उन्होंने कहा, फिल्म कैसे बन रही थी, उसमें मैं शामिल नहीं था, इसलिए मुझे नहीं पता था कि मेरा सीन आखिर में कैसा नजर आएगा। मैंने सोचा था कि यह एक मजेदार कैमियो होगा, लेकिन साफ है कि दर्शकों से वह जुड़ नहीं पाया। मुझे ऐसी प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं थी, लेकिन अब पीछे मुड़कर देखता हूं तो समझ आता है कि लोग क्यों निराश हुए। वह सीन प्रभावी नहीं था बात बस इतनी सी है। यह एक बड़ी भूल थी और भविष्य में मैं ज्यादा सतर्क रहूंगा। हालांकि, आमिर खान से जुड़े सूत्रों के मुताबिक यह खबर फर्जी है और एक्टर ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है।

# किशोर की मौत मामले में अयोध्या प्रयागराज मार्ग जामकर प्रदर्शन



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** छह दिन पूर्व सरवन गांव में किशोर की संदिग्ध परिस्थित में हुई मौत के मामले में ग्रामीणों और परिवारजन ने द्वारिकागंज चौकी के सामने अयोध्या-प्रयागराज मार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने पुलिस को मांग-पत्र सौंप कर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

गोसाईगंज के सरवन चौथाई का पुरवा निवासी सहजराम के तेरह वर्षीय बेटे किशन की आठ सितंबर को संदिग्ध परिस्थित में मौत में मौत हो गई थी। उसका शव बल्ली के सहारे रस्सी से कमरे में अंदर लटका पाया गया था। पिता सहजराम ने भूमि विवाद में बेटे की हत्या की आशंका जताई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हत्या का कारण स्पष्ट नही हो सका।

शनिवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे मृतक की सगी बहन आशा और मौसी निर्मला ने ग्रामीणों के साथ द्वारिकागंज चौकी के सामने अयोध्या-प्रयागराज हाइवे पर रोड जाम कर दिया। द्वारिकागंज चौकी इंचार्ज द्रिवेश त्रिवेदी ने समझा बुझाकर ग्रामीणों को सड़क से हटाया। इस बीच 10 मिनट हाइवे पर आवागमन बाधित रहा। सूचना पर थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय चौकी पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को समझाया। उन्होंने कहा कि संबंधित तहरीर दीजिए,हम तुरंत मुकदमा दर्ज करेगें। इसके बावजूद मृतक की बहन और मौसी मामले में तहरीर देने को तैयार नही हुई। दोनों का कहना था कि किशन की फांसी लगाकर हत्या की गई है। जिसको पुलिस को खुलासा करना चाहिए। थानाध्यक्ष ने जल्द खुलासे का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने चौकी पर ढाई घण्टे तक प्रदर्शन कर पुलिस को मांग-पत्र सौंपा। जिसमें निष्पक्ष जांच और निर्दोष व्यक्तियों को न फांसने की मांग की गई है। प्रदर्शन में पिता सहजराम, सौतेली मां नीतू और सौतेली बहन पारो शामिल नही हुए। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नही है। उन्होंने रोड जाम से इंकार कर दिया। साथ ही जल्द ही घटना के खुलासे की बात कही।

### परिवारजन से एसओजी और पुलिस ने बारी-बारी से की पूछताछ



मंगलवार को शव के अंतिम संस्कार के बाद पुलिस परिवारजन को थाने लाई। जहां पुलिस और एसओजी टीम ने पिता, सौतेली मां नीतू, सगी बहन आशा, सौतेली बहन पारो और पारो के पति से बारी-बारी पूछताछ की। बताया जा रहा है पुलिस को घटना स्थल से कथित रूप से एक सुसाइड नोट भी मिला था। जिसमें आत्महत्या किए जाने की बात लिखी गई थी। फिलहाल पुलिस सुसाइड नोट के बारे में कुछ भी बोलने को तैयार नही है। पुलिस घटना के छह दिन बाद भी आत्महत्या और हत्या की गुत्थी सुलझा नही सकी है।

## आस्था के नाम पर मनमानी नहीं होगी बर्दास्त : एसडीएम

**कुड़वार-सुलतानपुर।** आगामी दुर्गापूजा, रामलीला, विसर्जन शोभा यात्रा के मद्देनजर स्थानीय थाने पर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पूजा पण्डाल अध्यक्षों को परमीशन लेकर मूर्ति स्थापना की बात कही गयी।

शनिवार को स्थानीय थाने पर एसडीएम सदर विपिन कुमार द्विवेदी और सी ओ सिटी की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक में दर्जनों पूजा समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया। उपस्थित लोगों से वार्ता करते हुए एसडीएम ने कहा सभी समिति के अध्यक्ष अपने अपने वालेंटियर की सूची तैयार करके पुलिस को उपलब्ध करा दें।साथ ही थाने पर आकर मूर्ति स्थापना के लिए फॉर्म भरकर दे दें। जिससे सभी को समय से परमिशन प्राप्त हो जाए। साथ ही दुर्गा पूजा महोत्सव में आस्था के नाम पर मनमानी किसी भी सूरत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीजे के खिलाफ गणेश विसर्जन में कार्यवाही हुई है जो आगे भी होगी। सीओ सिटी प्रशांत सिंह ने कहा कि सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा के दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य रहेगा। साथ ही कोई भी पूजा पंडाल मुख्य मार्ग व बिजली के तार के नीचे नहीं रहेंगे।विसर्जन यात्रा में किसी भी तरह का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी पुलिस बल द्वारा लगातार की जाएगी। अराजक तत्वों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। एसडीएम ने थाना प्रभारी अमित मिश्रा को निर्देशित किया कि सभी पूजा पंडालों के स्थान का निरीक्षण कर ले।विसर्जन यात्रा मार्ग पर अगर कोई डाल हो तो उसे समय रहते कटवा दे।



साथ ही कोई भी पूजा समिति हरे बांस में झंडा आदि न लगाए।इस मौके पर पूजा समिति के सदस्यों के साथ प्रधान अनंत राम चौरसिया, प्रधान संघ अध्यक्ष गौरीशंकर यादव,नरेंद्र मौर्य,रमेश तिवारी,राहुल गुप्ता सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

## एक नजर

### कलावती इंटर कॉलेज में जलवायु परिवर्तन पर वाद-विवाद प्रतियोगिता



**मोतिगरपुर-सुलतानपुर।** स्वास्थ्य विभाग मोतिगरपुर के संयोजन में शनिवार को कलावती इंटर कॉलेज शिवमूर्तिनगर, शाहपुर लपटा में छठवाँ अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ व नीला आसमान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वायु प्रदूषण जन-जागरूकता अभियान के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अधीक्षक डॉ. अवनीश मिश्र, डॉ. अकील अहमद, डॉ. किरण यादव, डॉ. श्रुति झा एवं प्रधानाचार्य शर्मिला यादव की देखरेख में हुआ। प्रतियोगिता में इंटर की छात्रा मान्या मोदनवाल ने प्रथम स्थान, कक्षा 11 की महिमा पांडेय ने द्वितीय और नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने वायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों की जानकारी दी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम में अग्निवेश चतुर्वेदी, द्वारिका प्रसाद द्विवेदी, सुषमा पाठक, गुड्डू दुबे, ललित तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### शांति व सौहार्द के माहौल में सम्पन्न हो दुर्गा पूजा : थानाध्यक्ष



**कूरेभार - सुलतानपुर।** आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर थाना कूरेभार परिसर में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रविन्द्र सिंह ने की। इस अवसर पर दरोगा राजेश यादव, गिरजेश कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। थानाध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा आयोजन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी पूजा समितियों को सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर प्रशासन का पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे, वालंटियर और अस्थाई विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था अनिवार्य होगी। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्र रात 10 बजे तक ही बजाए जाएँगे। एसओ ने समितियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद गणमान्य नागरिकों और पूजा समितियों के पदाधिकारियों ने भी पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। इस दौरान सिपाही मन्नू पासवान, अभिषेक, प्रदीप कुमार समेत बड़ी संख्या में समितियों के सदस्य एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

### पूर्व मंत्री को जवाबी पत्र से प्रतिमा हटाने का विरोध

**सुलतानपुर।** धनपतगंज बाजार में स्थित इन्द्र भद्र सिंह की प्रतिमा हटाने के लिए पूर्व मंत्री विनोद सिंह की ओर से शासन में की गई पैरवी पर वकील अरविन्द सिंह राजा ने चिन्ता जताई और प्रस्ताव को अनुचित बताया। अधिवक्ता ने कहा कि स्व. इन्द्र भद्र सिंह ने समाज व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। जिसके चलते वर्ष 2000 में सर्व समाज के सहयोग से प्रतिमा स्थापित की गई थी, जो सड़क से चार फीट दूरी पर स्थित है और शासनादेश के अनुसार वैध है। पूर्व मंत्री की ओर से अधिवक्ता को भेजे पत्र के जवाब में उन्होंने कहा कि इन्द्रभद्र का सम्मान किसी पार्टी विशेष से जुड़ाव पर निर्भर नहीं करता। अधिवक्ता ने स्व. केदारनाथ सिंह और स्व. इन्द्र भद्र सिंह का समान रूप से सम्मान करते हुए प्रतिमा हटाने को समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम बताया।

### करंट की चपेट में आकर युवक की मौत, मचा कोहराम

**कुड़वार-सुलतानपुर।** घर के अंदर कटे बिजली के तार की चपेट में आकर युवक झुलस गया। गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।परिजन शव लेकर अपने घर वापस आ गए। शनिवार दोपहर में घर के अन्दर कटे तार की चपेट में आकर बंधुआ कला थाना क्षेत्र के अलीगंज कस्बा निवासी दुर्गेश सोनी (25) पुत्र स्व.बलराम सोनी आ गए। गंभीर हालत में स्थानीय लोग लेकर जिला मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।जिसके बाद लोग शव लेकर वापस अलीगंज आ गए। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक के भाई दीपू की मौत साल भर पहले तथा पिता बलराम की मौत छह माह पहले हो चुकी है। मृतक अविवाहित युवक अपनी वृद्ध मां सुल्ताना के साथ अकेले घर में रहता था। बहनों की पहले ही शादी हो चुकी है।परिवार में कोई जिम्मेदार न होने के कारण पुलिस को लिखित सूचना नहीं दी गई है। नात रिश्तेदारो के आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि पोस्टमार्टम होगा या नहीं। चौकी इंचार्ज अलीगंज हरेंद्र ने बताया कि मौखिक जानकारी मिली है लिखित सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### मार्निंग वाक पर निकले वृद्ध को ट्रक ने कुचला, मौत



**सुलतानपुर।** शनिवार सुबह सुलतानपुर-वाराणसी फोरलेन पर बड़ा हादसा हो गया। देहात कोतवाली क्षेत्र के कामतागंज बाज़ार के पास मार्निंग वाक पर निकले वृद्ध को तेज़ रफ़्तार ट्रक ने डिवाइडर तोड़कर कुचल दिया। हादसे में वृद्ध की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान पन्ना टिकरी निवासी भारत राम यादव (70) के रूप में हुई है। घटना के बाद आस-पास अफरातफरी मच गई। सूचना पर कोतवाल अखंड देव मिश्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने बताया कि वृद्ध की मौत अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई है। प्रार्थना पत्र मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। हादसे के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### गबन के आरोपों में प्रधानाध्यापक सस्पेंड, विभाग में हड़कंप

**सुलतानपुर।** जयसिंहपुर खंड शिक्षा क्षेत्र के जूनियर हाई स्कूल, ग्राम पंचायत टोलवा सहादतपुर के प्रधानाध्यापक मनोज सिंह को गंभीर गबन के आरोपों में निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई से शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है। ग्राम प्रधान किरन सिंह ने बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता को दिए प्रार्थना पत्र में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानाध्यापक बीते लगभग चार वर्षों से मैनेजमेंट कमेटी खाते का संचालन मनमाने ढंग से स्वयं कर रहे थे। मामले पर पर्दा डालने के लिए वह बीच-बीच में ग्राम प्रधान से कागज़ों पर हस्ताक्षर जरूर कराते थे, लेकिन उनका उपयोग नहीं किया जाता था। सूत्रों के अनुसार, लोकसभा चुनाव के दौरान जब प्रधानाध्यापक ने ग्राम प्रधान से हस्ताक्षर करवाने से इंकार किया, तब एमडीएम संचालन और धन के गबन की आशंका गहराने लगी। जब ग्राम प्रधान ने उनसे स्पष्टीकरण माँगा तो पूरा मामला सामने आ गया। गंभीर वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत मिलने पर बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने जांच बैठाई और प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से प्रधानाध्यापक मनोज सिंह को निलंबित कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा जैसे पवित्र क्षेत्र में भ्रष्टाचार की ऐसी घटनाएँ बेहद निंदनीय हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि मामले की विस्तृत जांच के बाद आगे और कड़ी कार्रवाई भी हो सकती है।

## सरकार हर मोर्चे पर नाकाम अशोक सिंह बिसेन

**सुलतानपुर।** समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन एडवोकेट ने सरकार पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, किसानों सहित अन्य विभागों में लूट रोकने में सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। बार एसोसिएशन सुलतानपुर में वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित होने के बाद मीडिया से बातचीत में बिसेन ने कहा कि कानून व्यवस्था से लेकर नौकरशाही तक खुली लूट मची हुई है। खाद, पानी, बिजली कटौती और स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर जनता को ठगा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने जनता से वादाखिलाफी की है और अब आम लोग इस ₹सेवा₹ के नाम पर डंडा झेलने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने मन बना लिया है कि 2027 में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को पूर्ण बहुमत की सरकार दिलाई जाएगी। बिसेन ने कहा कि आज देश में किसान, सीमाओं पर जवान और बेरोजगार नौजवान आत्महत्या करने पर मजबूर हैं। बुलंदशहर के ततारपुर निवासी अजय कुमार शर्मा को बिजली संकट के चलते आत्महत्या करनी पड़ी, जबकि ग़ाज़ीपुर में शांतिपूर्ण धरने पर बैठे भाजपा नेता सियाराम की पुलिस पिटाई से मौत हो गई। उन्होंने कहा कि यह घटनाएँ साबित करती हैं कि सरकार जनता की भावनाओं को समझने में पूरी तरह नाकाम रही है।



### रोशनदान के सहारे घुसे चोरों ने उड़ाए गहने व नकदी

**दोस्तपुर - सुलतानपुर।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सहिनवा गांव में चोरी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। पीड़ित पक्ष की ओर से दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार दिनांक 12/13 सितम्बर 2025 की बीती रात अज्ञात चोर घर के राशनदान के सहारे ऊपर कमरे में घुस गए। चोरों ने मौके पर रखा जेवर व कपड़े समेट लिए तथा कपड़े घर के बाहर फेंक दिए। इसके बाद जेवर लेकर फरार हो गए।

### आयुष्मान कार्ड के साथ खेल रहे अस्पताल संचालक, बना मजाक

**सुलतानपुर।** गरीबों को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत कार्ड धारकों को हर साल पाँच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलना चाहिए। इसमें जांच, दवाएँ, भर्ती, ऑपरेशन और गंभीर बीमारियों का इलाज शामिल है।

लेकिन जनपद में यह योजना मरीजों के लिए राहत बनने के बजाय परेशानी बन गई है। जिले के कई निजी नर्सिंग होम और सरकारी अस्पताल खुलेआम यह कहकर मरीजों को टाल देते हैं कि कार्ड सिर्फ भर्ती और ऑपरेशन में मान्य है। जबकि शासनादेश साफ कहता है कि छोटी से छोटी जांच से लेकर बड़ी सर्जरी तक सब आयुष्मान कार्ड से निशुल्क होना चाहिए। किसान यूनियन नेता राम प्रकाश सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड गरीब मरीजों की जीवन रेखा है। लेकिन जिले के अस्पताल मालिक और डॉक्टर इस योजना को मजाक बना चुके हैं। जब तक मरीजों को योजना का पूरा लाभ नहीं मिलेगा, तब तक हम आंदोलन करेंगे। पूरे मामले में मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा कि जनपद के 47 निजी अस्पताल आयुष्मान योजना से जुड़े हैं। सभी को मुफ्त इलाज उपलब्ध कराना अनिवार्य है। जल्द ही सीएमओ के साथ बैठक कर अस्पतालों को निर्देश दिए जाएंगे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में निपटाए गए 50,822 मामले

**सुलतानपुर।** जिले में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ला की अध्यक्षता में हुआ। लोक अदालत में बड़ी संख्या में बैंक संबधी मामलों के साथ कुल 50,822 मामलों का निस्तारण हुआ।

लोक अदालत में परिवार न्यायालय के न्यायाधीश हीरालाल यादव, अंकिता शुक्ला एवं शालिनी सागर ने 173 वैवाहिक वादों तथा प्री लिटिगेशन के 15 मामलों को सुलह समझौता से निस्तारित कराया। मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 82 मामलों को निस्तारित कराया। अपर जिला जजों ने कुल 2095 प्रीलिटिगेशन बैंक वसूली से सम्बन्धित वादों को निस्तारित कराया जिसमें बैंको के ऋण सम्बन्धी वादों में 14 करोड़ 15 लाख 57 हजार 875 रूपये का समझौता किया गया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह और अन्य न्यायिक अधिकार्यों ने कुल 6,468 फौजदारी मामलों का निपटारा किया। अन्य अधिकारियों ने भी बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया। जिलाधिकारी सुलतानपुर एवं उनके अधीन कार्यरत पीठासीन अधिकारियों ने 18,124 वाद तथा जिलाधिकारी अमेठी एवं उनके अधीन कार्यरत अधिकारियों ने 21,155 मामलों को निस्तारित कराया।



### बीए छात्रा की संदिग्ध मौत पर मचा बवाल

**सुलतानपुर।** कुड़वार थाना क्षेत्र में बीए की छात्रा की संदिग्ध मौत का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। 30 अगस्त को फोटोस्टेट कराने गई छात्रा का शव अगले दिन घर से मात्र 80 मीटर दूर पेड़ से लटका मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है।

परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि थानेदार ने भाजपा नेता के दबाव में नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया। परिजनों के जोरदार विरोध के बाद हत्या की धाराएं जोड़ी गईं, लेकिन आरोपी अब भी आज़ाद घूम रहे हैं।

परिवार का कहना है कि पंद्रह दिन गुजर जाने के बाद भी आरोपियों को सिर्फ थाने बुलाकर औपचारिक पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। न्याय की गुहार लगाते-लगाते परिजन पहले एसपी से मिले, फिर मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो लखनऊ जाकर डीजीपी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। शासन-प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया, लेकिन अखिलेश यादव ने मामले का संज्ञान लेते हुए सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को पीड़ित परिवार से मिलने भेजा है। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, सांसद राम भुआल निषाद, विधायक ताहिर खान, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सोलंकी, राम कुमार भुर्जी, प्रदीप भुर्जी और स्वामीनाथ यादव शामिल हैं।

### टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ लामबंद

**सुलतानपुर।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किए जाने के फैसले ने पूरे देश के लाखों शिक्षकों में असंतोष और चिंता की लहर दौड़ा दी है। इसी मुद्दे को लेकर अब अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ लामबंद हो गया है। संगठन ने इस मामले में प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की अपील की है।

महासंघ के आह्वान पर 15 सितम्बर 2025 को देशभर के 780 जिलों से एक साथ प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। सुलतानपुर में भी शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी को पीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपेगा। जिलाध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि टीईटी अनिवार्यता का निर्णय वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों के भविष्य को संकट में डाल देगा। नियम के मुताबिक अब कक्षा आठ तक पढ़ाने वाले हर सेवारत शिक्षक को भी टीईटी उत्तीर्ण होना अनिवार्य कर दिया गया है, चाहे उनकी नियुक्ति की तिथि कुछ भी रही हो। शिक्षक संगठनों का कहना है कि यह निर्णय लाखों शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा और आजीविका पर गहरी चोट करेगा। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार यदि सचमुच शिक्षा सुधार चाहती है, तो इसके लिए आरटीई (शिक्षा का अधिकार) एक्ट में आवश्यक संशोधन किया जाए, ताकि पहले से कार्यरत शिक्षकों को राहत मिल सके।

## हिंदी पखवाड़े में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र पुरस्कृत

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** कंपोजिट विद्यालय करसा में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में 6 से 13 सितम्बर तक हिन्दी पखवाड़ा बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। पखवाड़े का समापन कार्यक्रम शनिवार को आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता भारतीय वायु सेना से वारंट ऑफिसर पद से सेवानिवृत्त जय प्रकाश यादव ने की।इस दौरान विद्यालय में पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन, भाषण, आशु भाषण, काव्य पाठ, सुलेख, श्रुतलेख एवं 'सुनो कहानी' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों—खुशी, आदित्य राज, रानी, शगुन, नन्दिनी, साक्षी, इन्द्र प्रताप, रौनक, भीमराज, अवनीश एवं सृष्टि—को मुख्य अतिथि ने प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि जय प्रकाश यादव ने कहा कि बच्चों का प्रदर्शन सराहनीय रहा और इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक बाबूलाल के साथ शिक्षक समरेंद्र, संदीप, निलेश एवं मातादीन निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे।




### लेखपाल से मारपीट और महिला से अभद्रता, मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर।** तहसील लम्भुआ क्षेत्र के कोतवाली देहात थाना अंतर्गत महेसुआ गांव में सरकारी कार्य के दौरान लेखपाल और महिला के साथ अभद्रता व मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार 11 सितम्बर को कार्यरत लेखपाल पुनीत कुमार खरवार सरकारी कार्य से गांव पहुंचे थे। आरोप है कि ग्राम प्रधान पति सुरेंद्र प्रताप सिंह और शुभम सिंह अपने 20-25 साथियों संग वहां पहुंचे और लेखपाल से गाली-गलौज व हाथापाई की। इतना ही नहीं, लेखपाल के हाथ से खसरा-नक्शा छीनकर फाड़ दिया गया और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई।

इसी गांव की महिला सुनेना ने भी सुरेंद्र प्रताप सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने बताया कि जब वह अपनी जमीन के संबंध में लेखपाल से बात कर रही थीं, तभी सुरेंद्र प्रताप सिंह ने उन्हें और उनके ससुर प्रताप नारायण को अपमानित करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जातिसूचक गालियां दीं। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उनके ससुर को धक्का देकर गांव से भगा दिया। दोनों घटनाओं में पीड़ितों ने कोतवाली देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

## बेहतर समाज निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम : सीओ

**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** स्टूडेंट पुलिस कैडेट (एसपीसी) कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज, अमिलिया सिकरा, जयसिंहपुर में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान उन्हें पुलिस के कार्यों के साथ बेहतर समाज निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में बताया गया।

जिला नोडल अधिकारी एसपीसी/क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर आशुतोष कुमार ने बच्चों को भ्रष्टाचार के प्रकार, उसके तरीके और दुष्परिणामों की जानकारी दी। साथ ही सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, दुर्घटना के समय नागरिक की भूमिका के अलावा आपातकालीन सेवाओं और हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 108, 1930 के बारे में विस्तार से बताया। बच्चों को साइबर अपराध के खतरों और उनसे बचाव के उपायों से भी अवगत कराया गया। पुलिस से सहयोग एवं सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए उन्हें बेहतर शिक्षा हासिल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य राकेश मेधानी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



कहीं सवाल न पूछ लिया जाए, इसलिए फोन तक नहीं उठाते डीएमओ बंशीलाल यादव, फोटो खिंचवाकर वायरल कराने से खत्म नहीं होंगी समस्याएं

# डीएमओ की हीलाहवाली से कागजों तक सिमट गया विश्व मच्छर दिवस

**सुलतानपुर।** मलेरिया व फाइलेरिया से लोगों को बचाने के लिए योगी सरकार जहां अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए संकल्पित है, वहीं जिले के जिम्मेदार अधिकारी ही लापरवाही और गैर-जिम्मेदारी का प्रतीक बन बैठे हैं। मामला जनपद सुलतानपुर के जिला मलेरिया अधिकारी बंशीलाल यादव से जुड़ा है, जिन पर योजनाओं की अनदेखी, कामचोरी और विभागीय नियंत्रणहीनता के गंभीर आरोप लग रहे हैं। 20 अगस्त को विश्व मच्छर दिवस मनाया जाना था, जिसका उद्देश्य मच्छर जनित बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करना है। लेकिन जिले में यह दिवस केवल कागजों में सिमटकर रह गया। न तो किसी बड़े स्तर पर कार्यक्रम की जानकारी दी गई और न ही आम जनता तक कोई जागरूकता अभियान पहुँचा।

सूत्रों के अनुसार, डीएमओ बंशीलाल यादव से जब भी किसी योजना या कार्यक्रम की जानकारी लेने की कोशिश की जाती है, वह फोन उठाना ही मुनासिब नहीं समझते। कई बार संपर्क करने के प्रयास के बाद भी उन्होंने न सिर्फ फोन नहीं उठाया बल्कि सवाल पूछने वालों के नंबर तक ब्लैकलिस्ट कर दिए।



विभागीय कर्मचारियों का कहना है कि श्री यादव को न तो विभाग की पूरी जानकारी रहती है और न ही वे जमीनी स्तर पर काम में रुचि लेते हैं। उन्हें यह तक नहीं पता कि जिले में कितने मच्छर कलेक्शन सेंटर हैं और उनकी जिम्मेदारी क्या है।

इतना ही नहीं, उनके नियंत्रणहीन रवैये के चलते विभागीय कर्मचारी भी मनमानी पर उतर आए हैं। कहीं लैब टेक्नीशियन खुद को डॉक्टर बताकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं, तो कहीं फाइलेरिया इंस्पेक्टर बायोलॉजिस्ट की कुर्सी पर बैठकर मनमानी कर रहा है। बंशीलाल यादव पर आरोप है कि वे कर्तव्यों से ज्यादा फोटो खिंचवाकर वायरल करने में रुचि रखते हैं। सूत्रों का तो यह भी कहना है कि वह अपने परिजनों के नाम से सप्लाई का खेल करने का प्रयास कर रहे हैं।

जब विश्व मच्छर दिवस को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भारत भूषण से जानकारी ली गई तो उन्होंने भी स्पष्ट कर दिया कि उन्हें किसी कार्यक्रम की जानकारी नहीं है।

इससे विभाग की पोल और अधिक खुल गई। कुल मिलाकर, योगी सरकार की योजनाएँ ज़मीन पर नहीं बल्कि फाइलों और फोटो सेशन तक ही सीमित हैं। विभागीय लापरवाही का खामियाजा जिले की 30 लाख आबादी भुगत रही है। अब सवाल यह है कि क्या सरकार इस लापरवाही पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएगी या फिर कागजों पर ही योजनाओं का क्रियान्वयन दिखाकर लोगों को बरगलाया जाएगा।

## एक नजर

### मोदी की हिसाग्रस्त मणिपुर यात्रा महज दिखावा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हिंसा से जूझ रहे मणिपुर की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा को दिखावा करार देते हुए कहा है कि उन्होंने शांति बहाली का ठोस प्रयास करने की बजाय शोशेबाजी करने पर ज्यादा ध्यान दिया है। खड़गे ने प्रधानमंत्री के नाम एक संदेश में शनिवार को कहा ₹ नरेंद्र मोदी जी, मणिपुर में आपका तीन घंटे का पड़ाव करुणा नहीं, बल्कि एक दिखावा और हिंसा से घायल हुए लोगों के जख्मों का अपमान है। मणिपुर की राजधानी इम्फाल और चुराचांदपुर में आप जो तथाकथित रोड शो कर रहे हैं वह राहत शिविरों में रहने वाले लोगों का दर्द सुनने से बचने का एक प्रयास है।₹ उन्होंने मणिपुर हिंसा के जख्मों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां 864 दिनों की हिंसा में लगभग 300 लोग मारे गये और 1,500 से ज्यादा घायल हुए तथा हिंसा के कारण 67,000 लोग विस्थापित हुए हैं। मणिपुर में भड़की हिंसा के बाद से आपने 46 विदेश यात्राएं की हैं लेकिन अपने देश के नागरिकों को सहानुभूति के दो शब्द कहने के लिए मणिपुर की एक भी यात्रा नहीं की।

### गणेश विसर्जन जुलूस में ट्रक ने 9 को कुचला, मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के हासन जिले में एक ट्रक ने गणेश विसर्जन जुलूस में शामिल लोगों को कुचल दिया। 9 लोगों की मौत हो गई, 20 लोग घायल हैं। घटना लगभग 8.45 बजे मोसाले होसाहल्ली गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक, ज्यादातर मृतक युवा लड़के हैं। घायलों को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। चश्मदीद ने बताया, ट्रक अरकलगुडु की तरफ से आ रहा था। जुलूस के नजदीक पहुंचते ही ट्रक का कंट्रोल खो गया और वह भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया, लोग ट्रक के पहिए के नीचे आ गए। इधर पीएम मोदी ने हादसे में मरने वाले सभी मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50,000 रुपए देने की घोषणा की है।

### हिमाचल के बिलासपुर में बादल फटा

**नयी दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर के नम्होल में शुक्रवार देर रात बादल फट गया जिससे 10 से ज्यादा गाड़ियां मलबे में दब गईं। सड़कें भी बह गईं, कई घरों को भी नुकसान पहुंचा। वहीं, मंडी जिले के धर्मपुर में सपड़ी रोह गांव में शनिवार सुबह 4 बजे लैंडस्लाइड हुई। कई घर मलबे से घिर गए हैं। 8 घर खाली कराए गए हैं। राज्य में बारिश-बाढ़ से मरने वालों का आंकड़ा 386 पहुंच गया है। यूपी के उन्नाव में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से 23 सेमी ऊपर है। यहां 80 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। 100 से ज्यादा परिवार बेघर हैं। फर्रुखाबाद में गंगा के किनारों का कटान तेज हो गया है। ग्रामीण अपने मकानों को खुद तोड़ रहे हैं। ईंट-सरिया निकालकर साथ ले जा रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी 15 सितंबर के आसपास पश्चिमी राजस्थान से शुरू हो सकती है। आमतौर पर मानसून 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से लौटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह लौट जाता है। इस साल मानसून ने 24 मई को केरल में दस्तक दी थी, जो 2009 के बाद सबसे जल्दी 8 दिन पहले थी। इसके बाद यह पूरे देश में 9 दिन पहले यानी 29 जून तक फैल गया, अमूमन यह 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर करता है।

### रेप-लव जिहाद के आरोपियों के घर चला बुलडोजर

**भोपाल।** भोपाल में कॉलेज छात्राओं से रेप और लव जेहाद के आरोपी साद और साहिल के अवैध मकानों पर आज जिला प्रशासन का बुलडोजर चला। तीसरे आरोपी फरहान के घर पर कार्रवाई फिलहाल टाल दी गई है। शनिवार को 11 बजे कोर्ट में उसकी पेशी होनी थी, लेकिन लोक अदालत के चलते नहीं हो पाई। आरोपी फरहान के पिता रिजवान ने कहा कि पुलिस ने हमसे 10 लाख रुपए की डिमांड की गई थी। करीब 15 दिन तक इस मामले को दबाए रखा। हम 2 लाख रुपए ही दे पाए, 8 लाख की व्यवस्था नहीं हुई तो मिसरोद थाने के रंजीत सिंह ने मेरे बच्चे पर लव जिहाद का केस दर्ज कर दिया। अदालत का फैसला नहीं आया है, उससे पहले ही हमारे मकान गिराए जा रहे हैं। कार्रवाई से पहले शुक्रवार को मकानों के आसपास बैरिकेडिंग कर दी गई थी।

### डोडा में तीन आतंकियों के छिपे होने की चर्चा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के थाथरी स्थित भल्लारा इलाके में सुरक्षाबलों को तीन संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधि की सूचना मिली है। डोडा के एसएसपी संदीप मेहता ने बताया कि शुक्रवार शाम से ही सर्च ऑपरेशन शुरू कर गया था। पुलिस और सेना ने आतंकवादियों की तलाश के लिए गांव और आसपास के जंगलों की घेराबंदी कर दी है। सूत्रों के अनुसार, अभी तक आतंकवादियों का पता नहीं चल पाया है।

### श्री पद्मनाभस्वामी और अट्टुकल मंदिरों में बम की धमकी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के प्रसिद्ध श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर और अट्टुकल भगवती मंदिर को शनिवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। पुलिस और बम निरोधक दस्ता दोनों मंदिरों की जांच कर रहा है। पुलिस के अनुसार, धमकी में बहुत ज्यादा जानकारी नहीं दी गई थी। जांच जारी रहने तक आगे की जानकारी का इंतजार है।

### उमर ने कहा मेहराज केस पर मोदी और शाह से की वार्ता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस चीफ फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को डोडा विधायक मेहराज मलिक पर लगाए गए पब्लिक सेफ्टी एक्ट को अन्यायपूर्ण बताया। उन्होंने कहा- मेहराज ने गुस्से में आकर भले ही कुछ असंसदीय शब्द कह दिए हों, लेकिन उन पर पीएसए लगाना गलत है। यह मामला बातचीत से सुलझाया जा सकता था और मलिक अपने शब्द वापस ले सकते थे। उन्होंने कहा कि मैंने पीएम मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अपील की है कि मलिक पर लगाया गया पीएसए वापस लिया जाए। गलती गुस्से में हो सकती है, लेकिन उसका हल दया और बातचीत से निकलना चाहिए, न कि कठोर कदमों से।

### कोलकाता मेट्रो में दोस्त की हत्या

**कोलकाता।** कोलकाता में मेट्रो स्टेशन के अंदर एक दोस्त ने मामूली विवाद पर अपने ही दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया। जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार देर रात हावड़ा स्टेशन से गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि हमने उसे तब गिरफ्तार किया जब वह ट्रेन में चढ़ने और भागने की कोशिश कर रहा था।

### रूस के कामचटका में 7.4 तीव्रता का भूकंप

मास्को। रूस के कामचटका में शनिवार को 7.4 तीव्रता का भूकंप आया है। भूकंप के बाद यहां सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यह भूकंप 39.5 किलोमीटर की गहराई पर आया। यूएसजीएस ने पहले भूकंप की तीव्रता 7.5 बताई थी, लेकिन बाद में इसे 7.4 कर दिया।

# नारी सशक्तिकरण की नजीर सुशीला कार्की

## मणिपुर की धरती से पीएम मोदी का नेपाल की पीएम को बधाई संदेश

**एजेंसी**



इम्फाल। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को मणिपुर की धरती से नेपाल की अंतरिम पीएम बनाई गई सुशीला कार्की को बधाई दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कार्की के नेतृत्व में नेपाल में शांति, समृद्धि और स्थायित्व आएगा। उन्होंने बधाई संदेश देते हुए कहा कि सुशीला कार्की का नेपाल की असमंजस वाली स्थिति में सत्ता को संभालना महिला सशक्तिकरण का एक बेहतर उदाहरण है।

प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर की राजधानी में कहा, ₹ नेपाल, हिमालय की गोद में बसा हुआ है, हमारा करीबी दोस्त है। हमारा इतिहास और विश्वास जुड़ा हुआ है। मैं 140 करोड़ भारतीयों की तरफ से सम्माननीय सुशीला कार्की को बधाई देता हूं। कार्की का नेपाल की सर्वोच्च सत्ता को संभालना महिला सशक्तिकरण का एक उत्कृष्ट उदाहरण हैं। मुझे यकीन है कि वह शांति, सुरक्षा और स्थायित्व के रास्ते पर नेपाल को आगे बढ़ाने का काम करेंगी। आपको बता दें कल रात में नेपाल के पिछले कुछ दिनों के हंगामे और दंगों के बाद से शांति स्थापित करने के लिए सुशीला कार्की को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। केपी शर्मा ओली की सरकार को हटाने के बाद से ही जेन-जी प्रदर्शनकारी ने सुशीला कार्की को सत्ता संभालने के लिए बुलाना शुरू कर दिया था। नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीस सही सुशीला कार्की शपथ लेने के साथ ही नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री भी बन गई हैं।

पीएम मोदी ने नेपाल की हालिया घटनाओं के बाद जेन-जी युवाओं को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, ₹हाल के दिनों में नेपाल में जो कुछ हुआ उसके बाद एक बात पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। पिछले कुछ दिनों से नेपाली युवा लगातार अपने देश की सड़कों को साफ करते हुए देखे जा सकते हैं। मैंने भी यह सोशल मीडिया के जरिए देखा है। युवाओं द्वारा किया जा रहा यह प्रयास नेपाल के पुनरुत्थान का प्रतीक है। मैं नेपाल के उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं।₹ गौरतलब है कि इससे पहले भी पीएम मोदी ने सोशल मीडिया के जरिए कार्की को बधाई दी थी।

### सुशीला कार्की ने तय की आम चुनावों की तारीख

**काठमांडू।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने पहली मंत्रिमंडल बैठक में संसद को भंग करने की सिफारिश की है। प्रधानमंत्री ने आगामी संसदीय चुनाव के लिए तारीख भी 05 मार्च 2026 तय कर दी है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने संसद को भंग करने तथा अगले चुनाव कराने की सिफारिश का समर्थन किया है। श्रीमती कार्की ने शुक्रवार रात को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उन्हें राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 61 (तीन) और (चार) के तहत नियुक्त किया गया, जो राज्य प्रमुख को अंतरिम सरकार के नेता को नामित करने का अधिकार देता है। यह फैसला आठ-नौ सितंबर 2025 के युवा विद्रोह के बाद में आया है जिसने नेपाल की प्रमुख राजनीति को उथल-पुथल कर दिया। पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की शुक्रवार को युवा विद्रोह के प्रतिनिधियों के समर्थन से प्रधानमंत्री नियुक्त की गयीं। उन्हें छह महीने के भीतर आम चुनाव कराने को कहा गया है।

## लगता है भगवान भी चारो धामों से भाग गये

### हेमकुंड साहिब में 700 जानवरों की मौत से भड़कीं मेनका

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**देहरादून।** बीजेपी की पूर्व सांसद और एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट मेनका गांधी ने हाल ही में चार धाम यात्रा और पर्यावरण को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि, 'मुझे लगता है कि भगवान भी चार धामों से भाग गए हैं। पिछले साल हेमकुंड साहिब से 700 जानवर गिरकर मारे गए, ऐसे में कौन भगवान वहां पर टिकेगा? मेनका गांधी ने कहा कि जहां कभी घास के मैदान और फूलों की खूबसूरती से स्वर्ग जैसा एहसास होता था, आज वहां जाना दिल तोड़ देता है।

मेनका गांधी के इस बयान से देश की राजनीति गरमा गई हैं। वहीं धार्मिक संगठनों में भी हलचल देखने को मिल रही है। मेनका गांधी इससे पहले भी चार धाम यात्रा के दौरान जानवरों के खिलाफ होने वाली क्रूरता को लेकर सवाल उठाती रही हैं। उनका कहना है कि हमें बेजुबान जानवरों का ध्यान रखना चाहिए। बता दें कि उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान केदारनाथ व अन्य धामों तक पहुंचने के लिए दुर्गम पहाड़ों पर चलना पड़ता है। ये चढ़ाई इतनी मुश्किल होती है कि यहां चढ़ना इतना आसान नहीं होता है। ऐसे में अक्सर कई बुजुर्ग, बच्चे और महिला श्रद्धालु बड़ी संख्या में घोड़े और खच्चरों का इस्तेमाल करते हैं।

मेनका गांधी ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के आवारा कुत्तों पर आदेश का स्वागत किया। कोर्ट ने कहा कि जो कुत्ते फिलहाल शेल्टर होम में हैं, उन्हें बाहर छोड़ा जाए, लेकिन आक्रामक स्वभाव वाले कुत्तों और रेबीज से प्रभावित कुत्तों को बाहर नहीं छोड़ा जाएगा और उनकी नसबंदी (स्टेरिलाइजेशन) की जाएगी। मेनका गांधी ने इस फैसले पर सहमती जताई।

## पाकिस्तानी फौज पर आतंकी हमला, 12 सैनिक मरे

### टीटीपी ने ली जिम्मेदारी, वजीरिस्तान में फैली दहशत

**एजेंसी**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी इलाके में शनिवार तड़के पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) द्वारा किए गए एक घातक हमले में कम से कम 12 सैनिक मारे गए, जबकि चार अन्य घायल हो गए। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा अधिकारियों ने इस हमले की पुष्टि की है। जानकारी के अनुसार यह हमला दक्षिण वजीरिस्तान जिले में सुबह लगभग 4 बजे उस समय हुआ जब सेना का एक काफिला इलाके से गुजर रहा था। स्थानीय सरकारी अधिकारी ने बताया कि "दोनों ओर से भारी हथियारों से फायरिंग की गई, जिसमें 12 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और चार घायल हुए।" हमलावर मौके से सेना का हथियार-सामान भी लेकर फरार हो गए। इलाके के सुरक्षा प्रभारी ने भी हताहतों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि हमला बेहद योजनाबद्ध और तीव्र था।

हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन पाकिस्तानी तालिबान ने ली है जिसे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) भी कहा जाता है। हाल के महीनों में यह हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सबसे घातक घटनाओं में से एक माना जा रहा है। टीटीपी कभी इस क्षेत्र में मजबूत उपस्थिति रखता था, लेकिन 2014 में पाकिस्तानी सेना के बड़े अभियान के बाद उन्हें पीछे हटना पड़ा था। हालांकि, अफगानिस्तान में 2021 में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से सीमावर्ती इलाकों में आतंकी गतिविधियों में तेजी देखी जा रही है।

भले ही टीटीपी और अफगान तालिबान अलग-अलग संगठन हैं, लेकिन दोनों के बीच नजदीकी रिश्ते माने जाते हैं। पाकिस्तान लगातार यह आरोप लगाता रहा है कि अफगानिस्तान अपनी जमीन पर सक्रिय आतंकियों को खत्म करने में नाकाम रहा है, जो बाद में पाकिस्तान में हमले करते हैं। वहीं, काबुल प्रशासन इन आरोपों से इनकार करता रहा है।

हाल ही में खैबर पख्तूनख्वा के कई जिलों में इमारतों की दीवारों पर टीटीपी का नाम लिखे पोस्टर और नारे (ग्रैफिटी) दिखाई दिए हैं, जिससे आम नागरिकों में भय और यह आशंका बढ़ी है कि कहीं फिर से वह दौर न लौट आए जब तालिबान ने इस क्षेत्र पर कब्ज़ा कर लिया था। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में टीटीपी लड़ाकों की आवाजाही और हमलों की आवृत्ति में काफी वृद्धि हुई है।

रिकॉर्ड के मुताबिक, 1 जनवरी 2025 से अब तक खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में करीब 460 लोग आतंकी हमलों में मारे जा चुके हैं जिनमें अधिकतर सुरक्षा बलों के जवान शामिल हैं। वहीं, इस्लामाबाद स्थित सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज के अनुसार, पिछले वर्ष पाकिस्तान ने लगभग एक दशक की सबसे घातक अवधि झेली थी, जब 1,600 से अधिक लोग हिंसा में मारे गए। इनमें से लगभग आधे सैनिक और पुलिसकर्मी थे।

## चीन पर 50-100% टैरिफ लगायें नाटो देश

### रूस-युद्ध रोकने के लिए ट्रंप की नयी रणनीति

**एजेंसी**



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई सालों से चल रहे रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को रुकवाने की पुरजोर कोशिश में लगे हुए हैं। अब उन्होंने रणनीति बनाते हुए रूस को और कमजोर करने के लिए नाटो देशों से चीन पर 50-100 फीसदी टैरिफ लगाने के लिए कहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति का मानना है कि इससे यूक्रेन में युद्ध का अंत हो जाएगा। ट्रंप ने शनिवार को नाटो देशों को एक लेटर भी जारी किया, जिसमें उनसे रूसी तेल खरीदना बंद करने और रूस पर भी और कड़े प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया गया।

ट्रंप का यह पत्र उनकी पहले की धमकियों के बाद आया है, जिसमें उन्होंने यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने की दिशा में कोई प्रगति नहीं होने पर मॉस्को पर प्रतिबंध लगाने और उसके तेल खरीदने वाले देशों, जैसे कि शीर्ष खरीदार चीन और भारत, पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की धमकी दी थी। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ₹जब सभी नाटो देश सहमत हो जाएंगे और ऐसा करना शुरू कर देंगे, और जब सभी नाटो देश रूस से तेल खरीदना बंद कर देंगे, तो मैं रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं।" पिछले महीने, अमेरिकी राष्ट्रपति ने रूसी तेल के निरंतर आयात का हवाला देते हुए भारतीय वस्तुओं पर 25% अतिरिक्त शुल्क लगाया था, लेकिन चीन के खिलाफ ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की है।

ट्रंप ने सभी नाटो देशों को संबोधित करते हुए लिखे अपने लेटर में कहा, ₹मैं रूस पर बड़े प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हूं, सभी नाटो देश सहमत हो जाएं और ऐसा करना शुरू कर दें। सभी नाटो देश रूस से तेल खरीदना बंद कर दें। जैसा कि आप जानते हैं, डब्ल्यूआईएन के प्रति नाटो की प्रतिबद्धता 100 फीसदी से भी कम रही है, और कुछ लोगों द्वारा रूसी तेल की खरीद चौंकाने वाली रही है। यह रूस पर आपकी बातचीत की स्थिति और सौदेबाजी की शक्ति को बहुत कमजोर करता है। खैर, जब आप तैयार हों तो मैं आगे बढ़ने को तैयार हूं। बस बताइए कब? मेरा मानना है कि इसके साथ ही नाटो, एक समूह के रूप में, चीन पर 50% से 100% टैरिफ लगाए, जिसे रूस और यूक्रेन के साथ युद्ध समाप्त होने के बाद पूरी तरह से वापस ले लिया जाएगा।"

उन्होंने आगे लिखा, "इस घातक, लेकिन हास्यास्पद युद्ध को समाप्त करने में भी बहुत मदद करेगा। उस पकड़ को तोड़ देगा। यह ट्रंप का युद्ध नहीं है (अगर मैं राष्ट्रपति होता तो यह कभी शुरू ही नहीं होता!), यह बाइडन और जेलेंस्की का युद्ध है। मैं यहां सिर्फ इसे रोकने और हजारों रूसी और यूक्रेनी लोगों की जान बचाने के लिए हूं (पिछले हफ्ते अकेले 7,118 जानें गईं। पागलपन है!)। अगर नाटो मेरी बात मान ले, तो युद्ध जल्दी खत्म हो जाएगा और उन सभी की जान बच जाएगी। अगर नहीं, तो आप बस मेरा समय, और अमेरिका का समय, ऊर्जा और पैसा बर्बाद कर रहे हैं। इस मामले पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद- डोनाल्ड जे. ट्रंप, अमेरिका के राष्ट्रपति।"

## दिल्ली के दो अस्पतालों को उड़ाने की धमकी

### ताज पैलेस होटल को भी ईमेल से मिली थी धमकी

**विश्ववार्ता ब्यूरो**




**नयी दिल्ली।** दिल्ली के दो प्रमुख अस्पतालों में शनिवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जिसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम वहां पर सर्चिंग कर रही है। इनमें से पहली धमकी दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका स्थित मैक्स अस्पताल को मिली, जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा शाम 5 बजकर 47 मिनट पर इस बारे में फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जबकि बम की दूसरी धमकी शालीमार बाग स्थित मैक्स अस्पताल को दी गई।

धमकियां कब दी गईं, इसका सटीक समय अभी तक स्पष्ट नहीं है। दोनों मामलों में सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं और बेहद सावधानी के साथ अस्पताल में बम की तलाश शुरू कर दी।

इस बारे में मैक्स अस्पताल की तरफ से भी एक बयान जारी करते हुए स्थिति के बारे में बताया गया। इस दौरान अस्पताल प्रवक्ता ने कहा 'आज सुबह, मैक्स अस्पताल के कॉल सेंटर पर एक अज्ञात बम धमकी प्राप्त हुई थी। जिसके बाद आपातकालीन प्रक्रियाओं के अनुसार तुरंत अधिकारियों को सूचित कर दिया गया और बेहद सावधानी के साथ हमारे परिसर की तलाशी ली गई। हालांकि अब तक कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।' प्रवक्ता ने आगे कहा, 'हमारे मरीजों, स्टाफ और आगंतुकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं।'

इससे पहले शनिवार को दिन में शहर में स्थित ताज पैलेस होटल को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। हालांकि जांच के दौरान बम डिस्पोजल स्क्वॉड को वहां किसी तरह की कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली थी, जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने उसे झूठा घोषित कर दिया था। साथ ही मामले की जांच करते हुए ईमेल भेजने वाले शख्स की तलाश शुरू कर दी थी।

एक दिन पहले शुक्रवार सुबह दिल्ली उच्च न्यायालय परिसर में कई बम होने की चेतावनी वाले एक ईमेल के बाद अफरा-तफरी मच गई थी। जिसके बाद हाई कोर्ट परिसर को खाली कराते हुए व्यापक सर्च अभियान चलाया गया था। हालांकि, बाद में पुलिस ने इस धमकी को झूठा बताया था। यह धमकी भरा मेल शुक्रवार सुबह 8.39 बजे एक आउटलुक अकाउंट से भेजा गया था और न्यायालय कर्मचारियों को संबोधित था। इसमें दावा किया गया था कि परिसर में तीन आईईडी लगाए गए हैं।

## पीएम व उनकी मां से जुड़े एआई वीडियो केस में रपट

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां हीराबेन मोदी की छवि बिगाड़ने के आरोप में दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस पार्टी के नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने यह एक्शन बिहार कांग्रेस के आधिकारिक एक्स हैंडल पर शेयर किए गए पीएम व उनकी मां से जुड़े आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बने डीपफेक वीडियो को लेकर लिया। यह वीडियो 10 सितंबर को शाम 6.12 बजे पोस्ट किया गया था। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली चुनाव सेल के संयोजक संकेत गुप्ता ने पुलिस के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि यह वीडियो न केवल प्रधानमंत्री की व्यक्तिगत और संस्थागत प्रतिष्ठा पर हमला है बल्कि महिलाओं की गरिमा और मातृत्व की पवित्रता पर भी गंभीर चोट है। शिकायतकर्ता ने इसे भारतीय लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों पर सीधा हमला बताया। जिसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीर मानते हुए 13 सितंबर को नॉर्थ एवेन्यू थाने में एफआईआर संख्या 0050 दर्ज की। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 18(2), 336(3), 336(4), 340(2), 352, 356(2) और 61(2) के तहत एफआईआर दर्ज की। इन धाराओं में मानहानि, फर्जी इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड तैयार करना, अफवाह फैलाना, महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुँचाना और सार्वजनिक अव्यवस्था फैलाने जैसे अपराध शामिल हैं। अपनी शिकायत में भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस द्वारा जारी यह डीपफेक वीडियो न केवल जनता को गुमराह करने का प्रयास है बल्कि यह समाज में भ्रम, नफरत और अशांति फैलाने की सुनियोजित कोशिश है।

## स्वर्ण वैदेही और सबौर मखाना-1 बीजों से बढ़ेगा उत्पादन

### बढ़ेगी किसानों की आय, सरकार दे रही है मखाना के उन्नत बीज

**संजय सिंह**



पटना। बिहार सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में सरकार मखाना किसानों को उन्नत बीज स्वर्ण वैदेही और सबौर मखाना-1 उपलब्ध कराने जा रही है। इन उन्नत बीजों से बिहार में और भी मखाना का उत्पादन तेजी से बढ़ेगा। सरकार की इस पहल से वैश्विक स्तर पर बढ़ रही मखाने की मांग को पूरा कर बिहार के किसान आर्थिक मुनाफा कमा सकते हैं।

बिहार सरकार ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत मखाना अवयवों की योजना को 2025-27 के लिए स्वीकृति दी है। इस योजना के तहत किसानों से उन्नत किस्म के बीजों स्वर्ण वैदेही और सबौर मखाना-1 की खेती कराई जाएगी। साथ ही डीबीटी पंजीकृत नए किसानों को 75 फीसदी का अनुदान दिया जा रहा है, जिसमें बीज इनपुट और हार्वेस्टिंग की लागत शामिल है। मखाना की खेती की इकाई लागत 0.97 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर है, इसमें किसानों को 75 प्रतिशत यानी 72,750 रुपये प्रति हेक्टेयर की दर से दो किस्तों में अनुदान मिलेगा।

सरकार महिला सहभागिता पर भी विशेष ध्यान दे रही है। इस योजना से लाभान्वित किसानों में 30 प्रतिशत महिला कृषकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी बल्कि महिला कृषकों की सक्रिय भागीदारी और सभी वर्गों की संतुलित हिस्सेदारी सुनिश्चित होगी।

मखाना विकास की यह योजना बिहार के 16 जिलों के लिए है। जिसमें कटिहार, पूर्णियां, दरभंगा, मधुबनी, किशनगंज, सुपौल, अररिया, मधेपुरा, सहरसा, खगड़िया, समस्तीपुर, भागलपुर, सीतामढ़ी, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण एवं मुजफ्फरपुर शामिल है।

# गिरिराज के बयानों से टूटा नीतीश के सेक्युलरिज्म का तिलिस्म

## हार्डकोर बयानों से मुस्लिमों ने जदयू से पल्ला झाड़ा, भारी हो सकता है इंडिया गठबंधन का पाला

**विश्ववार्ता ब्यूरो**



**पटना।** बीजेपी के फायर ब्रांड लीडर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह अक्सर हिंदुत्व को उभारने वाले ऐसे वक्तव्य दे देतें है जो राजनीति में सेक्युलरिज्म की राह पर चलने वाले की राह में रोड़ा बोने का काम करता है। अक्सर बीजेपी के हार्ड कोर बयान से जहां राजद को फायदा हो जाता है तो वहीं सेक्युलर नेता राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को नुकसान हो जाता है। इसे समझना हो तो जेडीयू के मुस्लिम विधायकों की लगातार घटती संख्या से समझा जा सकता है। स्थिति यह है कि यही स्थिति रही तो इस बार बिहार विधान सभा चुनाव में ज्यादातर मुस्लिम वोट इंडिया गठबंधन के पाले में जा सकते हैं। आइए देखते हैं वर्ष 2005 से वर्ष 2020 तक के विधासनसभा चुनाव में जेडीयू के घटते मुस्लिम विधायकों के बारे में।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के बोल एक बार फिर सेक्युलरिज्म राजनीति करने वालों के लिए बिगड़ गए। बेगूसराय में एक सार्वजनिक मंच से उन्होंने कहा कि अगली बार बीजेपी की सरकार बनने पर बिहार से एक-एक बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए को बाहर निकाल दिया जाएगा। विपक्षी दलों पर भी तीखा हमला बोलते कहा कि "कांग्रेस और आरजेडी के लोग एसआईआर (सीआईआर/एनआरसी) का विरोध कर रहे हैं। वे ऐसा करके महज वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। लेकिन हम डंके की चोट पर कहते हैं कि देश और बिहार में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं होगी। फिर मुस्लिमों से एक अपील भी करते हैं कि आप मस्जिद जाइए, नमाज पढ़िए। हमें कोई आपत्ति नहीं। लेकिन अगर मस्जिदों से यह राजनीति होगी कि किसे वोट देना है और किसे नहीं, इसके लिए फतवे जारी होंगे, तो मंदिरों से भी घड़ी-घंटे की आवाज़ गूंजेगी।

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का यह कोई पहला बयान नहीं जो नीतीश कुमार की राजनीति को प्रभावित कर जाए। जिसे यहां के कानून पसंद नहीं वो पाकिस्तान चले जाएं। या फिर लालू यादव नमाज पढ़े न? इस तरह के बयान से सीएम नीतीश कुमार की राजनीति पर नकारात्मक प्रभाव तो पड़ा है। खास कर मुस्लिम मतों को लेकर। पिछले चार विधानसभा चुनाव का एक आकलन देखे...वर्ष 2005 विधानसभा चुनाव की बात करें तो जेडीयू की टिकट पर लड़ने वाले मुस्लिम प्रत्याशियों को भी पसंद किया जा रहा था। तब मुस्लिम प्रत्याशियों की जीत का औसत भी बेहतर भी था। कई विधायक बने। पुपरी से शाहिद अली खान, मुंगेर से मोनाजिर हसन, जोकीहाट से मंजर आलम, बलिया से जमशेद अशरफ को जीत मिली थी। यह दीगर बाद है कि बेलागंज, जहानाबाद और केसरिया विधानसभा से जदयू की प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2010 के विधानसभा चुनाव की बात करें तो जदयू के प्रत्याशी साहेबपुर कमाल, डुमरांव, कल्याणपुर, गौडा बौराम, जोकीहाट और शिवहर विधासनसभा से मुस्लिम प्रत्याशियों की जीत हुई। डुमरांव से दाउद अली, गौडा बौराम से इजहार अहमद, साहेबपुर कमाल से परवीन अमानुल्लाह, जोकीहाट से सरफराज अहमद, शिवहर से शर्फुद्दीन तथा कल्याणपुर से रजिया खातून को जीत मिली थी। 2015 विधानसभा चुनाव में जदयू के पांच अल्पसंख्यक प्रत्याशी जीते थे। वर्ष 2015 में जदयू ने राजद के साथ गठबंधन कर विधानसभा चुनाव लड़ा था।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह***, **उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com